वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT

2007-08

4165 (MIBC)
9-6-2010
नई दिल्ली NEW DELHI

मानकः पथप्रदर्शकः

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

सिंहावलोकन
OVERVIEW

भारतीय मानक ब्यूरो पूर्व भारतीय मानक संस्थान (आईएसआई) के कर्मचारियों, परिसम्पत्तियों, देयताओं और प्रकार्यों को लेते हुए एक व्यापक विषयक्षेत्र तथा अधिक अधिकारों सहित संसद के एक अधिनियम, दिनाँक 26 नवम्बर 1986 के माध्यम से दिनाँक 1 अप्रैल 1987 को अस्तित्व में आया। इस परिवर्तन के माध्यम से सरकार ने राष्ट्रीय मानकों के निर्धारण और कार्यान्वयन में गुणता संस्कृति और सचेतता तथा उपभोक्ताओं की अधिक भागीदारी का माहोल निर्मित करने की कल्पना की।

ब्यूरो के अध्यक्ष के रूप में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री इसके उपाध्यक्ष के रूप में तथा केन्द्रीय एवं राज्य, दोनों सरकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों, संसद, उद्योग, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों और व्यावसायिक निकायों के सदस्यों सहित एक निकाय कॉर्पोरेट है।

भा मा ब्यूरो की संरचना पिछले पृष्ठ के बाहरी आवरण पर दी गई है।

संगठनात्मक नेटवर्क

नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के साथ कोलकता (पूर्वी), चेन्नई (दक्षिणी), मुम्बई (पश्चिमी), चंडीगढ़ (उत्तरी) और दिल्ली (मध्य) में 5 क्षेत्रीय कार्यालयों तथा अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, भोपाल, कोयम्बटूर, फरीदाबाद, गाज़ियाबाद, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, नागपुर, परवानू, पटना, पुणे, राजकोट, तिरूवनन्तपुरम और विशाखापटनम स्थित शाखा कार्यालयों (पिछले कवर पृष्ठ के बाहरी भाग पर दिया गया है) के एक नेटवर्क सहित क्षेत्र की राज्य सरकारों, उद्योगों, तकनीकी संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों आदि के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य करता है।

गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो की गतिविधियाँ को मुख्य रूप से निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत रखा जा सकता हैं:

क) मानक निर्धारण

ख) प्रमाणनः उत्पाद/पद्धतियाँ

ग) प्रयोगशाला सेवाएँ

घ) भारतीय मानकों/अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ड.) अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

Bureau of Indian Standards (BIS) came into existence, through an Act of Parliament dated 26 November 1986, on 1 April 1987, with a broadened scope and more powers taking over the staff, assets, liabilities and functions of erstwhile Indian Standards Institution (ISI). Through this change over, the Government envisaged building a climate for quality culture and consciousness and greater participation of consumers in formulation and implementation of National Standards.

The Bureau is a Body Corporate consisting of 25 members representing both Central and State governments, Members of Parliament, industry, scientific and research institutions, consumer organizations and professional bodies with Union Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its President and with Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its Vice-President.

The structure of BIS is given on the front cover of the backpage.

Organizational Net Work

With BIS Headquarters at New Delhi, a network of 5 Regional Offices (ROs) at Kolkata (Eastern), Chennai (Southern), Mumbai (Western), Chandigarh (Northern) and Delhi (Central) and Branch Offices (BOs) at Ahmedabad, Bangalore, Bhubaneshwar, Bhopal, Coimbatore, Faridabad, Ghaziabad, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Lucknow, Nagpur, Parwanoo, Patna, Pune, Rajkot, Thiruvananthapuram and Vishakhapatnam (depicted on the back cover page) serve as effective links between State Governments, industries, technical institutions, consumer organizations, etc of the region.

Activities

The activities of BIS can be broadly grouped under the following heads:

a) Standards Formulation

b) Certification : Product/Systems

c) Laboratory Services

d) Sales of Indian Standards/ other publications

e) International Activities

च) उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ

छ) प्रवर्तन गतिविधियाँ

ज) प्रशिक्षण सेवाएँ

झ) सूचना सेवाएँ

ञ) वित्तीय, संसाधन–उगाही और उपयोगिता आदि

भारतीय मानक ब्यूरो ने इस बदलते समग्र वैश्विक परिदृश्य में प्रतिबल और गतिशीलता बनाए रखी है तथा वर्ष 2007–08 के दौरान चहुँमुखी प्रगति की है। ब्यूरो में 16460.57 लाख रु. की कुल आय दर्ज़ की गई और पिछले वर्ष की आय में 13.27 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई जो कि 14532.27 लाख रु. थी। लगातार उन्नीसवें वर्ष भी भा मा ब्यूरो ने अपने व्यय और देयताएँ अपने संसाधनों से पूरी की।

वर्ष 2007–08 के दौरान कुछ प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

- व्यापक विषयों पर 321 राष्ट्रीय मानकों का निर्धारण किया गया है। सार्वजनिक हित के कुछ महत्वपूर्ण मानक विशिष्टियाँ है लाइफ जैकेट, स्वास्थ्य सुरक्षा सुविधाओं की विशेष अपेक्षाएँ, परम्परागत मशीनी उपकरणों के बिना लिफ्टों की संस्थापना तथा रख–रखाव रीति संहिता, पालिश हीरों की ग्रेडिंग–परीक्षण पद्धति, खाद्य सुरक्षा प्रबंधन पद्धति को ऑडिट एवं प्रमाणन प्रदान करने वाले निकायों की अपेक्षाएँ, अग्नि प्रतिरोधी फाइलिंग कैबीनेट, प्रशीतन संघनित इकाईयों की अपेक्षाएँ, कंक्रीट प्रबलन के लिए विरूपित इस्पात छड़ें तथा तारें, वस्त्रादि–उपभोक्ता वस्त्रों की लेबलिंग और मुहरांकन की अपेक्षाएँ–विशिष्ट, 10 प्रतिशत एथलॉन मिश्रण, सुरक्षा से जुड़े मानक जैसे विद्युतचुम्बकीय सक्षमता तथा सूचना प्रौद्योगिकी सामग्री, गुणता प्रबंध पद्धति–सार्वजनिक सेवा संगठनों द्वारा सेवा के दिशा–निर्देश तथा कार्यस्थल पर संगठनों का उत्तरदायित्व–अपेक्षाएँ। 1 मार्च 2008 तक कुल 18424 मानक लागू है।

- अब तक 4495 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किया गया है। मौजूद आईएसओ/आईईसी मानकों को ध्यान में रखते हुए लगभग 78 प्रतिशत मानकों का सुमेलित किया गया है।

- वर्ष के दौरान 2436 उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए। 31 मार्च, 2008 तक कुल 20025 लाइसेंस (हालमार्किंग को छोड़कर) प्रचालन में थे।

- वर्ष के दौरान पहली बार 11 उत्पादों को प्रमाणन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया। ये उत्पाद हैं पैथालोजिकल कार्यों के लिए कांच की नलियाँ; क्विनअलफॉस 5 प्रतिशत दाने; पॉलिएस्टर स्ट्रेपिंग; प्रेटीएक्लर ईसी 50 प्रतिशत; आंशिक मलाई रहित दूध पॉउडर; उपभोक्ता सामान के सिंथेटिक हुक तथा लूप

f) Consumer Related Activities

g) Promotional Activities

h) Training Services

i) Information Services

j) Financial, Resources – Mobilization and Utilization etc

Bureau of Indian Standards has maintained the thrust and dynamism in the changing global scenario and exhibited an all round progress during the year 2007-08. It recorded a total income (excluding interest) of Rs 16460.57 lakhs and a growth of over 13.27 percent over the income in the previous year which was Rs. 14532.27 lakhs. For the nineteenth consecutive year, BIS continued to be self reliant in meeting its expenditure and other liabilities.

The highlights of achievements during 2007-08 are:

- Formulation of 321 National Standards covering wide range of subjects. Some important standards of public interest are on specification for Life Jackets, Particular requirements for Health Care facilities, Installation and maintenance of Lifts without conventional machine rooms – Code of Practice, Grading of Polished Diamonds – Test Methods, Food Safety Management Systems – Requirements for bodies providing audit and certification of Food Safety Management Systems, Fire resisting (Insulating) filing cabinets, Requirements for refrigerants condensing units, High strength deformed steel bars and wires for concrete reinforcement, Textile – Requirement for labelling and marking of consumer textiles – Specification, Motor gasoline with 10 percent Ethanol blending, a set of standards for safety from Electro-magnetic compatibility (EMC) of electronic and IT goods, Quality Management Systems – Guidelines for service quality by Public Service Organizations and Organizational accountability at the workplace – Requirements. The total numbers of standards in force were 18424 as on 31 March 2008.

- 4 495 Indian standards have been harmonized with International Standards so far. Considering number of standards where corresponding ISO/IEC Standards exist, about 78 percent standards are harmonized.

- 2 436 Product Certification licences have been granted during the period under consideration. The total number of operative licences as on 31 March 2008 were 20025 (excluding Hallmarking).

- During the year 11 new products were covered for the first time under the product certification scheme. These products are Glass tube for pathological works; Quinalphos 5 percent Granules; Polyester strapping; Pretilachlor EC 50 percent; Partially skimmed milk powder; Fasteners for consumer

टेप के बंधक; अनुवर्ति प्रतिपादित पूरक खाद्य; क्रॉसलिंक ऊष्मारौधी थर्मोप्लास्टिक अवरित तारें; विशेष प्रकार की कुंडलन तारें; पेविंग के लिए पूर्वढलित ब्लॉक।

- 31 मार्च, 2008 तक स्वर्ण आभूषणों की हॉलमार्किंग लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 5403 हो गई जबकि 31 मार्च, 2007 तक यह संख्या 3466 थी। जबकि चाँदी के आभूषणों / शिल्पकारी हॉलमार्किंग के लिए रजत लाइसेंसों की संख्या 31 मार्च, 2008 को बढ़कर 405 हो गई जबकि 31 मार्च, 2007 तक यह संख्या 242 थी। दक्षिण क्षेत्रीय प्रयोगशाला, चेन्नई को स्वर्ण मूल्यांकन के लिए निर्देशित प्रयोगशाला के रूप में विकसित किया गया।
- 73 गुणता प्रबंध पद्धति लाइसेंस, 16 पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस तथा 6 व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए।
- भा मा ब्यूरो की मानक मुहर का दुरूपयोग करने वाली फर्मों पर 125 छापे मारे गए और आईएसआई मुहर दुरूपयोग के 18 मामलों का निर्णय भा मा ब्यूरो के पक्ष में हुआ।
- भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या 25321 रही।
- सत्र के लिए 2007–08 अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन परिषद के सदस्य के रूप में भा मा ब्यूरो ने अपने दायित्व का निर्वाह किया। आईएसओ परिषद्, आईएसओ का उच्चतम शासी निकाय है। भा मा ब्यूरो के महानिदेशक को 2009 तक के सत्र के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्र के संपर्क क्षेत्र अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।
- विकासशील देशों को मानकीकरण और गुणता आश्वासन पर चालीसवें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन और विकासशील देशों के लिए प्रबंध पद्धतियों पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
- अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन स्थापना को मनाने के लिए 14 अक्तूबर, 2007 को विश्व मानक दिवस का आयोजन। 2007 का **"विषय मानक एवं नागरिक - समाज के प्रति योगदान"** था।
- दिनांक 12 से 16 नवम्बर, 2007 के दौरान "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" मनाया। गया
- 1 से 15 सितम्बर, 2007 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया जिसमें हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक 31 मार्च 2007 को भा मा ब्यूरो में लगभग 1760 व्यक्ति कार्यरत थे।

(महानिदेशक)

goods synthetic hook and loop tape; Follow-up formulae complimentary food; Crosslinked polyethylene insulated thermoplastic sheathed cables; Particular types of winding wires; Precast concrete blocks for paving.

- The number of licences for Hallmarking of gold jewellery has grown from 3466 on 31 March 2007 to 5403 as on 31 March 2008. While, the number of silver licences for Hallmarking of silver jewellery / artefacts has grown from 242 on 31 March 2007 to 405 as on 31 March 2008. Southern Regional Laboratory, Chennai has been developed as a referral Laboratory for gold assaying.
- 73 Quality Management System certification licences, 16 Environmental Management Systems certification licences and 6 Occupational Health and Safety Management Systems certification licences were granted.
- 125 enforcement raids were carried out all over India on firms misusing the BIS Standard Mark and 18 misuse cases of ISI mark have been decided in favour of BIS.
- Number of Test Reports issued by BIS Laboratories was 25321.
- Fulfillment of obligations by BIS as a member of International Organization for Standardization (ISO) Council for the 2007-08 term. ISO Council is the highest governing body of ISO. DG, BIS was appointed as Regional Liaison Officer for South Asian region till the term 2009.
- Holding of the fortieth International Training Programme on Standardization and Quality Assurance for developing countries, and the fourth International Training Programme on Management Systems for developing countries.
- Celebration of World Standards Day on 14 October 2007 to commemorate the establishment of the International Organization for Standardization (ISO). The theme for 2007 was **"Standards and the Citizen: Contributing to Society"**.
- Observance of the 'Vigilance Awareness Week' 12th to 16th November 2007.
- Celebration of Hindi Pakhwara during 1st to 15th September 2007 where a lot of different competitions in Hindi were organized.
- As on 31 March 2008, a total of 1760 persons were on roll in BIS.

(Director General)

नीतिगत कार्यप्रणालियाँ और आयोजना

भारतीय मानक ब्यूरो वर्ष 1947 से भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में देश में मानकीकरण अभियान का प्रवर्तन और पोषण करने के लिए सफलतापूर्वक कार्य करता रहा है। भा मा ब्यूरो ने अपने प्रचालन को और अधिक उन्नत बनाने के लिए सेवाओं की दक्षता बढ़ाने की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं।

नई नीतियों/निर्देशक तत्वों के कार्यान्वयन में भा मा ब्यूरो को सलाह देने के लिए वर्ष के दौरान कार्यकारिणी समिति की छः बैठकें की गईं, जबकि वर्ष के दौरान वित्तीय समिति की दो बैठकें हुईं।

वर्ष के दौरान निम्नलिखित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहलें की गईं:

1. उत्पाद प्रमाण के अन्तर्गत निरीक्षणों एवं प्रर्वतन गतिविधियाँ की आउटसोर्सिंग जारी रखना।
2. भारत–अमरीका मानक पोर्टल बनाने के लिए 20 सितम्बर, 2007 को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और अमरीकी राष्ट्रीय मानक संस्थान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
3. ग्यारवीं योजना (2007-12) के अंतर्गत उपभोक्ता मामले विभाग, खाद्य उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से **"शैक्षणिक संस्थानों में मानव संसाधन एवं क्षमता निर्माण"** के नाम से एक केन्द्र प्रायोजित योजना चलाने का दायित्व भा मा ब्यूरो को सौंपा गया है जिसके लिए 7.00 करोड़ रु. की राशि की स्वीकृति दी गई है। आरंभ हो चुकी इस परियोजना के लिए 2007–08 में 50 लाख रु. की राशि प्राप्त हुई है।
4. भारतीय मानकों की ई–बिक्री की तैयारी।

मानक

मानक निर्धारण

मानकों के निर्धारण के लिए भा मा ब्यूरो क्रमानुसार विभाग परिषदों द्वारा गठित अनुभागीय समितियाँ विषय/विषयों के विशिष्ट समूहों पर कार्य करने के लिए अनुभागीय समितियों द्वारा गठित उपसमितियों और मानक निर्धारण की दिशा में एक केंद्रित मद के लिए गठित पैनलों के संदर्भ में एक सहयोगात्मक प्रक्रिया के माध्यम से कार्य करता है। अनुभागीय समितियों, उपसमितियों और पैनलों में उद्योग, सरकार, अनुसंधान और विकास संगठनों, उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि तथा वैयक्तिक विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

किसी केंद्रीय सरकार के मंत्रालय, राज्य सरकार, संघ शासित क्षेत्र प्रशासन, उपभोक्ता संगठन, औद्योगिक इकाई आदि द्वारा भारतीय मानक(कों) के निर्धारण का प्रस्ताव दिया जा सकता है। विभाग परिषद द्वारा अनुमोदन हो जाने पर प्रस्ताव को भारतीय मानकों के निर्धारण के लिए एक उपयुक्त विषय समिति को अग्रेषित किया जाता है।

अलग–अलग क्षेत्रों से संबंधित 14 तकनीकी विभाग परिषदों द्वारा मानक तैयार किए जाते हैं। वर्ष के दौरान मानक निर्धारण गतिविधि का

POLICY STRATEGIES AND PLANNING

The Bureau of Indian Standards (BIS) as the National Standards Body of India has been successfully promoting and nurturing the standardization movement in the country since 1947. BIS has initiated several steps towards enhancing the efficiency of its operations and upgrading of services.

The Executive Committee had six meetings during the year to advise BIS in implementation of new policy/directives while the Financial Committee met two times during the year.

The important initiatives were taken in the following areas during the year:

1. Continuation of outsourcing of inspections under Product certification and Enforcement activities.
2. An MoU with Confederation of Indian Industry (CII) and the American National Standards Institute (ANSI) on establishment of India-US Standards Portal was signed on 20 December 2007 at New Delhi.
3. Under the eleventh plan(2007-12), BIS has been assigned to carry out the centrally sponsored scheme viz. **"HRD & Capacity Building in educational institutions"** on behalf of the Department of Consumer Affairs, Ministry of Food, Consumer Affairs and Public Distribution, Government of India wherein an amount of Rs. 7.00 crores has been approved for the entire plan period. An amount of Rs. 50 lakhs has been received for this project in 2007-08, which has been initiated.
4. Preparing for e-sale of Indian standards.

STANDARDS

STANDARDS FORMULATION

For formulation of standards, BIS functions through the Committee mechanism in terms of Sectional Committees, Subcommittees and Panels set up for dealing with specific group of subjects under respective Division Councils. The Sectional Committees, Subcommittees and Panels comprise of representatives from the industry, government, research and development organizations, consumer organizations and individual experts.

A proposal for formulation of Indian Standard(s) can be submitted by any stakeholder including Ministries of the Central Government, State Governments, Union Territory Administrations, Individual Consumer or Consumer Organizations, Industrial Units etc. The proposal when approved by the concerned Division Council is forwarded to an appropriate Sectional Committee for formulation of Indian Standard(s).

Standards are made by 14 Technical Division Councils pertaining to specific fields. To take stock of standards

जायज़ा लेने के लिए खाद्य एवं कृषि, पैट्रोलियम एवं कोयला संबंधी उत्पादों, सिविल इंजीनियरी, उत्पादन और सामान्य इंजीनियरी, चिकित्सा उपकरण और अस्पताल आयोजना, जल संसाधनों, परिवहन इंजीनियरी, धातु कर्म इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, वस्त्रोद्योग प्रबंध पद्धतियों और विद्युत–तकनीकी विभाग की बैठकें हुईं। 214 विषय समितियों की बैठक के साथ बड़ी संख्या में उपसमितियों पैनलों और कार्यकारी समूहों की बैठकों का भी आयोजन किया गया, जिनमें मानकों के मसौदों और तकनीकी दस्तावेज़ों पर विस्तार से विचार किया गया। भा मा ब्यूरो की नीति उभरती प्रौद्योगिकियों पर मानक निर्धारण करने और पुराने मानकों को वापस लेने की है।

वर्ष 2007–08 में भा मा ब्यूरो ने 321 मानकों (170 नए और 151 पुनरीक्षित) का निर्धारण किया जिससे 31 मार्च, 2008 तक लागू मानकों की संख्या 18424 हो गई (*देखें* आकृति 1)।



आकृति 1 प्रभावी मानक (31 मार्च के अनुसार)

***Fig.* 1 Standards in Force (as on 31 March)**

formulation activity, Division Councils of Civil Engineering, Electro-technical, Medical Equipment & Hospital Planning, Petroleum & Coal Related Products, Food and Agriculture, Mechanical Engineering, Production and General Engineering, Textile, Transport Engineering and Water Resources departments met during the year. The meetings of 214 Sectional Committees, in addition to large number of Sub-committees and Panels were also held to consider draft standards and related technical documents in detail. It is the policy of BIS to formulate standards on emerging technologies and withdraw obsolete standards.

During 2007-08, BIS formulated 321 (170 new and 151 revised) standards, bringing the total number of standards in force to 18424 as on 31 March 2008 (*see* Fig. 1).

महत्वपूर्ण मानक

वर्ष के दौरान कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर नए निर्धारित अथवा पुनरीक्षित मानक निम्नानुसार है :

आईएस 1786 कंक्रीट प्रबलन के लिए उच्च क्षमता की विरूपित इस्पात की छड़ें और तारें–विशिष्टि (*चौथा पुनरीक्षण*) – पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए उच्च दीर्घीकरण वाले उच्च क्षमता ग्रेड की मांग बढ़ने लगी है। इस पुनरीक्षण में उच्च क्षमता की विरूपित इस्पात की छड़ों और तारों को शामिल किया गया है तथा यह विनिर्माता पर छोड़ दिया गया है कि वह कार्यकारिता अपेक्षाएँ पूरी करने के लिए प्रक्रिया को अपनाएँ। इस पुनरीक्षणों में किए गए कुछ महत्वपूर्ण संशोधनों में यह शामिल है : नई क्षमता ग्रेड Fe 600 को शामिल करना; Fe 600 को छोड़कर प्रत्येक ग्रेड के लिए दीर्घीकरण पर आधारित दो श्रेणियाँ शामिल करना; **'अधिकतम बल पर कुल प्रतिशत दीर्घीकरण'** के नए मापदण्ड शामिल करना तथा अभिहित साइजों को युक्तिपूर्ण करना।

आईएस 800 : 2007 इस्पात से सामान्य निर्माण की रीति संहिता (*तीसरा पुनरीक्षण*) – यह भारतीय मानक आधारभूत मानक

Important Standards

Some of the important subjects on which new or revised standards were formulated during the year are listed below:

IS 1786 High Strength Deformed Steel Bars and Wires for Concrete Reinforcement – Specification (*fourth revision*) – In the past few years there has been increasing demand for higher strength grades with higher elongation for various applications. This revision incorporates the properties of high strength deformed steel bars and wires, and it is left to the manufacturer to adopt any process to satisfy the performance requirements. Some of the important modifications incorporated in this revision include: Introduction of new strength grade Fe 600; Introduction of two categories based on elongation for each grade except Fe 600; Introduction of a new parameter **'percentage total elongation at maximum force'** and Nominal sizes have been rationalized.

IS 800 : 2007 Code of Practice for General Construction in Steel (*third revision*) – This Indian Standard is the basic standard that provides guidelines

है जिसमें इस्पात में आधारगत डिजाईन के दिशा–निर्देश दिए गए हैं और अन्य विभिन्न प्रकार की विशेष संरचनाओं के डिजाईनों को संचालित करने वाली अन्य रीतियाँ तथा अनुशंसाओं पर इसका प्रभाव है। वर्तमान पुनरीक्षण का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि अब यह मानक सीमित दशा पद्धति के डिजाईन और भूकंप के भार का विस्तार, अग्नि प्रतिरोधिता, स्थायित्व तथा श्रांति पर नए खण्डों को शामिल किया गया है। पुनरीक्षित मानक में संरचनागत विश्लेषण संपीड़न एवं संयोजनों के संरचनागत डिजाईन, सामग्री, फैब्रिकेशन और उत्थापन इत्यादि जैसे पक्षों पर 17 खण्ड हैं। आईएस 800 : 2007 के कार्यान्वयन में इस्पात संरचनाओं की सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता को और बेहतर किया जा सकता है। यह मानक देश में इस्पात के युक्तिसंगत, आर्थिक और दक्षतापूर्ण उपयोग में बड़ा योगदान होगा।

आईएस 15797 : 2008 छत के माध्यम से वर्षा जल संचयन – छत के माध्यम से वर्षा जल का संचयन उन स्थानों पर पानी की उपलब्धता की समस्या का समाधान अथवा उसे हल कर सकता है जहाँ पर भूमिगत जल की आपूर्ति अपर्याप्त है और सतह के स्रोतो की कमी है अथवा अपर्याप्त है। इस पद्धति में घर और भवनों की छतों पर गिरने वाले वर्षा के पानी को पाइपों तथा जस्तीकृत लोहे अथवा पीवीसी के अर्ध–वृत्ताकार प्रणाली के द्वारा इक्कठा किया जाता है तथा इसे सीधे उपयोग अथवा भूमिजल के जलवाही स्तर को रिचार्ज करने के लिए उपयुक्त रूप से भूमि अथवा भूमि के नीचे बनाए गए टैकों में भण्डारित किया जाता है।

आईएस 15759 : 2007/आईएसओ 12179 : 2000 ज्यामितीय उत्पाद विशिष्टि सतह गठन–प्रोफाइल पद्धति सम्पर्क उपस्करों का अंशशोधन–यह मानक प्रोफाइल पद्धति द्वारा सतह गठन के मापन के लिए सम्पर्क उपस्करों की मापपद्धतियों के अभिलक्षणों के अंशशोधन के लिए है। यह अंशशोधन मापन मानकों की सहायता से किया जाता है। इस मानक में विभिन्न सम्पर्क उपस्करों के उपयोग की स्थितियां और अभिलक्षण दिए गए हैं। इसमें विभिन्न प्रोफाइल घटकों के उपस्करों के अंशशोधन की जानकारी भी दी गई है।

आईएस 15785 : 2007 परम्परागत मशीन कक्षों के बिना लिफ्टों का संस्थापन एवं रख–रखाव–इस मानक में मशीन कक्ष के बिना लिफ्टों के संस्थापन और सुरक्षापूर्ण कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया है। परम्परागत लिफ्टों के लिए अलग मशीन कक्षों और जहाँ कहीं आवश्यक हो विशेषकर घिरनी कक्षों की आवश्यकता होती है लेकिन आधुनिक प्रौद्योगिकी ने दर्शाना की मशीन और उसके कल–पुर्जो को कार पर वैल में या फिर कैबिनेट पर भी लगाया जा सकता है। वैल में इस तरह से मशीन को लगाया जाता है कि यह विभिन्न प्रकार के भारत और बल का सामना कर सकें। इस रीति में उचित संवातन के साथ उपस्करों के सरल और निरापद कार्यप्रणाली के आयामों की अनुशंसा दी गई है।

आईएस 15766 (भाग 1) : 2007 पॉलिश हीरो की ग्रेडिंग: भाग 1 वर्गीकरण–यह मानक पॉलिश हीरो के क्षेत्र में प्रयुक्त शब्दों के गलत अर्थ लगाने से पैदा होने वाली शंकाओं को दूर करने के लिए तैयार किया गया है। इस मानक में पॉलिश किए गए हीरो की ग्रेडिंग के लिए प्रयोग में आने वाली पारिभाषिक शब्दावली और वर्गीकरण को

for structural design in steel and has influence on many other codes and recommendations governing the design of various other types of special steel structures. The most significant aspect of the present revision is that the standard is now based on the Limit State Method of design, thereby reflecting the latest technological developments. New sections on design and detailing for earthquake loads, fire resistance, durability and fatigue have also been included. The revised standard consists of 17 sections covering aspects like structural analysis, structural design of members and connections, materials, fabrication and erection, etc. The implementation of IS 800 : 2007 is expected to improve the safety, reliability and efficiency of steel structures. The standard would also significantly contribute in rational, economic and efficient utilization of steel in the country.

IS 15797 : 2008 Guidelines for Roof Top Rain Water Harvesting – Roof top rain water collection is one of the solutions for solving or reducing the problem of water availability, where there is inadequate ground water supply and surface sources are either lacking or insignificant. In this system, rain water falling on roofs of houses and other buildings is collected through a system of pipes and semi-circular channels of galvanized iron or PVC and stored in tanks suitably located on the ground or underground for direct use or for recharging ground water aquifers.

IS 15759 : 2007/ISO 12179 : 2000 Geometrical Product Specifications (GPS) – Surface Texture: Profile Method – Calibration of Contact (Stylus) Instruments – This Indian Standard applies to the calibration of the metrological characteristics of contact (stylus) instrument for the measurement of surface texture by the profile method. The calibration is carried with the aid of measurement standards. This standard gives the condition of usage of different contact instruments and their characteristics. It also gives information on calibration of the instrument of different profile component.

IS 15785 : 2007 Installation and Maintenance of Lifts without Conventional Machine Rooms – Code of Practice – This standard details the installation and safe working of lifts without machine room. Conventional lifts require separate machine rooms and especial pulley rooms wherever needed. However, modern technology shows that machines and associated parts can be located in the well on the car or in cabinets. The machinery spaces inside the well are so constructed to withstand the various loads and forces. The Code recommends dimensions for easy and safe working on equipment with suitable ventilation.

IS 15766 (Part 1) : 2007 Grading of Polished Diamonds: Part 1 Classification – This standard has been developed to avoid ambiguity arising out of misinterpretation of terms used in the field of Polished Diamonds. It specifies the terminology and classification that shall be used for the grading and description of polished diamonds. The

निर्दिष्ट किया गया है। ग्रेडिंग और प्रमाणन के लिए पॉलिश हीरो को काटने का न्यूनतम साइज 0.47 कैरेट होना चाहिए तथापि हीरों की सामान्य रिपोर्ट में 0.20 और 0.47 के बीच का साइज दिया जाता है और 0.47 कैरेट में भार, रंग, स्पष्टता, आकार तथा माप निहित होता है। मानक में पॉलिश किए गए हीरो का उल्लेखित वर्गीकरण पूरी तरह अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है।

आईएस 15766 (भाग 2) : 2007 पॉलिश हीरो की ग्रेडिंग: भाग 2 परीक्षण पद्धतियाँ– इस मानक में डी (असाधारण सफेद) से जेड़ (रंजित) शृंखला में आने वाले प्राकृतिक अन्य आरोपित पॉलिश हीरो की ग्रेडिंग की पद्धतियाँ तथा प्राकृतिक रूप से रंगीन हीरो के रंग को छोड़कर ग्रेडिंग का मानदण्ड दिया गया है। इस ग्रेडिंग मानक में 4Cs अर्थात् रंग, स्पष्टता, कट और कैरेट के भार पर आधारित गुणता पक्ष दिए गए हैं। इस मानक में हीरों की परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक उपस्करों के लिए दिशा–निर्देश भी दिए गए हैं।

आईएस 15784 : 2007 स्वास्थ्य रक्षा सुविधाएँ – यह भारतीय मानक ठोस प्रबंधन पद्धति वाली स्वास्थ्य रक्षा सुविधाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तथा उपभोक्ताओं को मोटे तौर पर पारदर्शी तरीके से ऐसी गुणतापरक स्वास्थ्य सेवाएँ देने वाली चिकित्सा रीतियों के लिए निर्धारित किया गया है जिस पर उन्हें विश्वास हो। इस मानक में द्वितीयक और तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य रक्षा सुविधाओं, विशेषज्ञ और अति विशेषज्ञ अस्पतालों, को परिभाषित किया गया है। यह मानक देश में तेजी से बढ़ रहे ऐसे निम्न स्तरीय अस्पतालों और नर्सिंग होमों की वृद्धि को रोकने के लिए बनाया गया है जो आम उपभोक्ताओं के साथ खेल रहे हैं। इस मानक में सुविधाएँ पहुँचाने जैसे सेवाओं, आकलन करने और निरंतर देखभाल, मरीज के अधिकार और शिक्षा, रोगी देखभाल, मेडिकेशन प्रबंधन, अस्पताल संक्रमण को नियंत्रित करने, सतत गुणता सुधार तथा प्रबंधन के दायित्व इत्यादि पर जानकारी दी गई है।

आईएस 15802 : 2008 स्वचल वाहन– एम1 श्रेणी के वाहनों को छोड़कर 4 पहिया वाहनों के लिए विंडस्क्रीन साफ करने की प्रणाली – सुरक्षित ड्राइविंग के लिए साफ दृश्यता बहुत मायने रखती है। खराब मौसम में वाहन चालक के लिए साफ दृश्यता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है ताकि ड्राइविंग को सुरक्षित बनाया जा सके। इस मानक में कम से कम चार पहिए वाले सभी मोटर वाहनों की सामने की विंडस्क्रीन पोंछने वाली प्रणाली और M2, M3, N1, N2 और N3 श्रेणी के वाहनों की विंडस्क्रीन की अपेक्षाएँ दी गई हैं। इस पोंछने वाली प्रणाली में विंडस्क्रीन की बाहरी सतह को साफ करने वाले सभी उपस्कर और उसे चालू करने एवं रोकने के लिए उसके साथ जुड़े आवश्यक उपकरण और नियंत्रण होते हैं। इस मानक में आवश्यक विभिन्न परीक्षण उपकरणों, अनुपालन की जाने वाली परीक्षण पद्धतियों तथा विभिन्न अपेक्षाओं के स्वीकृति मापदंड विस्तार से दिए गए हैं। यह मानक वाईपिंग प्रणाली की पर्याप्त कार्यकारिता को सुनिश्चित करने और इसके द्वारा सुरक्षा को बढ़ाने में बहुत उपयोगी होगा। इस मानक को 'केन्द्रीय मोटर वाहन नियम' के अंतर्गत लाकर इसके अनुपालन को अनिवार्य किया जा सकता है।

minimum size of cut of polished diamond for grading and certification should be 0.47 cts. However simplified diamond report may be issued for sizes between 0.20 and 0.47 cts containing statement regarding weight, colour, clarity, shape and measurement. The classification of polished diamonds described in the standard is totally in line with international standards.

IS 15766 (Part 2) : 2007– Grading of Polished Diamonds: Part 2 – Test Methods – This standard specifies methods for the grading of natural unmounted polished diamonds within the D (exceptional white +) to z (tinted) series and the grading criteria, other than for the colour of naturally coloured diamonds. This grading standard covers the quality aspects based on the 4Cs that is colour, clarity, cut and carat weight. A list of instruments required for Gem Testing Laboratory is also given in the standard for guidance.

IS 15784 : 2007 Health Care Facilities – Particular Requirements – The Indian Standard was formulated to cater to the needs of Health Care Facilities for having sound management system and faith in medical ethics in providing quality health services to the consumer at large in a transparent manner. The standard defines the needs of secondary and tertiary level health care facilities, specialty and super-specialty hospitals. The standard was formulated keeping in mind to check the mushrooming growth of sub-standard hospitals and nursing homes coming up in the country, playing with the health of common consumer. This standard covers information on services such as access to facilities, assessment and continuity of care, patients rights and education, care of patients, management of medication, Hospital Infection Control, continuous quality improvement and responsibility of management etc.

IS 15802 : 2008 Automotive Vehicles – Windscreen Wiping System for 4 Wheelers Other than M1 Category of Vehicles – Requirements – For safe driving, clear visibility is of paramount importance. Wiping system is necessary to ensure a clear visibility for the driver on the road during inclement weather conditions so as to make the driving safe. This standard specifies requirements for front windscreen wiping system of all motor vehicles having minimum four wheels and having windscreen for M2, M3, N1, N2 and N3 category of vehicles. The wiping system consists of all apparatus for cleaning the exterior surface of windscreen glazing together with the necessary devices and controls to actuate and arrest the operations. This standard specifies in details various test equipments required, test procedures to be followed and acceptance criteria of various requirements. This standard shall be very useful to ensure adequate performance of the wiping system and thereby enhancing safety. The compliance of this standard is likely to be made mandatory by bringing it under 'The Central Motor Vehicles Rules'.

आईएस 6685 : 2008 लाइफ जैकेट – विशिष्टि (*पहला पुनरीक्षण*) – लाइफ जैकेट उन सभी लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है जिनका व्यवसाय अथवा मनोरंजन का साधन जल है। इस मानक में वयस्कों और बच्चों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली लाइफ जैकेटों की सामग्री की कार्यकारिता, सुरक्षा अपेक्षाएँ और परीक्षण दिए गए हैं। लाइफ जैकेटों की कार्यकारिता और परीक्षण पद्धतियाँ निर्दिष्ट करने के साथ–साथ पहनने में हल्की, चुस्त और सरल होने का भी ध्यान रखा गया है। इस मानक में *मर्चेंट शिपिंग एक्ट* 1958, आईएमओ संकल्प और एसओएलएएस नियम विनियमों के अंतर्गत आने वाली अपेक्षाओं को सम्मिलित किया गया है।

आईएस 16001 : 2007 कार्यस्थल पर संगठनात्मक उत्तरदायित्व – अपेक्षाएँ – यह प्रमाणनीय मानक हैं जिसमें कार्यस्थल पर अपने कार्यों और दायित्वों को प्रभावी तरीके से पूरा करने के संगठन के उत्तरदायित्वों के बारे में दिया गया है। इस मानक में 'संगठन' शब्द को व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रयुक्त किया गया है जिसका अभिप्राय केवल व्यापारिक संस्थान से न होकर किसी भी सरकारी, शैक्षिक, कल्याण ट्रस्ट अथवा समिति, सहकारी उपभोक्ता, गैर सरकारी संगठन और अन्य किसी भी प्रकार के संगठन से है जो अपने कार्य करने के लिए नियमित अथवा अनुबंध, भुगतान अथवा मानदेय के आधार पर कार्मिक रखता है। इस मानक में भारतीय स्थितियों के संदर्भ में तथा कार्यस्थल से जुड़े प्रमुख घटकों की पहचान की गई है और उन्हें शामिल किया गया है। इस मानक को कार्यान्वित करने से अच्छी रीतियाँ को प्रोत्साहन मिलेगा जो कि लागू राष्ट्रीय सांविधिक, नियंत्रक और कानूनी अपेक्षाओं के अनुपालन मात्र से भी आगे का काम करेंगी।

आईएस 15800 : 2007 गुणता प्रबंध पद्धति–लोक सेवा संगठनों द्वारा सेवा गुणता के दिशा-निर्देश– इस मानक में लोक सेवा संगठनों द्वारा आईएस 15700 के व्यवहार और कार्यान्वयन और अपेक्षाओं के दिशा–निर्देश दिए गए हैं। इस मानक में दी जाने वाली सेवाओं की प्रक्रियाओं के लिए गुणता प्रबंध पद्धति को स्थापित करने हेतु लोक सेवा संगठनों की सहायता करने के उद्देश्य से गुणता प्रबंध पद्धति की अपेक्षाओं को विस्तार से दिया गया है जिससे कि संगठन अपने उपभोक्ताओं को सभी प्रकार की सेवाएँ दे पाएं और सेवा प्रदान करने के वांछित उद्देश्यों को निरंतर प्रभावी एवं दक्ष तरीके से पूरा किया जा सके। इस मानक में गुणता प्रबंध पद्धति की अपेक्षाओं को सही तरह से प्रयोग में लाने संबंधी संकल्पना को स्पष्ट करने और इसे काम में लाने के लिए संगठन की सहायता करने हेतु उदाहरण दिए गए हैं लेकिन संगठन इसे अनिवार्य रूप से पूरे किए जाने वाले घटकों के तौर पर न लें। तथापि ये दिशा–निर्देश आईएस 15700 की अपेक्षाओं में कुछ जोड़ने, परिवर्तन या संशोधन करने वाले नहीं है।

आईएस 15798 : 2007 वस्त्रादि – उपभोक्ता वस्त्रादि की लेबलिंग और मुहरांकन की अपेक्षाएँ – विशिष्टि – आम उपभोक्ताओं के लिए विभिन्न रचनागत, कार्यकारिता और अंत प्रयोग अपेक्षाओं के लिए वस्त्रों की लेबलिंग और मुहरांकन बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसा विशेषकर उपयोगकर्त्ताओं

IS 6685 : 2008 Life Jackets – Specification (*first revision*) – Life jackets are used for providing a means of safety for all persons whose occupation or recreation is connected with water. This standard specifies the material performance, safety requirements and tests for life jackets for use by adults and children. While prescribing the performance and test requirements of life jackets, consideration has been given to lightness, compactness and simplicity in donning, without in any way affecting its purpose of saving life. This standard incorporates the requirements under the *Merchant Shipping Act*, 1958, IMO Resolutions and SOLAS rules regulations.

IS 16001 : 2007 Organizational Accountability at the Workplace – Requirements – This is a certifiable standard which deals with the accountability of an organization for effective discharge of its various functions and responsibilities at workplace. In this standard, the word 'organization' is used in a wider perspective, entailing not only a business establishment but any organization, be it Government, Academic, Charitable Trust or Society, Consumer, Co-operative, NGO and Associations of any other kind, which engages personnel for discharge of its duties on a regular or contractual, paid or honorary basis. In this standard, core elements, which are specific to Indian conditions and relate to the workplace, have been identified and included. The implementation of this standard would promote good practices at the workplace which go beyond mere compliance with the applicable national statutory, regulatory and legal requirements.

IS 15800 : 2007 Quality Management Systems – Guidelines for Service Quality by Public Service Organizations – This standard provides guidelines for understanding and implementing the requirements of IS 15700 by public service organizations. It provides elaboration on Quality Management Systems requirements as given in IS 15700 for helping the public service organizations in establishing a quality management system for the service delivery processes that are necessary to provide all services needed by its customers and achieving the desired objectives of service delivery in an effective and efficient manner, consistently. While the examples given in this standard are meant to clarify the concept regarding the correct use of Quality Management System requirements and help an organization in implementing the same, these should not be considered as essential elements to be fulfilled by the organization. These guidelines do not, however, add, change or modify the requirements of IS 15700.

IS 15798 : 2007 Textiles – Requirements for Labelling and Marking of Consumer Textiles – Specification – The labelling and marking of textiles for various constructional, performance and end use requirements is very important for the common consumers specially from

के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से और वास्तविक उपयोग तथा निबटान के दौरान बाद में होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए महत्त्वपूर्ण है। इससे उपभोक्ता वस्त्रों का अनुकूल उपयोग कर पाते हैं और उनके द्वारा दिए गए मूल्य की उन्हें सही कीमत मिलती है। वस्त्र उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्व के कई देशों में उपभोक्ता हितों और सस्ते एवं हानिकारक वस्त्रों की डम्पिंग और आयात को रोकने के लिए वस्त्रों की अनिवार्य अपेक्षाओं की लेबलिंग और मुहरांकन के लिए विनियम भी तैयार किए हैं। इसी संदर्भ में आईएस 15798 : 2007 प्रकाशित किया गया है ताकि उपभोक्ता हितों की रक्षा की जा सके। इस मानक में उपभोक्ता वस्त्रों की लेबलिंग एवं मुहरांकन के लिए भार, मिश्रण संयोजन, रंग तीव्रता, अग्नि प्रतिरोधिता, आयाम इत्यादि जैसी अपेक्षाएँ शामिल की गई है और यह सिले गए एवं बुने गए फैब्रिक तथा प्राकृतिक और मानव निर्मित तंतुओं से बने तैयार कपड़ों (अंदर और बाहर के) पर लागू हैं।

आईएस 14561 : 2007 अग्नि प्रतिरोधी (ऊष्मारोधी) फाइलिंग कैबिनेट– विशिष्टि – बैंकों, होटलों, कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानों इत्यादि जैसे विभिन्न प्रतिष्ठानों में नकदी, आभूषणों, महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों आदि की सुरक्षा में सुरक्षा उपकरणों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। सुरक्षा उपकरणों पर कई मानक बनाए गए है। ऊष्मारोधी फाइलिंग कैबिनेट पर बनाया गया यह मानक एक ऐसा ही मानक है। इस मानक में रख गए ऊष्मारोधी फाइलिंग कैबिनेट का इस्तेमाल आम तौर पर महत्त्वपूर्ण जानकारी और फाइलों की शक्ल में एकत्र किए गए रिकार्ड/दस्तावेजों को आग से बचाने के लिए किया जाता है। इन कैबिनेटों को चोरी और आग से अतिरिक्त बचाव के लिए स्ट्रांग रूम/पुस्तक कक्ष और यहाँ तक कि खुले हाल में भी रखा जा सकता है। इस मानक में सामग्री, साइज़ संबंधी अपेक्षाएँ और अग्नि प्रतिरोधी फाइलिंग कैबीनेट बनाने का विवरण निर्दिष्ट किया गया है जो फाइलों में रखे गए कागज़ों को ऊष्मा से बचाता है।

आईएस 15793 : 2007 पर्यावरण, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विधि अनुपालन प्रबंधन – रीति संहिताओं की अपेक्षाएँ – जैसा कि सदस्यों (उद्योग) योजना आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है यह मानक एक ऐसी प्रणाली तैयारी करने के उद्देश्य से बनाया गया है जिससे किसी बाहरी संगठन द्वारा संगठन का उन अच्छी रीतियों का सत्यापन करने के लिए ऑडिट किया जा सके जो पर्यावरण, आजीविका स्वास्थ्य और निरापदता संबंधी सभी लागू कानूनों का अनुपालन करने के लिए बनाई गई हैं। इस मानक में उन अच्छी रीतियों की अपेक्षाएँ दी गई हैं जो पर्यावरण, आजीविका स्वास्थ्य और निरापदता संबंधी कानूनी अपेक्षाओं के अनुपालन को दर्शाने के लिए संगठन को लागू करनी होती हैं। इस प्रकार की पद्धति से संगठन कानुनी अपेक्षाओं के प्रति अपनी कार्यकारिता और अनुरूपता दिखा सकते हैं। प्रमाणित करने वाले संगठन को संगठन द्वारा यथा ज्ञातव्य और प्रमाणन प्रक्रिया में आने वाले सभी कानूनों सूचीबद्ध करते हुए सारी जानकारी देनी चाहिए।

the point of health and safety of the users and for prevention of subsequent environmental pollution during actual use and disposal. This also facilitates consumers to make optimum use of the textile and get the full value of the price paid by them. Keeping in view the health and safety of the consumers of textiles, many countries of the world have brought out regulations for labelling and marking of essential requirements on textiles to provide consumer safeguard and at the same time prevent dumping and import of cheap and hazardous textiles. It is in this context, that IS 15798 : 2007 has been published to protect the interest of consumers. The standard covers requirements such as mass, blend composition, colour fastness, fire resistance, dimensions etc, for labelling and marking of consumer textiles and is applicable to woven and knitted fabrics and readymade garments (both inner and outer wears) made of natural as well as man made fibres.

IS 14561 : 2007 Fire Resisting (Insulating) Filing Cabinets – Specification – Security equipment play a vital role in the safety of cash, jewellery, important documents, etc, in various establishments such as banks, hotels, offices, commercial organizations, shops, etc. A number of standards had been formulated on security equipments. This standard on fire resisting (insulating) filing cabinet is one such standard. The insulating filing cabinets covered by this standard are generally used to protect the vital information and records/documents stored in the form of files from fire. These cabinets may be kept either in strong rooms/book rooms for added protection against theft and fire or may be kept in open hall. This standard lays down the requirements regarding materials, sizes and details of construction of fire resisting filing cabinets which insulates the paper media stored in files against fire.

IS 15793 : 2007 Managing Environment, Occupational Health and Safety Legal Compliance – Requirements of Good Practices – As recommended by the Member (Industry), Planning Commission, this standard has been prepared with the aim to develop a system for auditing an organization by an external organization to verify the good practices established for managing compliance for all applicable legislations related to environment, occupational health and safety. This standard specifies requirements for good practices that an organization needs to implement to demonstrate compliance with the legal requirements related to environment, occupational health and safety. A system of this kind enables an organization to demonstrate its performance and conformity to the legal requirements. Certifying organization should provide information listing all the legislations as identified by the organization and covered in the certification process.

आईएस 2796 : 2008 मोटर गैसोलाइन – विशिष्टि – इस मानक में स्फुलिंग प्रज्जवलन आंतरिक दहन इंजिन वाले वाहनों में ईंधन के रूप में प्रयुक्त होने वाले बीएस II और बीएस III के अनुरूप प्रत्येक बीएस II और बीएस III श्रेणी में आने वाले दो ग्रेड अनलीडिड मोटर गैसोलाइन के नमूने लेने तथा परीक्षण की अपेक्षाएँ और पद्धतियाँ दी गई हैं। इस मानक में एल्को और ईथर जैसे जैविक ऑक्सीजीनेट वाले गैसोलाइन मिश्रकों पर भी लागू होता है। 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रक मोटर गैसोलाइन (ई 10) की अपेक्षाओं को भी इस मानक में अलग से लिया गया है।

आईएस/आईएसओ 22003 : 2007 खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति – खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धतियों का ऑडिट और प्रमाणन देने वाले निकायों की अपेक्षाएँ – इस मानक में आईएसओ 22000 में दी गई अपेक्षाओं के अनुरूप (अथवा निर्दिष्ट एफएसएमएस अपेक्षाएँ के अन्य सेट) खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति के ऑडिट और प्रमाणन के लिए प्रभावी नियमों को परिभाषित किया गया है तथा उन तरीकों के बारे में जरूरी जानकारी और विश्वास दिया गया है जिनके द्वारा उनके सप्लायर प्रमाणन देते हैं। किसी संगठन का एफएसएमएस प्रमाणन संगठन को यह आश्वासन देने का एक तरीका है कि संगठन ने अपनी नीति के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रबंधन पद्धति को कार्यान्वित किया है। प्रमाणन क्रिया कलाप में संगठन के एफएसएमएस का ऑडिट किया जाता है। यह प्रमाणित किए जाने वाले संगठन पर है कि वह स्वयं की प्रबंधन पद्धति (आईएसओ 22000 एफएसएमएस, निर्दिष्ट एफएसएमएस अपेक्षाओं के अन्य सेट, गुणता प्रबंध पद्धति, पर्यावरण पद्धति अथवा आजीविका स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रबंध पद्धति सहित) विकसित करें और यह निर्णय करें कि इसके विभिन्न घटकों को कैसे व्यवस्थित किया जाए। विभिन्न प्रबंध पद्धतियों के घटकों के संयोजन का स्तर अलग–अलग संगठनों में भिन्न–भिन्न होगा। इसलिए प्रमाणन निकायों के लिए यह आवश्यक है कि वह संगठन की व्यापकता के भीतर एफएसएमएस को संघटित करने के संदर्भ में अपने ग्राहक की संस्कृति और रीतियों को ध्यान में रखें।

आईएस 14700 इलैक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सामान के ईएमसी अनुपालन द्वारा निरापदता के लिए भारतीय मानकों की श्रृंखला – विद्युतचुम्बकीय सक्षमता अवांछित विद्युतचुम्बकीय ऊर्जा की उत्पत्ति, प्रसार और ग्रहण हैं जो कि ऐसी ऊर्जा द्वारा प्रेरित अवांछनीय प्रभावों को पैदा करती है। ईएमसी का काम उन विभिन्न उपकरणों के समान विद्युतचुम्बकीय परिवेश में सही तरीके से कार्य कराना है जो कि विद्युतचुम्बकीय क्रिया का प्रयोग करते हैं और किसी प्रकार के व्यतिक्रमक प्रभावों को रोकना है जैसे कि हृदय रोगी में पेसमेकर ईएमसी और ऐसे ही व्यतिक्रमणों से रहित बिना काम करता है। व्यतिक्रमण अथवा शोर को न्यून करके और उत्सर्जन और संवेदनशीलता अथवा प्रतिरक्षा विषयों पर ध्यान देकर अर्थात व्यतिक्रमण के स्रोत को समाप्त करके, स्रोत और प्रभावित के बीच युग्मन मार्ग को कम प्रभावी करके तथा

IS 2796 : 2008 Motor Gasoline – Specification – This standard prescribes the requirements and methods of sampling and test for two grades of unleaded motor gasoline under each of BS II and BS III categories complying with BS II and BS III emission norms suitable for use as a fuel in the automobile spark- ignition internal combustion engines of vehicles. This standard also applies to blends of gasoline with organic oxygenates such as alcohols and ethers. Requirements for 10 percent Ethanol Blended Motor Gasoline (E 10) has been included separately in the standard.

IS/ISO 22003 : 2007– Food Safety Management Systems – Requirement for Bodies Providing Audit and Certification of Food Safety Management Systems – This standard defines the rules applicable for the audit and certification of a food safety management system (FSMS) complying with the requirements given in ISO 22000 (or other sets of specified FSMS requirements), and provides the necessary information and confidence to customers about the way certification of their suppliers has been granted. Certification of the FSMS of an organization is one means of providing assurance that the organization has implemented a system for the management of food safety in line with its policy. Certification activities involve the audit of an organization's FSMS. It is for the organization being certified to develop its own management systems (including ISO 22000 FSMS, other sets of specified FSMS requirements, quality management systems, environmental management systems or occupational health and safety management systems) and to decide how the various components of these will be arranged. The degree of integration between the various management system components will vary from organization to organization. It is therefore appropriate for certification bodies that they operate in accordance with this Technical Specification to take into account the culture and practices of their clients with respect to the integration of their FSMSs within the wider organization.

IS 14700 Series of Indian Standards for Safety by EMC Compliance of Electronics & IT Goods – Electromagnetic compatibility (EMC) is the unintentional generation, propagation and reception of electromagnetic energy with reference to the unwanted effects that such energy may induce. The goal of EMC is the correct operation, in the same electromagnetic environment, of different equipments which use electromagnetic phenomena, and the avoidance of any interference effects such as operation of pacemaker in a heart patient should work without interference from EMC field and so on. Interference, or noise, mitigation and hence electromagnetic compatibility is achieved by addressing both emission and susceptibility or immunity issues, that is quieting the sources of interference, making the coupling

प्रभावित करने वाले संभावित तंत्र को कमजोर बना कर विद्युतचुम्बकीय सक्षमता हासिल की जा सकती है। वर्तमान परिदृश्य में विद्युत एवं आईटी सामान के तेजी से बढ़ते हुए प्रयोग के साथ यह बहुत महत्वपूर्ण हो गया है कि इलैक्ट्रॉनिक तथा आईटी का सामान ईएमसी मानकों के अनुरूप हो ताकि आम उपभोक्ता की सुरक्षित किया जा सके। देश में इलेक्ट्रोनिक और आईटी के सामान के ईएमसी के अनुपालन को अनिवार्य करने और सुरक्षा के लिए सूचना एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कानून बनाने की दिशा में कार्यरत है। इसके लिए किए जाने वाले मानक भारतीय मानक व्यूरो द्वारा प्रकाशित भारतीय मानक होंगे। वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो इसकी शुरूआत कर चुका है और उसने ऐसे कई मानक प्रकाशित किए हैं जैसे कि रेडियत, रेडियो आवृति के लिए परीक्षण एवं मापन तकनीकें और ईएमसी क्षेत्र प्रतिरक्षा परीक्षण, विद्युत–स्थैतिक निस्सरण प्रतिरक्षा परीक्षण, स्पंद चुम्बकीय क्षेत्र प्रतिरक्षा परीक्षण, फ्लिकर मीटर इत्यादि।

मानकों की समीक्षा एवं अद्यतनीकरण

आवश्यक होने पर मानकों की समीक्षा की जाती है परंतु पाँच वर्षों में कम से कम एक बार समीक्षा अवश्य की जाती है। वर्ष के दौरान 3212 मानकों की समीक्षा की गई, 3051 मानकों की पुनः पुष्टि की गई। 116 मानकों का पुनरीक्षण किया गया और 32 मानक वापिस लिए गए। इसके साथ मानकों में 208 संशोधन प्रकाशित किए गए।

सुमेलीकरण

खुले बाज़ार के परिदृश्य में भारत वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा की चुनौती का सामना कर रहा है। वैश्विक बाज़ार में बने रहने का एकमात्र तरीका है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित आईएसओ/आईईसी मानकों को जहाँ तक संभव हो भारतीय मानकों के साथ सुमेलित किया जाए। भारत व्यापार पर तकनीकी बाधाओं पर डब्ल्यूटीओ करारनामे का हस्ताक्षरी है। इस करारनामे के अनुसार, डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों को अपने राष्ट्रीय मानक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित करने की आवश्यकता होती है। यद्यपि, देशों की विशिष्ट चिन्ता जैसे सुरक्षा, पर्यावरण संबंधी मुद्दों को राष्ट्रीय मानकों को निर्धारित करते समय विचार में लिया/शामिल किया जा सकता है। भा मा ब्यूरो में मानक निर्धारण के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों का उपयोग किया जाता है, जहाँ ये एक आधार के रूप में मौजूद हैं। अब तक भा मा ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ 4495 भारतीय मानकों को सुमेलित किया है। वर्तमान अनुवर्ती आईएस/आईईसी मानकों को देखते हुए लगभग 78 प्रतिशत मानक सुमेलित हैं।

मानकों के कार्यान्वयन के लिए संगोष्ठियाँ

भा मा ब्यूरो ने विभिन्न क्षेत्रों में संगोष्ठियों का आयोजन करके भारतीय मानकों के कार्यान्वयन को गति दी है। सभी तकनीकी प्रभागों ने ज्ञात क्षेत्रों में संगोष्ठियाँ आयोजित की जिसमें निर्माताओं, उपयोगकर्त्ताओं, सरकारी प्रतिष्ठानों जैसे स्टेकहॉल्डरों और अन्य लोगों ने भाग लिया। कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों

path between source and victim less efficient, and making the potential victim systems less vulnerable. In present scenario, with tremendously increasing use of electronics and IT goods, it is very crucial for electronics and IT goods to comply with EMC standards for the safety of common consumers. Ministry of Communication and IT in this direction is proposing to enact the legislation to make safety and EMC compliance of electronic and IT goods mandatory in the country. The applicable standards for this purpose would be Indian Standards published by Bureau of Indian Standards. BIS has already initiated and published a number of standards during this year on the subject such as test and measurement techniques for radiated radio frequency and EMC field immunity test, electro-static discharge immunity test, pulse magnetic field immunity test, flicker meter etc.

Review and Updating of Standards

Standards are reviewed as considered necessary, but at least once in five years. During the year 3212 standards were reviewed, 3051 standards were reaffirmed, 116 were taken up for revision and 32 were withdrawn. In addition, 208 amendments to standards were published.

Harmonization

In the market scenario, India is facing challenge of global competition. To sustain in the global markets it is important to harmonize Indian Standards, as far as possible, with International Organization for Standardization (ISO)/International Electrotechnical Commission (IEC) Standards formulated at International level. India is a signatory to WTO Agreement on Technical Barriers to Trade (TBT). As per the agreement, member countries of WTO are required to align their National Standards with International Standards. However, country specific concerns such as safety, environmental issues can be considered/ incorporated, while formulating National Standards. BIS uses International Standards, wherever they exist as a basis for the standards development. So far BIS has harmonized 4495 Indian Standards with International Standards. Considering number of standards where corresponding ISO/IEC Standards exist, about 78 percent standards are harmonized.

Seminars for Implementation of Standards

BIS has taken up a drive to intensify the implementation of Indian Standards through Seminars in different fields. All technical divisions organized Seminars in identified sectors where stakeholders such as manufacturers, users, R&D organizations, Government institutions and others participated. In all 33 Seminars/Workshops were conducted to disseminate information on standards

में उपलब्ध मानकों की जानकारी के प्रसार के उद्देश्य से 33 संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएँ आयोजित की। ये संगोष्ठियाँ अधिकांश रूप से उन औद्योगिक क्षेत्रों, शंकुलों में आयोजित की गई जहाँ प्रसारित की जाने वाली जानकारी से जुड़े उत्पादक विशेष अधिक थे। इन संगोष्ठियों के दौरान वर्तमान मानकों को बेहतर बनाने और नए मानकों के विषयों को जानने के लिए स्टेकहॉल्डरों के मत और सुझावों को भी ध्यान में रखा गया। निम्नलिखित विषयों पर संगोष्ठियाँ आयोजित की गई:

- राष्ट्रीय भवन कोड 2005 – 7 संगोष्ठियाँ
- साबुन एवं डिटर्जिंट
- अतिरिक्त एचवी स्विचगियरों के क्षेत्र में उभरते परिदृश्य
- ऊर्जा मीटरों की रीति संहिता
- विद्युत वायरिंग उपसाधन
- जन भूमिका–सूक्ष्य सिंचाई के त्वरित प्रोत्साहन में निजी भागीदार
- कीटनाशकों में नवीनतम प्रवृतियाँ एवं विकास
- जैविक–उर्वरक उत्पादन, गुणता नियंत्रण एवं प्रशिक्षण पद्धतियों पर दक्षिण क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) कार्यशाला (विदेश मंत्रालय के सहयोग से)
- आईटी मानकीकरण राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य
- आईटी क्षेत्र में मानकीकरण विषय पर भारतीय आईटी उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ आईएसओ के महासचिव श्री एलन ब्राइडन की संगोष्ठी एवं गोलमेज बैठक
- भारत तथा सुदूर–पूर्व में तेल एवं गैस उद्योग पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला
- सिलाई मशीनें
- अर्थमूविंग मशीनरी पर आईएसओ/टीसी 127 के साथ मानकीकरण पर कार्यशाला
- विकलांग एवं वरिष्ठ व्यक्तियों के लिए कृत्रिम अंग, पुनर्वास उपस्कर एवं उपकरण
- सामाजिक दायित्व
- राजीव गांधी गुणता पुरस्कार
- सिल्वर लीफ
- जादवपुर विश्वविद्यालय के साथ प्लास्टिक एवं स्थायित्व फोरम
- मानकीकरण–हस्त औजार उद्योगों के लिए बड़ा लाभ
- यांत्रिक संचरण युक्तियों में मानकीकरण गतिविधियाँ
- अंतर्देशीय, पोताश्रय, शिल्प और मछली पकड़ने वाले पोतों पर राष्ट्रीय मानकों द्वारा सुरक्षा एवं अनुकूलता
- स्वचल घटक एवं उपसाधन
- वस्त्रादि उद्योग में मानकीकरण एवं गुणता प्रबंधन

available in specific fields for increased implementation. These Seminars were mostly conducted in industrial estates, clusters where there is concentration of specific manufacturers about which the information was to be disseminated. During these seminars, opinions and suggestions of stakeholders were also taken for improvement in the existing standards and for identification of subjects for new standards. Seminars on the following subjects were conducted:

- National Building Code 2005 - 7 Nos.
- Soaps and Detergents
- Emerging trends in Extra HV Switchgears
- Code of practice for Energy Meters
- Electrical Wiring Accessories
- Role of Public-Private Partnership in accelerated promotion of micro-irrigation
- Recent trends and developments in Pesticides
- South Asia Association for Regional Co-operation (SAARC) Workshop on Bio-Fertilizer production, Quality Control and Test Methods (in collaboration with Ministry of External Affairs)
- IT Standardization – National and International Scenario
- Seminar-cum-Round Table meeting of ISO Secretary General, Mr. Alan Bryden with representatives of Indian IT Industry on the subject of Standardization in IT Sector
- International Workshop for the Oil & Gas Industry in India and the Far-East
- Sewing Machines
- Workshop on Standardization in Earthmoving Machinery with ISO/TC 127
- Artificial limbs, rehabilitation appliances and equipments for the disabled and elderly persons
- Social Responsibility
- Rajiv Gandhi National Quality Awards
- Silver Leaf
- Plastics & Sustainability Forum along with Jadavpur University
- Standardization – big benefit for hand tool industries
- Standardization activities in mechanical Transmission Devices
- Safety and Optimization through national standards on Inland, Harbour Craft and Fishing Vessels
- Automotive components and accessories
- Standardization and Quality management in textile industry

- भू–तकनीकी और निर्माण तकनीकी उपकरणों के लिए तकनीकी वस्त्रादि में नवीनतम विकास
- नदी अपरदन नियंत्रण और गैबिऑन / भूवस्त्रादि हेतु प्रौद्योगिकियाँ
- पर्यावरण पर प्रभाव का मूल्यांकन
- मानकीकरण के माध्यम से रक्षा, उद्योग और प्रौद्योगिकियों के संयोजन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रायोजित करना; परिवहन इंजीनियरी विभाग, वस्त्रादि विभाग और विद्युत तकनीकी विभाग द्वारा परिदृश्य, चिंताएँ और स्पिनऑफ विषय पर प्रस्तुतीकरण

कुछ महत्वपूर्ण संगोष्ठियों की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

चाँदी के वर्क पर संगोष्ठी

25 सितम्बर 2007 को भा मा ब्यूरो के सभागार, नई दिल्ली में चाँदी के वर्क पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बाजार में उपलब्ध चाँदी के वर्क की शुद्धता और हाथ तथा मशीन द्वारा तैयार वर्कों की प्राप्त किया जा सकने वाली वर्क का शुद्धता स्तर, अशुद्धियों की किस्म और सीमाएँ प्राप्त की जा सकने वाली मोटाई विषयों पर उपयोगी चर्चा हुई। इस संगोष्ठी में चाँदी के वर्क मानक आईएस 3110 में कच्ची सामग्री की अपेक्षाओं (999.9 चांदी शुद्धता का प्रयोग करके) को शामिल करने हेतु संगोष्ठी में बल दिया गया और हॉलमार्क लगी चाँदी को वरीयता देने पर विचार किया गया। मानकीकृत उत्पादन प्रक्रम के प्रयोग, अविनाशी और विनाशी विश्लेषण क्रमशः एक्सआरएफ (एक्सरे प्रतिदिप्ति स्पेक्ट्रम मापन) / एएएस (परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रम मापन) यांत्रिक विधियों, सूक्ष्म जैवीय परीक्षण तथा अन्य अपेक्षाएँ जैसे बदरंग होना, शैल्फलाइफ और लैड, आरसैनिक तथा भारी धातुओं (क्रोमियम, कैडमियम आदि सहित) को उपलब्ध वैज्ञानिक आँकड़ों के आधार पर मानक में निर्दिष्ट करने हेतु सिफारिशें की गईं।

सूचना प्रौद्योगिकी में मानकीकरण – राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर संगोष्ठी

12 अप्रैल 2007 को बंगलौर में होटल लीला पैलेस उपर्युक्त संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़े सरकारी, वाणिज्यक और शिक्षा क्षेत्र के प्रौद्योगिकी विकासकर्त्ताओं, उद्योगों के नेतृत्वकर्त्ताओं और वैज्ञानिक अनुसंधानकर्ताओं को एक मंच पर लाया

- Recent developments in technical textiles for geotech and buildtech appliances
- Technologies for River Erosion Control & use of Gabions/Geosynthetics.
- Environmental impact assessment
- Co-sponsored National Seminar on Synergizing Defence, Industries and Technologies through Standardization: Perspective, Concerns and Spin-off with presentations from Transport Engineering Department, Textiles Department and Electrotechnical Department.

Salient points of some important seminars conducted are as under:

Seminar on Silver Leaf

A Seminar on Silver Leaf was organized on 25 September 2007 in BIS Auditorium, New Delhi. There were useful deliberations on the purity of silver leaf available in the market and achievable purity levels, type and limits of impurities, achievable thickness with handmade and machine made processes. The seminar emphasized that raw material requirements (using 999.9 silver purity) should be incorporated in IS 3110, the standard on silver leaf and preference to hallmarked silver may be considered. The other recommendations were to include standardized manufacturing process, instrumental method such as XRF (X-Ray Fluorescence Spectroscopy) /AAS (Atomic Absorption Spectroscopy) for non-destructive and destructive analysis respectively, microbiological tests and other requirements such as discoloration, shelf life, limits of impurities such as lead, arsenic and heavy metals (including chromium, cadmium etc) to be prescribed in the standard based on scientific data available.

Seminar on Standardization in Information Technology – National and International Scenario

This seminar was held on 12 April 2007 in Hotel Leela Palace in Bangalore. This seminar brought together technology developers, industry leaders and scientific researchers, from government, commerce and academia in the field of IT and they were provided an

गया और मानकीकरण के सभी पहलुओं पर विचार के लिए खुला मंच प्रदान किया गया। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में मानकीकरण के प्रति जागरूकता पैदा करने में योगदान देना था और आदर्श रूप में कुछ समस्याओं के एक समान रूप से कार्यान्वित किए जाने वाले हल निकालना था। यह संगोष्ठी सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित बाजार प्रवृत्ति, मुद्दे और चुनौतियों पर केन्द्रित थी। इस संगोष्ठी में मानकों पर सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के साथ विचारों का आदान–प्रदान और समस्याओं के हल पर चर्चा की गई तथा सूचना प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मानकीकरण पर प्राथमिकता देने हेतु बल दिया गया।

open forum to consider all aspects of standardization. It aimed at contributing to awareness of IT standardization at national and international level, problems and issues surrounding standardization in the field of IT, and ideally, to arrive at some common implementable solutions. This seminar focused on market trends, issues and challenges to the IT industry; exchanged ideas and solutions with IT industry on technical standards and emphasized the priority areas critical to IT standardization.

जैव उर्वरकों के उत्पादन, गुणता नियंत्रण और परीक्षण विधियों पर सार्क कार्यशाला

भारत सरकार की पहल पर जैव उर्वरकों के उत्पादन और संबंधित पहलुओं पर भारत सरकार के अनुभवों को बाँटने के लिए 26–27 मार्च 2008 को नई दिल्ली में उपर्युक्त विषय पर एक द्वि–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया और जैव उर्वरकों के उत्पादन और प्रयोग से संबंधित अन्य सार्क सदस्य देशों के अनुभवों पर भी विचार किया गया। हर सदस्य देश के प्रतिनिधि ने उनके देश में जैव उर्वरकों के उत्पादन और प्रयोग के विवरण का प्रस्तुतीकरण किया। प्रतिभागियों को अनुसंधान एवं विकास तथा उत्पादन के नवीनतम प्रक्रम/सुविधाओं की वास्तविक जानकारी देने के लिए एक अग्रणी जैव उर्वरक फर्म में फील्ड विजिट कराई गई। कार्यशाला में की गई सिफारिशों में से कुछ निम्नलिखित हैं :

- खाद्य एवं पोषण सुरक्षा तथा घटती मृदा उर्वरकता को खत्म करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय उर्वरक नीति के भाग के रूप में जैव उर्वरकों के प्रयोग को मान्यता देना
- देशी किस्मों की प्राथमिकता पर बल देकर विशेष रूप से प्रयोगकर्ताओं अर्थात फार्म स्तर पर किसानों, को लक्ष्य करके जनता में और अधिक जागरूकता पैदा करके/संचार माध्यमों का प्रयोग करके सार्क के सदस्य देश जैव उर्वरकों का प्रयोग बढ़ाएँ
- जैव उर्वरक उत्पादन में कच्चे माल के स्रोत प्राप्ति हेतु सहयोग किया जाएगा।

SAARC Workshop on Bio-fertilizer Production, Quality Control and Test Methods

At the initiative of the Government of India, a two-day Workshop was organized at New Delhi on 26 - 27 March 2008, to share India's experience in Bio-fertilizer production and related aspects; and also consider experience in other SAARC member states in regard to production and use of Bio-fertilizer. Each member state representative made presentation detailing the extent of use and application of Bio-fertilizers in their country. A field visit was organized to one of the pioneer Bio-fertilizer firms in order to first-hand acquaint the participants with the research and development as well as on-the-site production processes/facilities. The recommendations made during the workshop include:

- Recognizing the importance of the use of Bio-fertilizer, as part of respective national Fertilizer Policy, with a view to ensuring food and nutritional security as well as arresting declining soil fertility;
- Use of Bio-fertilizer to be promoted in the SAARC member states by greater public awareness/communications initiatives, with priority attention to indigenous strains, especially targeting the users for example farmers at the farm-level;
- Collaboration may be undertaken on sourcing raw material in production of Biofertilizers;

- सदस्य देशों में जैव उर्वरकों के उत्पादन की प्रौद्योगिकी के हस्तान्तरण को सुविधाजनक बनाने के लिए सूचना और विशेषज्ञों का आदान–प्रदान किया जाएगा।
- क्षेत्र में उत्पादित जैव उर्वरकों की सभी किस्मों की गुणता सुनिश्चित करने के लिए मानकों के समरूपण की आवश्यकता है। भारतीय मानक ब्यूरो ने जैव उर्वरकों के उत्पादन, गुणता नियंत्रण और परीक्षण विधियों के समरूपण हेतु एक समझौता मसौदा तैयार करने के लिए सहमति दी है।

सिलाई मशीनों के मानकीकरण पर संगोष्ठी

यांत्रिक इंजीनियरी विभाग ने लुधियाना में 12 दिसम्बर 2007 को 'सिलाई मशीनों के मानकीकरण' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विनिर्माताओं, थोक व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं के बीच इस क्षेत्र में निर्धारित मानकों और संबंधित मानकों का कार्यान्वयन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। प्रतिभागियों ने इस सेमिनार में हुई चर्चाओं का फायदा उठाया और वर्तमान मानकों के उन्नयन तथा उनके कार्यान्वयन हेतु बहुमूल्य फीडबैक प्रदान की। इस संगोष्ठी में सिफारिश की गई कि सिलाई मशीन के प्लास्टिक के कवर और आधार हेतु एक भारतीय मानक तैयार किया जाए। आईएस 1610 : 2000 'घरेलू सिलाई मशीन – सामान्य अपेक्षाएँ' और आईएस 14769 : 2000 'घरेलू सिलाई मशीन का हैड – सामान्य अपेक्षाएँ' को मिलाकर एक मानक बनाया जाए तथा फ्लाई व्हील के मानक आईएस 12798 : 1998 'घरेलू सिलाई मशीन – फ्लाई व्हील – विशिष्टि' का पुनरीक्षण किया जाए।

राष्ट्रीय भवन संहिता 2005 पर कार्यशाला

राष्ट्रीय भवन संहिता 2005 के विषय में जानकारी देने और राज्य प्राधिकरणों द्वारा इसके कार्यान्वयन में सहायता हेतु राष्ट्रीय भवन संहिता 2005 पर 7 कार्यशालाएँ आयोजित की गई। ये कार्यशालाएँ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के साथ संयुक्त रूप से कोलकाता, राँची, देहरादून, लखनऊ, गुवाहाटी और जबलपुर में आयोजित की गई। एनसीसीबीएम के साथ मिलकर



- Information and experts may be exchanged to facilitate transfer of technology in Biofertilizer production in the member states;
- Harmonized standards would need to ensure quality of all types of Biofertilizers produced in the region. BIS offered to prepare draft of, an agreement to Harmonize Production, Quality Control and Test Methods on Biofertilizers.

Seminar on Standardization for Sewing Machines

Mechanical Engineering Department organized a seminar on 'Standardization for Sewing Machines' at Ludhiana on 12 December 2007. The objective of the seminar was to create awareness among the sewing machines manufacturers, wholesale traders and common consumers regarding Indian Standards formulated in this field and implementation of relevant standards. Participants took full advantages of this seminar and gave valuable feedback for up gradation of existing standards and their implementation. It was recommended to formulate Indian Standard on plastic cover and base of sewing machines, consolidation of IS 1610 : 2000 "Household sewing machines – General requirements" and IS 14769 : 2000 "Household sewing machine head – General requirements" into a single standard and review of existing Indian Standard on Flywheel viz. IS 12798 : 1989 "Household sewing machines – Flywheels – Specification".

Workshops on National Building Code of India 2005

In order to disseminate information about the NBC 2005 and help the state authorities in implementation, seven Workshops on National Building Code of India 2005 were organized. The workshops held at Kolkata, Ranchi, Dehradun, Lucknow, Guwahati and Jabalpur were organized jointly with Institution of Engineers (India). The workshop at Thiruvananthapuram

एक कार्यशाला तिरुवन्नतपुरम् में आयोजित की गई। इन कार्यशालाओं में कुछ सिफारिशें एक समान रूप से की गईं:

- राज्यों में स्थानीय भवन उप–कानूनों तथा अन्य नियामक माध्यमों की पूरी तरह पुनरीक्षा की जाए तथा उन्हें पुनरीक्षित राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुरूप बनाया जाए।
- राज्यों के सार्वजनिक निर्माण विभागों की वर्तमान विशिष्टियों, संहिताओं और मैनुअलों का पुनरीक्षण राष्ट्रीय भवन संहिता 2005 के अनुरूप किया जाए।
- मास्टर प्लान एनबीसी 2005 के सिद्धांतों को परिलक्षित करने वाला हो।

भवन निर्माण में लगे सभी भवन विशेषज्ञों और श्रमिकों के क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण के प्रयास किए जाएँ।

सामाजिक दायित्वों पर कार्यशाला

नई दिल्ली में 16–17 अप्रैल, 2007 के दौरान भा मा ब्यूरो और वॉयस सोसायटी ने उपभोक्ता मामले मंत्रालय के सहयोग से सामाजिक दायित्व और विकासशील देशों पर इसके प्रभाव पर एक कार्यशाला आयोजित की। विकसित और विकासशील देशों जैसे मोरक्को, जर्मनी, यूएसए, ऑस्ट्रिया, वेनेजुएला, मलेशिया, ईजिप्ट तथा केन्या के साथ–साथ पाकिस्तान, केन्या, कोस्टारीका तथा इंडोनेशिया जैसे विभिन्न विकासशील देशों के चार प्रतिनिधियों सहित आठ विदेशी वक्ता शामिल थे। इनके सहित इस कार्यशाला में स्टेकहोल्डरों के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले 150 व्यक्तियों ने भाग लिया।

इस संगोष्ठी के निष्कर्ष के रूप में यह अनुभव किया गया कि गरीबी उन्मूलन, रोजगार का सृजन, शहरी तथा ग्रामीण विभाजन तथा संगठन के सामाजिक दायित्व के प्रयास समाज पर सकारात्मक प्रभाव के लिए ही नहीं अपितु उनके कार्य के समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को घटाने के लिए भी संगठन की भूमिका में विकासशील देशों की अपेक्षाओं को सम्बोधित करने की आवश्यकता है। सामाजिक दायित्वों के प्रति की गई पहल में पारदर्शिता तथा उचित रूप से रिपोर्ट करने और सम्प्रेषण की आवश्यकता पर बल दिया गया ।

साबुन तथा डिटर्जेन्ट पर संगोष्ठी

"साबुन तथा डिटर्जेन्ट – क्या ये पर्यावरण के अनुकूल है?" विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी आयोजित की गई। यह संगोष्ठी होटल कोहिनूर कांटिनेन्टल, मुम्बई में 29 फरवरी, 2008 को आयोजित की गई। इसमें वर्तमान पारिस्थितिक संकट की गम्भीरता और पर्यावरण को बचाने में ईको मुहर योजना के महत्त्व पर चर्चा की गई। तकनीकी सत्र में विभिन्न विषयों जैसे "पर्यावरण के अनुकूल साबुन तथा डिटर्जेन्ट – बाजार से संगतता", "राष्ट्रीय मानकों के साथ–साथ ईको मानदण्डों पर सिंहावलोकन", "साबुन के लिए पर्यावरण के अनुकूल कच्ची सामग्री", "साबुन तथा डिटर्जेन्ट की पर्यावरण अनुकूलता का मूल्यांकन" तथा "साबुन तथा डिटर्जेन्ट – पर्यावरण के अनुकूल पैकेजबंदी" पर चर्चा की गई।

इस संगोष्ठी के परिणामस्वरूप कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं जो निम्नानुसार है :

was organized jointly with NCCBM. General recommendations that emerged from the workshops were:

- The local building byelaws and other regulatory media in the states should be completely reviewed and revised to bring the same in line with the revised NBC 2005.
- The existing State PWD specifications, codes and manuals should be revised in line with NBC 2005.
- The Master Plans should also be reflective of the concerns of NBC 2005.

Efforts should be made for capacity building/training of all building professionals and work force involved in building construction activity.

Workshop on Social Responsibility

A Workshop on Social Responsibility and its implications for developing countries was organized during 16-17 April 2007 at New Delhi by BIS and VOICE Society, with the support of Ministry of Consumer Affairs. There was participation from around 150 delegates representing different stakeholder categories including 8 foreign speakers representing both developed and developing countries, namely, Morocco, Germany, USA, Austria, Venezuela, Malaysia, Egypt and Kenya as well as 4 delegates from different developing countries, namely, Pakistan, Kenya, Costa Rica and Indonesia.

As a outcome of this seminar, it was felt that there was a need to address the requirement of developing countries in the role the organizations can play to address issues of poverty alleviation, creation of employment, the urban and rural divide and the social responsibility efforts of the organizations should not only be to increase the positive effects on society but also to reduce the negative impact of their work on the society. The need for transparency and a proper reporting and communication of social responsibility initiatives was stressed.

Seminar on 'Soaps and Detergents'

A Seminar was organized on 'Soaps and Detergents - Are they Eco-friendly?' on 29 February 2008 at Hotel Kohinoor Continental, Mumbai. The severity of recent ecological crisis and the importance of ECO-Mark Scheme to protect the environment was discussed. In Technical Session talks were delivered on different subjects like 'Eco-friendly Soaps and Detergents – Market relevance', 'Overview of National Standards *vis-à-vis*, ECO Criteria', 'Eco-friendly Raw Materials for Soaps', 'Evaluation of Eco-friendliness of Soaps and Detergents' and 'Soaps and Detergents – Eco-friendly Packaging'.

Some of the important recommendations that emerged out of the Seminar are as follows:

- अग्रणी निर्माताओं को स्वेच्छा से पहले भा मा ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना लेनी चाहिए और बाद में ईको मुहर लाइसेंस प्राप्त करने के लिए उद्यम करना चाहिए।
- साबुन तथा डिटर्जेन्ट के राष्ट्रीय मानकों में दिए गए ईको मुहर के मानदण्डों की समीक्षा की जाए और पर्यावरण तथा वन मंत्रालय (एमओईएफ) द्वारा पुनः इन्हें बनाया जाए।
- त्वचा में जलन और संवेदनशीलता की सम्भावना के लिए ऐसे परीक्षण जो जानवरों पर नहीं किए जाते, सृजित किए गए हैं और इन्हें यूरोप में वैद्यता मिली है, इंडियन टैक्सिकोलॉजी रिसर्च सैन्टर (आईटीआरसी) से अनुरोध किया गया कि राष्ट्रीय समिति को विचारार्थ ये विवरण उपलब्ध कराए जाएँ।
- राष्ट्रीय समिति आईएस 4955 : 2001 "घरेलू लॉन्ड्री डिटर्जेन्ट पाउडर (*चौथा पुनरीक्षण*)" का पुनरीक्षण करे और फॉस्फेट के स्थान पर वैकल्पिक सामग्री की पहचान करे।

जल संसाधन परियोजनाओं के लिए पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन पर संगोष्ठी

भा मा ब्यूरो नई दिल्ली के सभागार में 28 मार्च, 2008 को जल संसाधन परियोजनाओं के लिए पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) तथा प्रबन्धन में वर्तमान मुद्दों से सम्बन्धित विभिन्न विशेषज्ञों के अलग–अलग समूहों के बीच विचारों और जानकारी के आदान–प्रदान का अवसर प्रदान किया। चर्चाओं के दौरान मानकीकरण के लिए सम्भावना सुनिश्चित करने के लिए गहन मूल्यांकन हेतु कई क्षेत्रों की पहचान के लिए इनमें शामिल हैं कैचमेन्ट एरिया उपचार योजनाएँ, जल संसाधन परियोजनाओं के लिए ईआईए और पर्यावरण प्रबन्ध योजना में रिमोट सैन्सिंग तथा जीआईएस का अनुप्रयोग।

हाथ के औजारों पर संगोष्ठी

"मानकीकरण – हाथ के औजार संबंद्धी उद्योग के लिए बड़े लाभ" पर संगोष्ठी कार्यक्रम 29 फरवरी, 2008 को इंस्टीटयूट फॉर ऑटो पार्ट्स एंड हैण्ड टूल्स, लुधियाना में आयोजित किया गया। इसमें हाथ के औजारों के अद्यतन प्रकारों, अद्यतन निर्माण की प्रक्रिया और सामग्री पर सूचना संगोष्ठी के दौरान वितरित की गई। इस पर बल दिया गया कि हाथ के औजारों के उद्योग में काफी अधिक श्रम जुड़ा है। अतः इस क्षेत्र में निर्यात की काफी अधिक सम्भावनाएँ हैं और राष्ट्रीय मानक निकाय होने के कारण भा मा ब्यूरो भारतीय हाथ के औजार उद्योग को उन्नत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है ताकि खुली भूमण्डलीय अर्थव्यवस्था के वर्तमान युग में इसे और

- Leading manufacturers should volunteer for BIS Certification Marks Scheme first and later venture into obtaining the ECO-Mark licence.
- Criteria for ECO-Mark as given in the National standards of Soaps & Detergents is to be re-visited and deliberated by Ministry of Environment and Forests (MoEF) and BIS.
- Keeping in view that non-animal based test for skin irritation and sensitization potential has been evolved and validated in Europe, Industrial Toxicology Research Centre (ITRC) requested to provide the details to the National Committee for its consideration.
- National Committee may review IS 4955 : 2001 'Household laundry detergent powders (*fourth revision*)' to identify alternative builders in place of phosphates.

Seminar on Environmental Impact Assessment for Water Resources Projects

A seminar was held on Environmental Impact Assessment for Water Resources Projects on 28th March 2008 in the auditorium of BIS, New Delhi. The seminar acted as an opportunity for exchange of ideas and knowledge between diverse groups of the various experts concerned with the current issues in environmental impact assessment (EIA) and management. During the deliberations a number of areas were identified for in depth assessment for ascertaining their feasibility for standardization. These include Catchment Area Treatment Plans, Application of Remote Sensing & GIS in EIA & Environmental Management Planning for Water Resources Projects.

Seminar on Hand Tools

A seminar on "Standardization – Big Benefits for Hand Tool Industries" was organized at Institute for Auto Parts & Hand Tools, Ludhiana on 29th February 2008. Information about latest types of hand tools, latest manufacturing process and materials was disseminated during the Seminar. It was emphasized that hand tools industry being labour intensive, there is tremendous export potential in this field and BIS being the National Standards Body would work as an important catalyst in upgrading the Indian hand tool industries so as to make it more competitive in the present

अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार के लिए उपयुक्त गुणता की अपेक्षा को पूरा करने के लिए इस पर जोर दिया गया कि हाथ के औजार उद्योग अपने आपको पूरी तरह से सुसज्जित करें। भा मा ब्यूरो एसपी 53 : हाथ के औजारों पर हैण्डबुक – निर्माताओं तथा उपयोगकर्ताओं द्वारा इसके उपयोग के लिए प्रयोग करने, देखभाल करने तथा संरक्षण हेतु सुरक्षा संहिता को अद्यतन करने के लिए भा मा ब्यूरो ने सहमति दी।

era of open global economy. It was urged to hand tool industries to make themselves fully equipped to meet the requirement of appropriate quality for domestic and international market. BIS agreed to update and revive SP 53 : Handbook of Hand Tools – Safety Codes for use, care and protection for its use by manufacturers and users.

ऑटोमोटिव संगठनों और अनषंगी सामग्री पर संगोष्ठी

ऑटोमोटिव संगठनों और अनषंगी सामग्री पर पारस्परिक सम्पर्क हेतु संगोष्ठी का आयोजन ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया, पुणे में 12 मार्च, 2008 को किया गया। संगोष्ठी में भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग द्वारा पिछले कुछ दशकों में की गई प्रगति और मानकीकरण पर चर्चा की गई। ऑटोमोटिव उद्योग में बहुत तेज गति से प्रौद्योगिकी विकास को ध्यान में रखते हुए मानकीकरण के लिए नए क्षेत्रों की पहचान की गई। एडेपटिव फ्रन्ट लाइटनिंग प्रणाली, गैस डिस्चार्ज लैम्प, कॉर्नर के लैम्प, हैड लैम्प में एलईडी का उपयोग और अप्रत्यक्ष विजन प्रणाली और इलैक्ट्रिक हाइब्रिड इलैक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले वाहन, पैसिव सुरक्षा घटक, इलैक्ट्रॉनिक प्रणाली, एबीएस में प्रयुक्त वायरिंग हारनेस, रबड़ के घटक इत्यादि।

देशी हार्बर क्राफ्ट तथा फिसिंग वैसल्स (यान) पर भारतीय मानकों के माध्यम से सुरक्षा और अनुकूलतमता पर संगोष्ठी

देशी हार्बर क्राफ्ट तथा फिसिंग वैसल्स (यान) पर भारतीय मानकों के माध्यम से सुरक्षा और अनुकूलतमता पर पारस्परिक सम्पर्क हेतु संगोष्ठी का आयोजन 20 फरवरी, 2008 को होटल गोकुलम पार्क, कोच्चि में किया गया। इस संगोष्ठी में मानकीकरण की कमी के अलावा मछली पकड़ने के लिए प्रयुक्त नावों की घटिया डिजाईन और कारीगरी के कारण मछुवारों द्वारा झेली जा रही कठिनाइयों को प्रमुखता से रखा गया। प्रतिनिधियों ने इस पर जोर दिया कि मछुवारों की जिन्दगी को सुरक्षित और आरामदेह बनाने के अलावा नावों की कार्यकारिता को सुधारने के लिए और उपयुक्त मानकों को तैयार करके इन्हें आर्थिक रूप से व्यावहारिक बनाने के लिए तुरन्त कुछ किया जाना अपेक्षित है। सहभागियों ने इंडियन हार्बर क्राफ्ट और फिशिंग वैसल पर उपलब्ध भारतीय मानकों और उनमें निर्दिष्ट अपेक्षाओं तथा सुरक्षा और लागत को अनुकूलतम बनाने में ये मानक कैसे उपयोगी हैं इस पर चर्चा की। अन्य सुझावों के अलावा संगोष्ठी में नई परियोजनाओं पर मानक तैयार करने के सम्बन्ध में निश्चित रूप से सिफारिश की गई।

Seminar on Automotive Components and Accessories

An interactive Seminar on Automotive Components and Accessories was organized on 13 March 2008 at Automotive Research Association of India, Pune. Advancement made by the Indian Automotive Industry in last couple of decades *vis-à-vis* Standardization in this field was discussed during the Seminar. In view of technological advancements in the field of automotive industry at a very fast pace, new areas for standardization were identified, such as Adaptive Front Lighting Systems, Gas discharge Lamps, Cornering lamps, use of LED's for Head lamps, Indirect vision systems, Electric and Hybrid electric vehicles, Hydrogen fueled vehicles, Passive safety elements, Electronic control systems, Wiring Harness used in ABS, Rubber Components etc.

Seminar on Safety and Optimization Through National Standards on Inland Harbour Crafts and Fishing Vessels

An interactive Seminar on "Safety and Optimization through national standards on Inland Harbour Crafts and Fishing Vessels" was organized on 20th February 2008 at Hotel Gokulam Park, Kochi. The seminar prominently brought out the difficulties faced by the fishermen in view of poor design and workmanship of fishing boats beside lack of standardization. The delegates urged that something urgently is required to be done to make our fishermen's, life safe and comfortable besides improving boats functional and economic viability by preparing appropriate standards. The participants debated over the availability of Indian Standards in Inland Harbour Crafts and Fishing Vessels along with requirement specified therein and how the same are useful in optimizing safety and cost. Besides the number of other suggestions, the seminar brought out a number of definite recommendations pertaining to preparation of standards on new subjects.

राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार (आरजीएनक्यूए)

उत्कृष्ट उद्योगों की विशेष मान्यता देने के लिए 1991 में भारतीय मानक द्वारा राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार स्थापित किया गया। यह पुरस्कार भारतीय उद्योग में गुणता कार्यक्रमों में रूचि और जुड़ाव उत्पन्न करने, भारतीय उत्पादों को गुणता के उच्च स्तर तक ले जाने और भारतीय संगठनों को घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों की चुनौतियों को पूरा करने के लिए बेहतर सुसज्जित करने के लिए बनाया गया है। इससे अन्य विकसित देशों को इसी प्रकार के पुरस्कार जैसे यूएसए के मैलकम बैड्रिज क्वालिटी अवार्ड, जापान के डैमिन प्राइस तथा यूरोपीय क्वालिटी अवार्ड के अनुरूप डिजाईन किया गया है। इन पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन के मानदण्ड पूर्ण गुणता प्रबन्ध (टीक्यूएम) पर आधारित हैं और समकक्ष विदेशी पुरस्कारों के मानदण्डों के अनुसार है।

वर्ष 2007 के लिए राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार पर कार्यवाही की गई। वर्ष 2007 के पुरस्कारों में वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार जीतने वाले संगठन को पाँच लाख रुपए तथा अन्य पुरस्कार जीतने वाले संगठनों को एक लाख रुपए तथा सराहना प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले संगठन को पचास हजार रुपए की राशि के नकद पुरस्कार भी आरम्भ किए गए। इसके लिए कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए। इसके ब्रेकअप में बड़े निर्माण क्षेत्र के 55 प्रतिशत आवेदन, लघु निर्माण क्षेत्र के 27 प्रतिशत व बड़े सेवा क्षेत्र से 14 प्रतिशत व छोटे सेवा क्षेत्र से 4 प्रतिशत आवेदन शामिल हैं।

इसमें से छाँटे गए 49 आवेदकों के यहाँ तथ्य ढूंढने और मूल्यांकन के लिए दौरे किए गए। पुरस्कार विजेताओं और सराहना प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों के नाम राष्ट्रीय पुरस्कार समिति की 15वीं बैठक में निश्चित किए गए जो सचिव (उपभोक्ता मामले विभाग) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इन पुरस्कारों को देने के लिए योजना और संगठन सम्बन्धी कार्य भी इस अवधि में किया गया और ये पुरस्कार 10 अप्रैल, 2008 को दिए गए।

मानक संवर्धन

उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

भारतीय मानकों का कार्यान्वयन अत्यन्त महत्वपूर्ण है और भारतीय मानक ब्यूरो का प्रमुख लक्ष्य रहा है। मानक संवर्धन तथा उपभोक्ता मामले विभाग (एसपी एंड कैड) इस दिशा में मानकीकरण, प्रमाणन तथा गुणता की अवधारना का उपभोक्ताओं में प्रचार करके इस दिशा में योगदान दे रहा है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मानक संवर्धन तथा कैड विभाग नियमित रूप से विभिन्न क्षेत्रीय

Rajiv Gandhi National Quality Award (RGNQA)

Rajiv Gandhi National Quality Award was instituted by the Bureau of Indian Standards in 1991 with a view to give special recognition to the best industries. This award is intended to generate interest and involvement of Indian Industry in quality programmes, drive Indian products to higher levels of quality and better equip Indian organizations to meet the challenges of domestic and International markets. This award is an annual feature. It has been designed in line with similar awards in other developed countries like Malcolm Baldrige Quality Award of USA, Deming Prize of Japan and European Quality Award. The assessment criteria for these awards are based on Total Quality Management (TQM) and are at par with the criteria for other similar overseas awards.

The Rajiv Gandhi National Quality Awards for the year 2007 were processed during the year. For the 2007 awards, financial incentives in the form of cash awards of Rs. 500 000 for organizations winning the BEST OF ALL Award; Rs. 100 000 for organizations winning the other awards and Rs 50 000 for organization receiving the commendation certificates were also introduced. A total of 81 applications were received. The breakup includes 55 percent applications from Large Scale Manufacturing Sector, 27 percent from Small Scale Manufacturing Sector, 14 percent from Large Scale Service Sector and 4 percent from Small Scale Service Sector.

Fact-finding and evaluation visits were paid to 49 shortlisted applicants. The award winners and recipients of commendations certificates were finalized in the 15th meeting of National Awards Committee (NAC), held under the chairmanship of Secretary (Department of Consumer Affairs). The planning and organizational work for the award presentation ceremony of these awards which was held on 10 April 2008 was also done during the period.

STANDARDS PROMOTION

Consumer Awareness Programmes

Implementation of Indian Standards is of great significance and has been a prime objective of the Bureau of Indian Standards. Standards Promotion and Consumers Affairs Department (SP&CAD) is contributing in this direction by promoting the concept of standardization, certification and quality amongst the consumers.

कार्यालयों / शाखा कार्यालयों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कई बार ये जागरूकता कार्यक्रम उपभोक्ता संगठनों के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं। चालू वर्ष के दौरान ऐसे 125 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मानकों पर शैक्षिक उपयोगिता कार्यक्रम (ईयूएस)

व्यावसायिक संस्थानों के विद्यार्थियों और निकाय सदस्यों को मानकीकरण और प्रबन्ध पद्धति के क्षेत्र में प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है ताकि वे अपने द्वारा दी जा रही वस्तुओं और सेवाओं में गुणता लाने के लिए पूर्ण रूप से सुसज्जित हों। मानक संवर्धन तथा उपभोक्ता मामले विभाग मानकीकरण के संदेश प्रचार करने और विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं और देशभर में फैले विश्वविद्यालयों में अद्यतन भारतीय मानकों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के विशेष उद्देश्य से मानकों पर शैक्षिक उपयोगिता कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इन कार्यक्रमों में भाग लेने वालों को वितरित करने के लिए विशिष्ट क्षेत्र से सम्बद्ध संदर्भ सामग्री का स्पेशल किट भी तैयार किया गया है। चालू वर्ष के दौरान मानकों पर 9 शैक्षिक उपयोगिता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

11वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित एचआरडी एंड शैक्षिक संस्थानों में क्षमता निर्माण स्कीम

11वीं पंचवर्षीय योजना (2007 से 2012) के अंतर्गत उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से भारतीय मानक ब्यूरो को केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित **'एचआरडी एवं शैक्षिक संस्थानों में क्षमता निर्माण'** स्कीम चलाने की जिम्मेदारी' दी गई थी। इस स्कीम के अंतर्गत पूरी योजना अवधि के दौरान उन्नत मानकीकरण प्रणाली के विकास, मानकों के विशेषज्ञ विकसित करने और व्यावसायिक संस्थानों में मानकीकरण और गुणता को एक विषय के रूप में लागू करने हेतु रुपये 7.00 करोड़ के व्यय हेतु अनुमोदन किया गया था। वर्ष 2007–08 में इस परियोजना के लिए 50 लाख रुपये प्राप्त हुए। इस परियोजना का शुभारंभ कर दिया गया है।

उद्योगों हेतु जागरूकता कार्यक्रम

उद्योगों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य लघु उद्योगों में मानकीकरण और प्रबंध पद्धति की अवधारणा का प्रचार–प्रसार

For accomplishing this motive SP&CAD is organizing regular Awareness Programmes through various Regional Offices/Branch Offices. These Awareness Programmes are sometimes conducted in association with Consumer Organizations. During the current year, 125 programmes have been conducted.

Educational Utilization of Standards Programmes (EUS)

The students and faculty of professional institutions need to be trained in the field of standardization and management systems, so that they are well equipped to introduce quality in goods and services to be delivered by them. SP&CAD has been regularly conducting programmes on Educational Utilization of Standards with the specific aim to propagate the message of standardization and to create awareness about latest Indian Standards in various professional institutes and universities through out the country. Special kit of Reference Material pertaining to specialized fields has also been prepared for distribution amongst the participants in such programmes. In the current year, nine EUS Programmes were carried out.

Centrally Sponsored Scheme "HRD & Capacity Building in Educational Institutions" under Eleventh Plan

Under the eleventh plan(2007-12), BIS has been assigned to carry out the centrally sponsored scheme viz. **"HRD & Capacity Building in educational institutions"** on behalf of the Department of Consumer Affairs, Ministry of Food, Consumer Affairs and Public Distribution, Government of India wherein an amount of Rs. 7.00 crores has been approved for the entire plan period to develop an advanced standardization system, Nurture standards experts and introduce standardization and quality as a subject in professional institutions. An amount of Rs. 50 lakhs has been received for this project in 2007-08, which has been initiated.

Industry Awareness Programmes

The aim of the Industry Awareness Programmes is to propagate the concept of standardization and management systems amongst small scale industries. Such programmes

करना है। इन कार्यक्रमों में व्याख्यान और परिचर्चाएँ शामिल की जाती हैं, जिनसे प्रतिभागियों को मानकीकरण की अवधारणा, प्रबंध पद्धति प्रमाणन, उत्पाद प्रमाणन तथा भा मा ब्यूरो की अन्य गतिविधियों की जानकारी दी जाती है। इन कार्यक्रमों में उन उद्योगों विशेष से संबंधित मानकों की भी जानकारी दी जाती है, जिनकी संख्या उस क्षेत्र विशेष में अधिक होती है। ये कार्यक्रम उस क्षेत्र के स्थानीय औद्योगिक एसोसिएशनों और लघु उद्योग सेवा संस्थान के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं। चालू वर्ष में उद्योगों हेतु 39 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

राज्य स्तरीय समितियाँ और निविदा संबंधी पूछताछ

सरकारी विभाग में भारतीय मानक को कार्यान्वयन और संवर्द्धन कार्य राज्य स्तरीय समितियों के माध्यम से सरकारी विभागों और खरीद एजेंसियों के साथ निकट संबंध बनाकर और परस्पर इंटररेक्शन द्वारा कार्य को आगे बढ़ाने हेतु प्रयास किए गए हैं तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदाओं की नियमित जाँच करके मानकों के संवर्द्धन अैर कार्यान्वयन के संभावित अवसर की तलाश की जाती है। समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदाओं के आधार पर अनेकों संगठनों से संपर्क किया गया और उनसे आईएसआई मुहर लगे उत्पादों की खरीद करने या खरीद में आईएस विशिष्टि का संदर्भ देने का अनुरोध किया गया।

विश्व मानक दिवस

विश्व मानक दिवस प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस समारोह के माध्यम से उन हजारों विशेषज्ञों के सामूहिक प्रयासों को भावांजली अर्पित की जाती है, जिन्होंने स्वेच्छा से तकनीकी समझौतों का विकास किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय मानकों के रूप में प्रकाशित हुए हैं। समारोहों के हिस्से के रूप में आईएसओ, आईईसी और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार यूनियन (आईटीयू) द्वारा घोषित एक ही विषय पर पूरे विश्व भर में तकनीकी संगोष्ठियाँ आयोजित की जाती हैं। वर्ष 2007 के लिए **'मानक और नागरिक : समाज के प्रति योगदान'** विषय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और डब्ल्यूटीओ समझौते के वर्तमान परिदृश्य में बहुत सार्थक है। भारत में भा मा ब्यूरो मुख्यालय, क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों ने पूरे देशभर में तकनीकी संगोष्ठियाँ आयोजित की। इनमें बड़ी संख्या में वक्ताओं ने आम उपभोक्ता के हितों से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों पर व्याख्यान दिए।

सूचना एवं लघु क्षेत्र उद्योग सुविधा कक्ष

लघु एवं मध्यम स्तर के उद्यमियों के मानक संवर्द्धन एवं उपभोक्ता मामले विभाग सूचना एवं लघु क्षेत्र उद्योग सुविधा कक्ष का प्रचालन कर रहा है। इस कक्ष द्वारा भा मा ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों और तकनीकी पूछताछ के बारे में जानकारी दी जाती है।

consist of lectures and discussions, where the participants are exposed to the concept of Standardization, Management Systems Certification, Product Certification and other BIS activities. Standards relating to specific industrial sector, depending upon the concentration of industries in the area, are also highlighted in such programmes. These programmes are organized in collaboration with Local Industry Associations and Small Industries Service Institute of that area. In the current year, 39 Industry Awareness Programmes have been conducted.

State Level Committees and Tender Enquiries

Efforts are made to have close collaboration and interaction with Government Departments and purchase agencies through State Level Committees to implement and promotion of Indian Standards. Further, scrutiny of tenders in newspapers is regularly done to find out possible opportunity for standards promotion and implementation. A number of organizations have been contacted based on the tender published in newspapers and requested them to opt for ISI marked products or to refer IS Specification.

World Standards Day

Every year 14th October is celebrated as World Standards Day. It is a means of paying tribute to collaborative efforts of thousands of experts world wide who develop the voluntary technical agreements that are published as International or National Standards. As part of celebrations, technical seminars are held throughout the world on a central theme declared by ISO, IEC and International Telecommunication Union (ITU) jointly. The theme **"Standards and the Citizen: Contributing to Society"** for 2007 was very much live in the current scenario of International trade and WTO agreement. In India, BIS has organized technical seminars all over the country through ROs/BOs and at HQs where a large number of delegates deliberated over various technical issues concerning common consumer interests.

Information and SSI Facilitation Cell

SP&CAD is operating an Information and SSI Facilitation Cell for the benefit of small and medium scale entrepreneurs. Information on various activities of BIS and technical queries are provided.

प्रचार

आम उपभोक्ताओं को भा मा ब्यूरो की गतिविधियों की जानकारी देने तथा उन में गुणता के प्रति प्रबल चेतना जागृत करने के लिए विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा कई प्रकार की प्रचार संबंधी गतिविधियाँ जारी रखी गईं।

20 अगस्त 2008 से 90 दिन तक (क) आईएसआई मुहर (ख) हॉलमार्किंग, नामक रेडियो स्पॉट प्रसारित किए गए। ये रेडियो स्पॉट विविध भारती के 40 केन्द्रों, ऑल इंडिया के एफएम–1 और एफएम–2 से हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित किए गए।

जुलाई 2007 से फरवरी 2008 के दौरान स्वर्णाभूषणों पर एक अखिल भारतीय विज्ञापन अभियान चलाया गया। यह विज्ञापन विभिन्न स्थानों से प्रकाशित हुआ। विभिन्न समाचार पत्रों/पत्रिकाओं में भी भा. मा. ब्यूरो की गतिविधियों से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित कराए गए।

स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग, आईएसआई मुहर लगे उत्पादों के लाभ, विश्व मानक दिवस समारोह और भा. मा. ब्यूरो तथा थाईलैंड इंडस्ट्रियल स्टैण्डर्डस इंस्टीट्यूट के बीच हुए समझौता ज्ञापन से संबंधित कई साक्षात्कार आयोजित किए गए और उन्हें जी बिजनेस, ईटीवी, सीएनबीसी, आवाज चैनल, डीडी (न्यूज), डीडी नेशनल, एएनआई, सहारा समय, इंडिया टीवी, आजतक आदि चैनलों पर प्रदर्शित किए गए। मार्च 2008 के दौरान स्टार न्यूज पर स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग से संबंधित सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रदर्शित की गई।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान ऑल इंडिया रेडियों के इन्द्रप्रस्थ चैनल पर उनके कार्यक्रम सुबह सवेरे में आईएसआई मुहर लगे बिजली के उत्पादों से संबंधित विषय पर उपमहानिदेशक (मुहर) की एक रेडियो वार्ता प्रसारित की गई। ऑल इंडिया रेडियो पर सिविल इंजीनियरी विभाग के प्रमुख की भवन और निर्माण हेतु भारतीय मानक विषय पर एक रेडियो वार्ता प्रसारित की गई।

मार्च 2008 के दौरान नवभारत टाइम्स में आईएसआई मुहर पर एक लेख प्रसारित किया गया। दि बिजनेस स्टैण्डर्डस में भी सीमेंट के आयात पर एक लेख प्रसारित किया गया।

इस अवधि के दौरान आईएसआई मुहर और स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग पर एनीमेशन, बसों के बैकपैनलों, होर्डिंगों और जनसुविधाओं के माध्यम से एक आउटडोर प्रचार अभियान चलाया गया।

उपभोक्ताओं में जागरूकता के लिए आईएसआई मुहर तथा स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग पर विभिन्न प्रकार के संदेश भा मा ब्यूरो के प्रवेश द्वार पर लगे एलईडी डिस्पले बोर्ड पर प्रदर्शित किए गए।

भा मा ब्यूरो ने लक्ष्मीबाई नगर, नई दिल्ली में 27 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2007 तक आयोजित

Publicity

To spread awareness of the activities of BIS among common consumers and create a strong consciousness for quality, it undertook various publicity activities through various media.

Two radio spots of on (a) ISI Mark, and (b) Hallmarking were broadcast from 20 August 2008 for ninety days on All India basis. These spots were broadcast over 40 Vividh Bharti stations, FM-I channels and FM-II channels of AIR in Hindi and Regional languages.

An advertisement campaign on all-India basis on Hallmarking of Gold Jewellery was released during July 2007 to February 2008 and the same was published from various places. Advertisements on different activities of BIS were also released in various newspapers/magazines.

A number of interviews of BIS officials on Hallmarking of Gold Jewellery, Benefits of ISI marked products, celebrations of World Standards Day, Signing of MoU between BIS and Thailand Industrial Standards Institute, were organized and the same were telecast on Zee Business, ETV, CNBC Awaz channel, DD (News), DD National, ANI, Sahara Samay, India TV, Aaj Tak, etc Information on Gold Hallmarking Survey report was telecast on Star News during March 2008.

A radio talk of Deputy Director General (Marks) regarding ISI mark on Electrical Goods which was broadcast on Indraprastha Channel of AIR in their programme Subah Savere was also organized during this period. Another talk by Head of Civil Engineering department on Indian standards on Building and Construction was broadcast on AIR.

A story on ISI mark was published in Nav Bharat Times during March 2008. A story on Import of Cement was also published in The Business Standard.

Outdoor publicity campaign on ISI mark and Hallmarking of Gold Jewellery was also undertaken during this period through Animation display, Bus Back panels, Hoardings and Public utilities.

LED display board was installed at the entrance of BIS flashed the various messages on ISI mark and Hallmarking of Gold jewellery for consumer awareness.

BIS participated in MTNL Perfect Health Mela from 27 October to 4 November

एमटीएनएल परफेक्ट हैल्थ मेले में भाग लिया। भा मा ब्यूरो ने 7–8 नवम्बर 2008 को नई दिल्ली में आयोजित आपदा जोखिम में कमी विषय पर आयोजित दूसरी एशियन मिनिट्रियल कांफ्रेंस में भाग लिया। भा मा ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित ब्लो–अप प्रदर्शित किए गए। किसानों, डेयरी हेतु उपकरणों, आम उपभोक्ताओं और स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग से संबंधित लघु फिल्में इन प्रदर्शिनियों में दिखाई गयी। प्रदर्शनी देखने वालों को भा मा ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित ब्रोशरों को भी वितरित किया गया। विभिन्न विषयों के मानकों पर बनाए गए सीडी–रोम भी बेचे गए।

इलैक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से 'जागो ग्राहक जागो' द्वारा आईएसआई मुहर और स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग का प्रचार अभियान बड़े स्तर पर चलाया गया।

मानकों और अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ब्यूरो ने मुख्यालय, क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों के 17 विक्रय केन्द्रों के माध्यम से मानकों और विशिष्ट प्रकाशनों का विक्रय कर रहा है। ब्यूरो ने 202 पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से भी बिक्री की। विदेशी मानकों की बिक्री से प्राप्त कमीशन पिछले वर्ष के रुपये 66.9 लाख की तुलना में इस वर्ष 81.0 लाख अर्जित किया।

सीडी–रोम पर भारतीय मानक उपलब्ध हैं जो लीज़ के लिए विभाग परिषद् के अनुसार सैट के रूप में अथवा संपूर्ण सैट के रूप में उपलब्ध हैं। सीडी–रोम पर उपलब्ध भारतीय मानकों की लीजिंग से पिछले वर्ष के रूपये 278.5 लाख की तुलना में इस वर्ष 251.5 लाख रॉयलटी अर्जित की।

हिंदी गतिविधियाँ

संसदीय राजभाषा समिति ने भारतीय मानक ब्यूरो मुख्यालय, नई दिल्ली तथा 3 अन्य कार्यालयों यथा मुख्यालय, गाजियाबाद, जमशेदपुर शाखा कार्यालयों का निरीक्षण किया। वर्ष के दौरान मुख्यालय के नोडल अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए दो कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिसमें करीब 70 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चारों बैंठके यथासमय आयोजित करवाई गईं। भा मा ब्यूरो के विभिन्न कार्यालयों में 10 हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त मुख्यालय के 4 अनुभागों का निरीक्षण किया गया। उपभोक्ता मामले मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की 21 सितम्बर 2007 को कोच्चि में आयोजित बैठक में भाग लिया और उनके निर्णयों पर अनुवती कार्रवाई की। वर्ष के दौरान हिंदी पुस्तकों की खरीद हेतु हिंदी पुस्तक चयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया और हिंदी पुस्तकों की खरीद के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया।

2007 at Lakshmibai Nagar, New Delhi. It participated in 2nd Asian Ministerial Conference on Disaster Risk Reduction held at New Delhi from 7-8 November 2008. Blow-ups on various activities of BIS were displayed. Short films on Farmers, Dairy equipment, common consumers and Hallmarking of Gold Jewellery were screened during these exhibitions. Brochures on various activities of BIS were also distributed to the visitors. Standards through CD-ROM were also sold on different subjects.

The massive publicity campaign on ISI mark and Hallmarking of Gold Jewellery was also undertaken through "Jago Grahak Jago" through electronic as well as print media.

Sale of Standards and Other Publications

The Bureau is selling Indian Standards and Special Publications through 17 sales outlets at Headquarter, Regional and Branch Offices. Sales are also done through registered booksellers numbering 202. The commission earned on sale of overseas standards was Rs 81.0 lakhs as against Rs.66.9 lakhs last year.

The Indian Standards are also available on CD-ROM, as a complete set or Division-Council-wise sets, for leasing. The royalty received on leasing of Indian Standards on CD-ROM was Rs 251.5 lakhs in comparison to last year figure of Rs 278.5 lakhs.

Hindi Activities

The Parliamentary Committee on Official Language visited Ghaziabad Branch Office and Inspection office at Jamshedpur besides Head Office at Delhi. Two Hindi workshops were organized for Nodal Officers/ staff at BIS Headquarters, New Delhi and NITS, NOIDA where 70 officials participated. During the year, four meetings of Official Language Implementation Committee were organized at Headquarters. Ten Hindi workshops were organized in different Branch offices. Four departments of Headquarters were also inspected. BIS participated in the Ministry's Meeting of the Hindi Advisory Committee on 21 September 2007 at Kochi. Meeting of Hindi Books Selection Committee was also held wherein the planned targets for purchase of Hindi books was met.



लगभग 280 तकनीकी मानक शीर्षकों का हिंदी अनुवाद किया गया। 40 मानकों का हिंदी में अनुवाद किया गया। इनमें से 6 मानकों का अनुमोदन तकनीकी समिति ने कर दिया है, 5 मानकों का प्रकाशन हिंदी में किया गया तथा 15 अनूदित मानक प्रेस में हैं। सामान्य अनुवाद के अंतर्गत विश्व मानक दिवस, वार्षिक रिपोर्ट, आंतरिक दूरभाष निर्देशिका, और राजीव गाँधी गुणता पुरस्कार के लगभग 135 पृष्ठों का हिंदी अनुवाद किया। हॉलमार्किंग विभाग की 19 स्लाइड हिंदी में तैयार की गई तथा प्रवर्तन गतिविधियों से संबंधित 19 स्लाइड हिंदी में तैयार की गईं। एमओयू के 16 पृष्ठों का हिंदी अनुवाद, मिलान और संशोधन का कार्य किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रेस विज्ञप्तियाँ, प्रपत्रों, सामान्य अनुवाद संबंधी 470 पृष्ठों का हिंदी अनुवाद किया गया।

विदेशी भाषा एवं प्रकाशन

यह विभाग दो मासिक पत्रिकाओं स्टैण्डर्डस इंडिया (पूर्व में 1949 से प्रकाशित आईएसआई बुलेटिन) तथा 1958 से प्रकाशित स्टैण्डर्डस मंथली एडीशन के माध्यम से वैज्ञानिक, तकनीकी, औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्र में मानकीकरण आंदोलन के प्रचार–प्रसार तथा संवर्द्धन का कार्य करता है। स्टैण्डर्डस इंडिया पत्रिका देश तथा विदेश में मानकीकरण हेतु किए जा रहे प्रयत्नों की जानकारी तथा समीक्षाएँ प्रस्तुत करता है। इस पत्रिका में मानकीकरण तथा संबंधित क्षेत्र में हो रही नवीनतम प्रगति के विषय में विशेषज्ञों द्वारा लिखे लेखों आदि के माध्यम से पाठकों के सामने अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करता है। स्टैण्डर्डस मंथली एडीशन एक लघु प्रकाशन होने के बावजूद हर माह, उस माह के दौरान वर्तमान मानकों से संबंधित सभी संशोधनों, परिवर्तनों तथा नए और मसौदा चरण तक विकसित मानकों के विषय में पाठकों को जानकारी देता है और विदेशों से प्राप्त ऐसी ही सूचनाएँ प्रकाशित की जाती हैं।

यह विभाग प्रतिवर्ष बीआईएस कैटलॉग नामक एक कैटलॉग प्रकाशित करता है। इस कैटलॉग की सामग्री को कई शीर्षकों में विभाजित किया जाता है : (क) 31 दिसम्बर तक अद्यतन किए भा मा ब्यूरो द्वारा प्रकाशित मानक (ख) भारतीय मानकों के रूप में ग्रहण किए गए अंतर्राष्ट्रीय मानक, (ग) हिंदी में (अनूदित) भारतीय मानक, (घ) विशेष प्रकाशन, संदर्भ और गणना सहायक सामग्री, (ङ) सभी प्रकाशनों संबंधी विषय–सूची।

भा मा ब्यूरो के पास इन सभी प्रकाशनों का प्रतिलिप्याधिकार होता है। भारतीय मानकों के सार संक्षेप को उद्धृत करने के अनुरोध इस विभाग को भेजे जाते हैं। यह विभाग आईएसओ/जीईएन 19 : 1999 'गाइडलाइंस फॉर ग्रांटिंग कोपीराइट एक्सप्लायटेशन राइट्स टू थर्ड पार्टीज फॉर आईएसओ स्टैण्डर्डस इन बुकस' में निर्दिष्ट प्रक्रिया पर आधारित गणनाओं तथा तकनीकी सत्यापन के बाद आवेदक से प्रतिलिप्याधिकार प्रभार का भुगतान प्राप्त करने के पश्चात् इसकी अनुमति देता है।

यह विभाग विभिन्न विदेशी भाषाओं के तकनीकी प्रलेखों, मानकों और अन्य सामग्री का अंग्रेजी में तथा अंग्रेजी से फ्रेंच और जर्मन भाषा में अनुवाद हेतु अनुवाद सेवाएँ उपलब्ध कराता है। अन्य विदेशी भाषाओं तथा भारतीय भाषाओं से अंग्रेजी में तथा अंग्रेजी से विदेशी भाषाओं में अनुवाद कार्य हेतु एक अनुवादक पैनल भी बनाया गया है। अनुवाद हेतु विभिन्न तकनीकी समितियों और उद्योगों से समय–समय पर अनुरोध प्राप्त होते रहते हैं। यह विभाग जर्मन और फ्रेंच भाषा बोले जाने वाले देशों के साथ इंटरएक्शन की सुविधा भी उपलब्ध कराता है।

During the year, 280 standards titles were translated. Besides, the translation panel considered 40 standards for translation. Of these, six translated finalized draft Indian standards have been approved by the technical committee, five standards have been published in Hindi. 15 translated standards are under print. About 135 pages of translation work like Annual report, World Standards Day documents, different regulations, internal telephone directory, RGNQ awards documents, MoU related documents. 19 slides each from Hallmarking department and enforcement department were translated in Hindi. 470 pages of Press Notes, Advertisements, Tenders, Letters, notes were translated, vetted, typed, compared and correction work was done on urgent basis.

Foreign Languages and Publications

The department handles the projection and promotion of the standardization movement in scientific, technical, industrial and business circles through two monthly journals - Standards India, the erstwhile ISI Bulletin which dates back to 1949, and Standards Monthly Additions, which was started in 1958. Standards India presents a stimulating commentary and review of the standardization effort at home and abroad. Highlighting as it does the very latest progress in the field, spiced with thought provoking critical comments; it has established itself in the field as a magazine of repute. The Standards Monthly Additions is a small but sleek publication recording all amendments, alterations and information regarding standards, new, existing or in the draft stage issued at home or received from abroad during the month.

A catalogue containing titles of (a) Indian Standards published by BIS updated up to the 31st December, (b) International Standards adopted as Indian Standards, (c) Indian Standards in Hindi (translation), (d) Special publications, reference and calculation aids, and (e) Index corresponding to all publications listed in the catalogue is published annually by the department.

BIS has the copyright of all its publications and requests for reproducing extracts from Indian Standards are forwarded to the department. After technical verification and calculations based on the procedures adopted from ISO/GEN 19 : 1999 `Guidelines for Granting Copyright Exploitation Rights to Third Parties for ISO Standards in Books', the department grants permission to the applicant on payment of the copyright charges.

Translation services are provided by the department for translation of technical documents, standards and other material from various foreign languages into English and from English into French and German. A panel of translators is also available for translation of other Foreign and Indian languages into English and *vice-versa*. Regular requests are received from various technical committees as well as from the industry. The department also facilitates interaction with countries where German or French language is spoken.

प्रमाणन

उत्पाद प्रमाणन

भा मा ब्यूरो एक उत्पाद प्रमाणन योजना का प्रचालन करता है, जिसका नियंत्रण *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम,* 1986 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और उपनियमों द्वारा किया जाता है। उत्पाद पर मानक मुहर (आईएसआई मुहर के नाम से लोकप्रिय) की उपस्थिति संबद्ध भारतीय मानक के साथ इसकी अनुरूपता प्रदर्शित करती है। किसी विनिर्माता को लाइसेंस प्रदान करने से पहले भा मा ब्यूरो विनिर्माता के पास आवश्यक अवसंरचना तथा क्षमता की उपलब्धता सुनिश्चित करता है और सतत रूप से संबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप उत्पाद की जाँच करता है। उत्पादन स्थल और बाज़ार से नमूने लिए जाते हैं तथा संबद्ध भारतीय मानक के प्रति उनकी अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए स्वतन्त्र प्रयोगशाला से उनकी जाँच कराई जाती है।

प्रमाणन योजना मूलतः स्वैच्छिक किस्म की है, परंतु उपभोक्ता के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करने वाली तथा आम उपयोग की बहुत सी वस्तुओं को भा मा ब्यूरो अधिनियम और सरकार द्वारा विभिन्न वैधानिक उपायों जैसे खाद्य अपमिश्रण अधिनियम, ईसी अधिनियम, भारतीय विस्फोटक अधिनियम, परमाणु ऊर्जा नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, नवजात शिशुओं हेतु दूध विकल्प सामग्री, दूध पिलाने की बोतल और नवजात शिशु हेतु खाद्य सामग्री अधिनियम आदि के माध्यम से अनिवार्य बनाया गया है। कुछ वस्तुओं को अनिवार्य प्रमाणन योजना के अंतर्गत लाया गया है, यथा एलपीजी सिलेण्डर, दूध पाउडर, संघनित दूध, नवजात शिशुओं के लिए धान्य आधारित खाद्य सामग्री, डाक्टरी थर्मामीटर, पैकेजबंद पेयजल और प्राकृतिक खनिज जल, बिजली की इस्तरी, निमज्जय वाटर हीटर, केबल, बल्ब, सर्किट ब्रेकर, ऊर्जा मीटर, शुष्क बैटरियाँ, इस्पात के पाइप, तेलदाब स्टोव, एक्सरे उपकरण, दूध पिलाने वाली प्लास्टिक की बोतल, डीजल इंजन, सीमेंट, इस्पात और इस्पात के उत्पाद (17 वस्तुएँ) आदि।

वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन योजना में काफी वृद्धि हुई। इस योजना के अंतर्गत चालू वर्ष में 2436 लाइसेंस (हॉमार्किंग को छोड़कर) स्वीकृत किए गए (*देखें* आकृति 2)। इन स्वीकृत लाइसेंसों में वे 11 उत्पाद शामिल है जिन्हें पहली बार प्रमाणन योजना के अंतर्गत लाइसेंस दिया गया, यथा पैथोलॉजिकल कार्य के लिए काँच की नलियाँ, 5 प्रतिशत दानेदार क्विनालफॉस, पॉलीएस्टर स्ट्रेपिंग, प्रेटीलाक्लोर ईसी 50 प्रतिशत, आंशिक रूप से मक्खन निकला दूध पाउडर, उपभोक्ता माल हेतु सिंथेटिक



आकृति 2 भा मा ब्यूरो द्वारा स्वीकृत उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस

***Fig.* 2 BIS Product Certification Licences Granted**

CERTIFICATION

PRODUCT CERTIFICATION

BIS operates a Product Certification Scheme, which is governed by the *Bureau of Indian Standards Act*, 1986 and Rules and Regulations framed thereunder. Presence of Standard Mark (Popularly known as ISI mark) on product indicates conformity to the relevant Indian Standard. Before granting licence to any manufacturer, BIS ascertains the availability of required infrastructure and capability of the manufacturer to produce and test the product conforming to the relevant Indian Standard on a continuous basis. Samples are also drawn from the production line as well as from market and got tested in independent laboratories to ensure their conformance to the relevant Indian Standard.

The Certification Scheme is basically voluntary in nature but for a number of items primarily affecting health and safety of the consumer, it has been made mandatory by the Government through various statutory measures such as Prevention of Food Adulteration Act; EC Act; Indian Explosive Act; Atomic Energy Regulation Board; Environment Protection Act; The Infant Milk Substitutes, Feeding Bottles and Infant Food Act; besides BIS Act. Some of the items brought under mandatory certification are LPG cylinders; Milk powder; Condensed milk; Cereal food for infant; Clinical thermometers; Packaged drinking water and natural mineral water; Electrical iron; Immersion water heater; Cables; Switches; Bulbs; Circuit breakers; Energy meters, Dry batteries; Steel tubes; Oil pressure stoves; X-ray equipment; Plastic feeding bottles, Diesel engine, Cement; Steel and Steel products (17 items) etc.

Considerable progress was made in BIS product certification scheme during the current year where 2436 new licences (excluding Hallmarking) were granted (*see* Fig.2), which includes 11 products covered for the first time under the scheme. These products are Glass tube for pathological works; Quinalphos 5 percent Granules; Polyester strapping; Pretilachlor EC 50 percent; Partially skimmed milk powder; Fasteners for consumer goods synthetic hook and loop tape; Follow-

हुक एवं लूपटेप के लिए फास्टनर, पूरक खाद्य सामग्री के लिए फालो–अप फार्मूले, क्रॉसलिंक्ड पॉलीएथलीन रोधित थर्मोप्लास्टिक का खोल चढ़ी केबल, विशिष्ट प्रकार के वेष्टन तार, खड़ंजे हेतु पहले से ढले कंक्रीट के ब्लॉक।

भा मा ब्यूरो प्रमाणन स्कीम के अंतर्गत लाए गए भारतीय मानकों की कुल संख्या 1010 है।

31 मार्च 2008 को प्रचालित लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 20025 हो गई (*देखें* आकृति 3)।



आकृति 3 लागू लाइसेंसों की संख्या (31 मार्च के अनुसार)

***Fig.* 3 Number of Operative Licences (as on 31 March)**

up formulae complimentary food; Crosslinked polyethylene insulated thermoplastic sheathed cables; Particular types of winding wires; Precast concrete blocks for paving.

The total number of Indian Standards which have been covered under BIS Certification Marks Scheme are 1010.

The total number of operative licences as on 31 March 2008 rose to 20025 (*see* Fig. 3).

प्रमाणन योजना के अंतर्गत प्रचालित लाइसेंस/आवेदकों का आकलन

लाइसेंसों के प्रचालन को मॉनीटर करने के लिए वर्ष के दौरान 30658 निरीक्षण दौरे किए गए और स्वतन्त्र परीक्षण के लिए 28360 नमूने लिए गए। श्रम शक्ति संबंधी बाधाओं के कारण, भा मा ब्यूरो ने निगरानी निरीक्षण का कार्य बाहरी एजेंसियों को आउटसोर्स किया है, एजेंटों को नियुक्त किया गया है और उनके साथ करारनामे पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है और विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किए गए हैं। आशा है कि इससे लाइसेंसधारियों को बेहतर सेवा मिलेगी तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

Assessment of Operative Licences/Applicants under Product Certification Scheme

In order to monitor the operation of licences, a total number of 30658 inspection visits were organized during the year and 28360 samples were drawn for independent testing. Due to the constraint of man power, BIS has outsourced the surveillance inspections to the outside agencies. Agents have been appointed and agreement has been signed with them. Training has been imparted and detailed guidelines have been issued. By this, it is expected to provide better services to the licensees and protect consumer's interest.

प्रमाणन योजना के प्रचालन की समीक्षा

भारतीय मानक ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना के प्रचालन के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रचालन के प्रमुख क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लाइसेंसधारियों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष 2007–08 में लाइसेंसधारियों के साथ 20 समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में पीवीसी पाइप, घरेलू प्रेशर कुकर, लकड़ी और लकड़ी उत्पाद, संधारित्र, वस्त्रादि उत्पाद, सूती बनियानें और सूती धागा, बिजली के घरेलू फूड मिक्सर, केबल, सीलिंग फैन और रेगुलेटर, ढलवाँ लोहे के वाल्व, पटसन के कट्टे, ऑटो में लगने वाले एलपीजी कंटेनर, इस्पात और इस्पात उत्पाद आदि विषय शामिल थे।

Review of Certification Operation

In order to acquire feedback on the operation of the BIS Certification Marks Scheme, review meetings with the licensees representing significant fields of operations are organized on a regular basis. In 2007-08, 20 review meetings with licensees were organized covering the areas of PVC Pipe, Domestic Pressure Cooker, Wood & Wood Products, Capacitors, Textile Products, Cotton Vest and Cotton Yarn, Domestic Electrical Food Mixer, Cable, Ceiling Fans and Regulators, Cast Iron Valves, Jute Bag, Auto LPG Containers, Steel and Steel Products.

आयातित उत्पादों का प्रमाणन

वर्ष 1999 से भा मा ब्यूरो द्वारा आयातित वस्तुओं के प्रमाणन के लिए दो योजनाओं का प्रचालन किया जा रहा है एक विदेशी विनिर्माताओं के लिए और दूसरी

Certification of Imported Products

BIS is operating two schemes for certification of imported goods, one for foreign manufacturers and the other for Indian

भारतीय आयातकों के लिए। इस योजना के प्रावधानों के अंतर्गत विदेशी उत्पादक भारतीय मानक की विशिष्टि के अनुरूप वाले किसी भी उत्पाद के लिए भारतीय मानक ब्यूरो में लाइसेंस प्रदान करने हेतु आवेदन कर सकता है। भारतीय आयातक आयात किए जा रहे उत्पाद पर भा मा ब्यूरो की मानक मुहर लगाने के लिए प्रमाणन हेतु आवेदन कर सकता है। वर्ष के दौरान ऐसे 43 उत्पादों हेतु लाइसेंस स्वीकृत किए गए। सीमेंट, केबल तथा चालक, स्विच गियर, टायर, दूध पिलाने की प्लास्टिक की बोतल आदि वस्तुओं के लिए भारतीय मानक ब्यूरो ने पाकिस्तान, चीन, नेपाल, थाइलैंड तथा स्पेन को विदेशी विनिर्माता स्कीम के अंतर्गत लाइसेंस प्रदान किए। इस योजना के अंतर्गत कुल लाइसेंसों की संख्या 106 हो गई। भारतीय आयातक योजना के अंतर्गत भी एक लाइसेंस स्वीकृत किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योजनाएँ

आईईसी की अनुरुपता आकलन योजनाएँ

आईईसी द्वारा विद्युत और इलैक्ट्रॉनिक उत्पादों के तीन विश्वव्यापी अनुरूपता आकलन योजनाओं, यथा आईईसीईई – सीबी, आईईसीक्यू तथा आईईसीईएक्स योजनाओं का प्रचालन करता है।

i) आईईसीईई–सीबी योजना

आईईसीईई–सीबी योजना के अंतर्गत इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी उत्पादों हेतु एनसीबी के रूप में भा मा ब्यूरो और एसटीक्यूसी सदस्य निकाय है।

ii) इलैक्ट्रॉनिक पुर्जों के लिए आईईसी गुणता आकलन पद्धति (आईईसीक्यू)

भारत में प्रचालित इस पद्धति के अंतर्गत निम्नलिखित संगठन शामिल हैं:

क) **भा मा ब्यूरो** – देश में पद्धति के प्रबंध का दायित्व भा मा ब्यूरो पर है। राष्ट्रीय अधिकृत संस्थान (एनएआई) के रूप में और मानकों के निर्धारण के लिए राष्ट्रीय मानक संगठन (एनएसओ) के रूप में कार्य करता है।

ख) **एसटीक्यूसी निदेशालय** – मूल्यांकन और निगरानी का दायित्व एसटीक्यूसी पर है जो राष्ट्रीय निरीक्षणालय (एनएसआई) के रूप में कार्य करता है।

ग) **एनपीएल तथा एसटीक्यूसी की क्षेत्रीय प्रयोगशालाएँ** – ये राष्ट्रीय अंशशोधन सेवा (एनसीएस) प्रदान करते हैं जो पद्धति को अंशशोधन में सहायता देता है।

इस पद्धति के अंतर्गत एनएआई द्वारा विनिर्माता, वितरकों तथा प्रयोगशालाओं को एनएसआई द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर अनुमोदन प्रदान किए जाते हैं। अनुमोदन प्रदान करने के बाद एनआईएस द्वारा इन इकाइयों के निरीक्षण दौरे भी किए जाते हैं। प्रचालन का समग्र नियंत्रण भारतीय राष्ट्रीय निगरानी व्यवस्था विवरण द्वारा किया जाता है, जो प्रत्येक शामिल संगठन के कार्यों का विवरण देने के साथ भारत में अपनाई जाने वाली अनुमोदन की पद्धति भी प्रदान करता है।

importers since the year 1999. Under the provisions of this scheme, foreign manufacturers can seek certification from BIS for marking their product with BIS Standard Mark and Indian importers can also seek BIS certification for applying BIS Standard Mark on the product being imported into the country. During the year, 43 licences were granted for products such as Cement, Cables and conductors, Switchgears, Tyres, Plastic Feeding Bottles in countries like, Pakistan, China, Nepal, Bangladesh Thailand and Spain taking the number of total licences in operation under Foreign Manufacturers Scheme to 106. One licence was also granted under the Indian Importer Scheme.

INTERNATIONAL SCHEMES

Conformity Assessment Schemes of IEC

IEC operates mainly 3 world wide conformity assessment schemes for electrical and electronic products, namely IECEE-CB, IECQ and IEC Ex Schemes.

i) IECEE-CB Scheme

BIS is a member body under the IECEE-CB scheme with STQC as NCB for Electronic and Information Technology products.

ii) IEC Quality Assessment System for Electronic Components (IECQ)

Under this scheme, presently operated in India, the following organizations are involved:

a) **BIS** – Acts as National Authorized Institution (NAI) having overall responsibility of managing the system in the country and National Standards Organization (NSO) for formulation of standards.

b) **STQC Directorate** – Acts as National Supervising Inspectorate (NSI) having responsibility of appraisal and surveillance.

c) **NPL and Regional Laboratories of STQC** – Act to provide National Calibration Services (NCS) which provides calibration support to the system.

Under this system, approvals are granted by NAI to manufacturers, distributors and laboratories on the basis of appraisal done by NSI. After the approval is granted, surveillance visits are also paid to these units by NSI. Overall system of operation is governed by Indian National Statement of Surveillance Arrangements which provides details of functions of each organization involved and also the system of the approval followed in India.

iii) विस्फोटक वातावरण के लिए विद्युत उपकरणों हेतु मानकों के प्रमाणन की आईईसी ईएक्स योजना (आईईसी ईएक्स)

इस योजना के अंतर्गत भा मा ब्यूरो को राष्ट्रीय सदस्य निकाय के रूप में स्वीकार किया गया है।

स्वर्ण / रजत आभूषणों की हॉलमार्किंग योजना

हॉलमार्किंग योजना में प्रगति

अप्रैल 2007 से मार्च 2008 के दौरान सरलीकृत और युक्तिसंगत बनाई गई इस स्कीम के कार्यान्वयन से उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दिनांक 31 मार्च 2007 को स्वर्णाभूषणों के लाइसेंसों की संख्या 3466 से बढ़कर 31 मार्च 2008 को 5403 हो गई। इस अवधि के दौरान औसतन 161 लाइसेंस प्रतिमाह स्वीकृत किए गए। प्रतिमाह हॉलमार्क किए गए आभूषणों / वस्तुओं की संख्या पिछले वर्ष 7.89 लाख प्रतिमाह की तुलना में बढ़कर 14.3 लाख प्रतिमाह हो गई। भा मा ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त मूल्यांकन एवं हॉलमार्किंग केन्द्रों की संख्या 45 (31 मार्च 2007 को) से बढ़कर 31 मार्च 2008 को 51 हो गई।

रजत आभूषणों / वस्तुओं के लिए लाइसेंसों की संख्या 31 मार्च 2007 को 242 की तुलना में 31 मार्च 2008 को बढ़कर 405 हो गई।

केन्द्रीय सहायता से भारत में स्वर्ण आकलन / आभूषणों के हॉलमार्किंग केन्द्रों की स्थापना की योजना का कार्यान्वयन

23 अक्टूबर 2007 को सचिव (उपभोक्ता मामले) की अध्यक्षता में आयोजित स्थायी वित्त समिति की बैठक में इस स्कीम को 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत रु. 10.50 करोड़ के आउटले सहित चालू रखने का अनुमोदन किया गया।

केन्द्र सरकार की सहायता से इस योजना के अंतर्गत मेरठ, लुधियाना, कोट्टयम, जबलपुर, विजयवाड़ा, मदुरै में एक–एक तथा सेलम में दो एसेयिंग एवं हॉलमार्किंग केन्द्रों की स्थापना की गई। इस अवधि के दौरान भा मा ब्यूरो ने ठाणे और चंडीगढ़ में एसेयिंग एवं हॉलमार्किंग केन्द्रों को मान्यता प्रदान की।

शिल्पकारों को प्रशिक्षण

इस अवधि के दौरान शिल्पकारों को हॉलमार्किंग की अवधारणा से अवगत कराने, टॉका सही लगाने की विधि और आभूषण विनिर्माण में उत्तम उत्पादन रीतियों के प्रयोग के विषय में जानकारी देने के

iii) IEC Ex Scheme for Certification to Standards for Electrical Equipments for Explosive Atmospheres (IEC Ex)

Under this scheme, BIS has been accepted as a National Member Body.

HALLMARKING SCHEME OF GOLD/SILVER JEWELLERY

Progress of Hallmarking Scheme

With the implementation of the simplified and rationalized scheme for Hallmarking, the Scheme has significantly grown during the period April 2007 to March 2008. The number of licences for Hallmarking of gold jewellery has grown from 3466 on 31 March 2007 to 5403 as on 31 March 2008. An average of 161 licences per month was granted during this period. 171.66 lakh articles of gold jewellery/ artefacts have been hallmarked during this period. Average quantity hallmarked per month has grown to 14.3 lakh/month during this year from 7.89 lakh/ month in the previous year. During this period, the number of BIS recognized assaying and hallmarking centres has increased from 45 (as on 31 March 2007) to 91 as on 31 March 2008.

The number of silver licences for Hallmarking of silver jewellery/artefacts has grown from 242 on 31 March 2007 to 405 as on 31 March 2008.

Implementation of the Scheme for Setting up of Gold Assaying / Hallmarking Centres in India with Central Assistance

The Scheme has been approved for its continuation under the 11th Five Year Plan with an outlay of Rs. 10.50 crore at a meeting of the Standing Finance Committee held under the Chairmanship of Secretary (CA) on 23 October 2007.

Under the Government Scheme for Central Assistance for creating infrastructure, 11 Centres, one each at Meerut, Ludhiana, Mysore, Kottayam, Jabalpur, Vijayawada, Madurai, Salem (2 numbers), Thane and Chandigarh have been recognized by BIS during this period.

Training for Artisans

During this period five training programmes for artisans were organized at Mumbai (2 numbers), Raipur, Kolkata, Mysore, Trichur, Surat, Chennai, Coimbatore and Delhi, to make artisans aware of the concept of

लिए मुम्बई में (दो) तथा रायपुर, कोलकाता, मैसूर, त्रिचूर, सूरत, चैन्नई, कोयम्बतूर और दिल्ली में एक–एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हॉलमार्किंग के विषय में प्रचार

देश में स्वर्ण आभूषणों के व्यापार में प्रभावी उपभोक्ता सुरक्षा के लिए हॉलमार्किंग को प्रोत्साहन देने हेतु वर्ष के दौरान देश भर में विभिन्न क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों द्वारा 57 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भा मा ब्यूरो ने 28 जुलाई 2007 को नई दिल्ली में एसोचेम के साथ सहप्रायोजित करके तृतीय अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण सम्मेलन का आयोजन किया। हॉलमार्किंग योजना के लाभों के प्रति उपभोक्ताओं / स्वर्णाभूषणों के निर्माताओं में जागरूकता पैदा करने के लिए देशभर के अखबारों में 170 विज्ञापन जारी किए गए।

भारतीय मानक ब्यूरो (मूल्यवान धातुओं की हॉलमार्किंग) विनिमय का मसौदा

हॉलमार्किंग योजना को कानूनी समर्थन देने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (मूल्यवान धातुओं की वस्तुओं की हॉलमार्किंग) विनियम का मसौदा तैयार किया गया और कार्यकारिणी समिति से अनुमोदन कराने के बाद इसे सरकार (उपभोक्ता मामले मंत्रालय) के पास अनुमोदन हेतु भेजा गया। मंत्रालय में चर्चा की गई, चर्चा के आधार पर विनियमों का संशोधित मसौदा सरकार के पास अनुमोदन हेतु भेजा गया।

मूल्यवान धातुओं के नियंत्रण तथा मुहरांकन हेतु वियेना समझौते पर आरोहण

भारतीय स्वर्णाभूषणों को विश्वभर में मान्यता दिलाने के उद्देश्य से वियेना समझौते पर आरोहण हेतु सरकार के अनुमोदन के लिए कैबिनेट नोट का मसौदा उपभोक्ता मंत्रालय के पास भेजा।

यूरोपियन एस्से ऑफिस (एईएओ) की सदस्यता

भारतीय मानक ब्यूरो ने वियेना समझौते के निर्देशों के अनुरूप काम करने वाली एईएओ की सदस्यता हेतु एक प्रस्ताव बनाकर सरकार के अनुमोदन हेतु उपभोक्ता मामले मंत्रालय, भारत सरकार के पास भेजा। इसकी सदस्यता से 'राउंड रोबिन टेस्टों' में भाग लेने तथा अन्य सदस्यों के साथ तकनीकी सहयोग में सहायता मिलेगी।

Hallmarking, use of correct solders and good manufacturing practices in jewellery making.

Publicity about Hallmarking

To promote Hallmarking in the country for effective consumer protection in gold jewellery trade, 57 awareness programmes for jewellers were organized by various Regional and Branch offices across the country. BIS also co-sponsored the 3rd International Gold Summit organized by ASSOCHAM in New Delhi, on 28 July, 2007. 170 advertisements were released in various newspapers across the country for spreading awareness among the consumers / jewellers about the benefits of Hallmarking scheme.

Draft Bureau of Indian Standards (Hallmarking of Precious Metal Articles) Regulations

To provide a legal back up to Hallmarking, Draft Bureau of Indian Standards (Hallmarking of Precious Metal Articles) Regulations were got approved by the BIS Executive Committee and sent to the Government (Ministry of Consumer Affairs). Based on further discussions held in Ministry, modified Draft Regulations have been sent again to Government for approval.

Accession to Vienna Convention on Control and Marking of Precious Metals

In order to get further recognition to the Indian Jewellery exported world over, a draft cabinet note was sent to Ministry of Consumer Affairs for seeking Government approval for accession to Vienna Convention.

Membership of Association of European Assay Office (AEAO)

The proposal for BIS to become the member of the AEAO which functions on the sidelines of Vienna Convention has also been sent to Ministry of Consumer Affairs, Government of India for approval of the Government. This membership would help India in technical cooperation with other members and participation in 'Round Robin Tests'.

अनिवार्य हॉलमार्किंग हेतु भा मा ब्यूरो अधिनियम में परिवर्तन

स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य प्रमाणन के अंतर्गत लाने के लिए *भा मा ब्यूरो अधिनियम,* 1986 में संशोधन हेतु प्रस्ताव एक कैबिनेट नोट के साथ उपभोक्ता मामले मंत्रालय को भेजा।

प्रबंध पद्धति प्रमाणन

भा मा ब्यूरो ने प्रबंध पद्धतियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय मानकों के अनुसार निम्नलिखित प्रमाणन सेवाएँ प्रदान करना जारी रखा :

क) आईएस/आईएसओ 9001 : 2000 के अनुसार गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

ख) आईएस/आईएसओ 14001 : 2000 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना।

ग) आईएस/आईएसओ 15000 : 1998 के अनुसार खाद्यजनित हानि विश्लेषण और क्रांतिक नियंत्रण बिंदु (एचएसीसीपी) योजना।

घ) आईएस/आईएसओ 18001 : 2000 के अनुसार व्यवसाय में स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धति (ओएचएंडएसएमएस) प्रमाणन योजना।

ङ) आईएस/आईएसओ 22000 : 2005 के अनुसार खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति (एफएसएमएस) प्रमाणन योजना।

च) आईएस/आईएसओ 15700 : 2005 के अनुसार सेवा गुणता प्रबंध पद्धति (एसक्यूएमएस) प्रमाणन योजना।

गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

भा मा ब्यूरो गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना सितम्बर 1991 में *भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम,* 1986 के अधीन शुरू की गई थी। यह योजना आईएसओ/आईईसी 17021 अनुरूपता – प्रबंध पद्धतियों का ऑडिट करने वाले और प्रमाणन प्रदान करने वाले निकायों की अपेक्षाओं के अनुसार प्रचालित की जा रही है।

1 अप्रैल 2007 से 31 मार्च 2008 तक 73 क्यूएमएस प्रमाणन लाइसेंस स्वीकृत किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2008 को प्रचालित लाइसेंसों की कुल संख्या 1161 हो गई। स्वीकृत किए गए लाइसेंसों में बैंकिंग सेक्टर, रसायन, निर्माण, डेयरी संयंत्र, शिक्षा, विद्युत उत्पादन, इंजीनियरी सेवाएँ, स्वास्थ्य सैक्टर, बीमा, सूचना प्रौद्योगिकी, खनन, मशीनरी, पेट्रोलियम, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल, वस्त्रादि, दूरसंचार, यातायात, लकड़ी आदि औद्योगिक सैक्टर शामिल है।

पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

भारतीय मानक ब्यूरो आईएस/आईएसओ 14001 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना का प्रचालन कर रहा है। वर्ष के दौरान 16 नए ईएमएस लाइसेंस स्वीकृत किए गए। इन लाइसेंसों में एकीकृत इस्पात संयंत्र, ताप बिजली घर, वैमानिकी उद्योग, परमाणु बिजली घर, वस्त्रादि, सीमेंट, निर्माण, विद्युत और दूरसंचार

Amendment to BIS Act for Mandatory Hallmarking

For bringing Hallmarking of gold jewellery under mandatory certification, proposal for Amendment to *BIS Act*, 1986 was sent along with a draft cabinet note to Ministry of Consumer Affairs.

MANAGEMENT SYSTEMS CERTIFICATION

BIS continued to provide the following Certification services as per the corresponding standards for management systems:

a) Quality Management System (QMS) Certification Scheme as per IS/ISO 9001 : 2000.

b) Environmental Management System (EMS) Certification Scheme as per IS/ISO 14001 : 2000.

c) Hazards Analysis & Critical Control Point (HACCP) Scheme as per IS 15000 : 1998.

d) Occupational Health & Safety Management System (OH&SMS) Certification Scheme as per IS 18001 : 2000.

e) Food Safety Management System (FSMS) Certification Scheme as per IS/ISO 22000 : 2005.

f) Service Quality Management System (SQMS) Certification Scheme as per IS 15700 : 2005.

Quality Management Systems Certification Scheme

BIS Quality Management Systems Certification Scheme (QMSCS) was launched in September 1991 under the provisions of the *Bureau of Indian Standards Act*, 1986. The Scheme is being operated in accordance with standard ISO/IEC 17021 "Conformity assessment - Requirements for bodies providing audit and certification of management systems".

73 QMS Certification licences were granted during 1 April 2007 to 31 March 2008 making a total of operative licences to 1161 as on 31 March 2008 covering industrial sectors such as banking sector, chemicals, cement, construction, dairy plants, education, electricity generation, engineering services, health sector, insurance, information technology, mining, machinery, petroleum, plastic, pharmaceuticals, textiles, telecommunications, transport, wood, etc.

Environmental Management Systems Certification Scheme

The Environmental Management Systems Certification Scheme launched by BIS as per IS/ISO 14001. It is operated as per International criteria laid down in ISO/IEC Guide 66. During the period, 16 EMS new licenses have been granted making a total of operative licenses to 131 as on 31 March 2008. These licenses cover technology areas like integrated

केबल, पेट्रोलियम रिफाइनरी, कीटनाशक, औद्योगिक एवं विस्फोटक रसायन, रेल डिब्बा वर्कशॉप, फार्मास्यूटिकल, मशीनरी, खनन आदि प्रौद्योगिकी क्षेत्र शामिल हैं।

व्यवसाय में स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

भा मा ब्यूरो ने जनवरी 2003 में आईएस 18001 : 2000 के अनुसार ओएचएंडएसएमएस प्रमाणन योजना शुरू की थी, जिसमें किसी की संगठन कानूनी आवश्यकताओं और खतरों तथा जोखिमों के बारे में सूचना को ध्यान रखते हुए जिन्हें संगठन नियंत्रित कर सकता है और अपने कर्मचारियों तथा अन्य लोगों, जिनका स्वास्थ्य तथा सुरक्षा इनके कार्यकलापों से प्रभावित होता है, के लिए नीति तथा लक्ष्य परिभाषित कर सकता है, योजना बना सकता है और प्रबंध कर सकता है। वर्ष के दौरान 6 ओएचएंडएसएमएस लाइसेंस प्रदान किए। इस प्रकार 31 मार्च 2008 को कुल प्रचालित लाइसेंसों की संख्या 35 हो गई। इन लाइसेंसों में ताप बिजलीघर, सिरेमिक उद्योग, साइकिल उद्योग, गैस आधारित बिजलीघर, स्वास्थ्य सेवा और कर्मचारी विकास केन्द्र जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र शामिल हैं।

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आईएस 18001 ऐसा पहला राष्ट्रीय मानक है, जो विश्वव्यापी स्तर पर प्रमाणन योजना के अंतर्गत है। अब मानक का पुनरीक्षित संस्करण आईएस 18001 : 2007 के रूप में तैयार किया गया है। इसे वर्तमान लाइसेंसधारियों और आवेदकों के लिए 1 जनवरी 2008 से कार्यान्वयन हेतु राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा गया है। पुराने मानक के स्थान पर पुनरीक्षित मानक के अनुपालन हेतु एक कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

खाद्यजनित हानि विश्लेषण तथा क्रांतिक नियंत्रण बिंदु (एचएसीसीपी) प्रमाणन योजना

खाद्यजनित हानि विश्लेषण तथा क्रांतिक नियंत्रण बिंदु (एचएसीसीपी) खाद्यान्न उत्पादन में सूक्ष्मजीवी तथा अन्य जोखिमों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए तैयार की गई एक प्रक्रिया नियंत्रण पद्धति है। एचएसीसीपी का उपयोग पूरी खाद्यान्न श्रृंखला यानि उत्पादक से अंतिम उपभोक्ता तक किया जा सकता है और यह योजना आईएस 15000 : 1998 'खाद्य स्वास्थ्य विज्ञान – एचएसीसीपी पद्धतियाँ तथा मार्गदर्शी सिद्धांतों' पर आधारित है जो तकनीकी रूप से कोडेक्स एलिमेंटेरियस स्टेण्डर्ड एलीनार्म – 97/13ए के समकक्ष है। 31 मार्च 2008 को एचएसीसीपी एकीकृत' गुणता पद्धति प्रमाणन योजना के तहत 64 कम्पनियाँ प्रचालित थीं। प्रमाणन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया गुणता पद्धति प्रमाणन योजना की प्रक्रिया जैसी है। यह योजना निर्यातकों को खाद्य तथा खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में विशेष रूप से अमेरिका तथा यूरोपीय देशों हेतु निर्यात के मामलों में मदद करेगी।

खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन

भा मा ब्यूरो ने आईएस/आईएसओ 22000 : 2005 के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन प्रारंभ किया है। यह पद्धति खाद्य श्रृंखला के अंदर आने वाले सभी संगठनों को खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति के

steel plants, thermal power plants, aeronautical industries, atomic power stations, textiles, plastic, cement, construction, electrical and telecommunication cables, petroleum refinery, insecticides, industrial and explosive chemicals, railway wagon workshops, pharmaceuticals, machinery, mining etc.

Occupational Health & Safety Management Systems Certification Scheme

BIS launched OH&SMS certification as per IS 18001 : 2000, in January 2003, which essentially enables an organization to define, plan and manage a policy and objectives, taking into account legislative requirements and information about significant hazards and risks, which the organization can control and over which it can be expected to have an influence, to protect its employees and others, whose health and safety may be affected by the activities of the organization. During the period, 6 OH&SMS licenses have been granted making a total of operative licences to 35 as on 31 March 2008. The licences cover technology areas like thermal power plants, ceramic industry, cycle industry, gas power station, health services and employee development centre.

The standard IS 18001 formulated by BIS, is the first National standard world wide on the subject which is amenable to certification. The standard has since been revised to IS 18001 : 2007 and has been sent for Gazette Notification for its implementation w.e.f. 1 January 2008 for the existing licences and applicants, a transition plan has also been prepared for changeover to the revised standard.

Hazard Analysis and Critical Control Point Certification Scheme

Hazard Analysis and Critical Control Point is a process control system designed to identify and prevent microbial and other hazards in food production. HACCP can be applied throughout the food chain from primary producer to final consumer. This scheme is based on IS 15000 : 1998 'Food Hygiene – HACCP Systems and Guidelines' which is technically equivalent to the Codex Alimentarious Commission Standard, ALINORM – 97/13A, the International Standard on the subject. Under the HACCP Integrated Quality Management Systems Certification Scheme 64 licences were operative as on 31 March 2008. The process followed for certification is similar to the process of QMSCS. This scheme helps the exporters in the field of food and food products especially for export to the countries like USA and European countries.

Food Safety Management Systems Certification Scheme

BIS has launched Food Safety Management System as per IS/ISO 22000 : 2005. This system is designed to allow all types of organizations within the food chain to implement

कार्यान्वयन की अनुमति देती है। एफएसएमएस के कार्यान्वयन से निम्नलिखित लाभ होंगे :

क) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खाद्य उत्पादों की बढ़ी हुई स्वीकार्यता।

ख) उत्पादों/सेवा की जिम्मेदारी के दावों के खतरों में कमी।

ग) ग्राहकों हेतु संविदा अपेक्षाओं में संतुष्टि।

घ) खाद्य उत्पादों की निरापदता सुनिश्चित करना।

ङ) अधिक स्वास्थ्य संरक्षण।

च) अंतर्राष्ट्रीय मानकों और विनियामक अपेक्षाओं के प्रति अनुरूपता प्रदर्शन।

छ) खाद्य निरापदता से संबंधित वैधानिक और विनियामक अपेक्षाओं को लागू करने में सहायता करना।

ज) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रभावी प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना।

31 मार्च 2008 को भा मा ब्यूरो में एफएसएमएस के अंतर्गत 8 आवेदन प्राप्त हुए, जो लाइसेंस देने की प्रक्रियाएँ हैं।

सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन

भा मा ब्यूरो ने सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना अप्रैल 2007 में प्रारंभ की। यह मानक आईएस 15700 : 2005 'गुणता प्रबंध पद्धति – लोक सेवा संगठनों द्वारा दी जाने वाली सेवा हेतु अपेक्षाएँ' पर आधारित है। यह मानक निम्नलिखित तीन मुख्य बातों पर आधारित है :

- परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से व्यावहारिक नागरिक अधिकार पत्र तैयार करना।
- दी जाने वाली सेवाएँ, सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया और उसके नियंत्रण तथा प्रदान करने की अपेक्षाओं की पहचान करना।
- शिकायत निपटान की प्रभावी प्रक्रिया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान एसक्यूएमएस प्रमाणन के अंतर्गत दो आवेदन प्राप्त हुए।

भा मा ब्यूरो प्रबंध पद्धति प्रमाणन का प्रत्यायन

आरवीए द्वारा क्यूएमएस योजना का प्रत्यायन

भा मा ब्यूरो गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन को 23 प्रमुख आर्थिक गतिविधियों के लिए राड वूर एक्रेडिटेटी (आरवीए), नीदरलैंड द्वारा प्रत्यायित किया गया है। निर्दिष्ट अपेक्षाओं के पालन की पुष्टि के लिए आरवीए द्वारा इस योजना का नियमित ऑडिट किया जाता है। आरवीए द्वारा पुनः आकलन के आधार पर आरवीए के प्रत्यायन का अक्टूबर 2009 तक नवीकरण किया गया है। इस अवधि के दौरान आरवी ने भा मा ब्यूरो की क्यूएमएस प्रमाणन योजना का निगरानी मूल्यांकन किया, जिसमें गवाह–ऑडिट भी शामिल है।

a food safety management system. Implementation of FSMS would help to achieve the following benefits:

a) Increased international acceptance of food products.

b) Reduces risk of produce/service liability claims.

c) Satisfies customer contractual requirements.

d) Ensures safety of food products.

e) Greater health protection.

f) Demonstrates conformance to international standards and applicable regulatory requirements.

g) Helps to meet applicable food safety related statutory and regulatory requirements;

h) Ensures to compete effectively in national and international markets

As on 31 March 2008, BIS had received 8 applications for FSMS which were under process.

Service Quality Management Systems Certification Scheme

The BIS Service Quality Management Systems Certification has been launched during April 2007. This is based on the Indian Standard on Service Quality by Public Service Organizations, namely IS 15700 : 2005, 'Quality Management Systems – Requirements for Services Delivery by Public Service Organizations'. This standard focuses mainly on the following 3 key elements:

- Formulation of a realistic Citizen's Charter through a consultative process.
- Identification of services rendered, service delivery processes, their control and delivery requirements.
- An effective process for complaints handling.

During the period, 2 applications for SQMS certification have been received.

Accreditation of BIS Management Systems Certification Schemes

Accreditation of QMS by RvA

BIS Quality Management Systems Certification has been accredited by Raad voor Accreditatie (RvA), Netherlands for 23 major economic sectors. The scheme is regularly audited by RvA to confirm compliance to the laid down requirements. Based on the reassessment by RvA, the accreditation has been renewed by RvA up to October 2009. During the period, RvA carried out surveillance assessment of BIS QMS certification scheme, which also included witness audits.

BUREAU OF INDIAN STANDARDS 4165 (MI) Date 01-6-2010

भा मा ब्यूरो द्वारा आईएसओ/ईसी मार्गदर्शिका 62 के स्थान पर आईएसओ/ईसी 17021 के अनुपालन हेतु बदलाव प्रक्रिया के लिए आरवीए ने सहमति प्रदान की है।

RvA also agreed with the switch over process taken by BIS from ISO/IEC Guide 62 to ISO/IEC 17021 and granted accreditation as per ISO/IEC 17021.

प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाओं का संवर्धन

विभिन्न प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए भा मा ब्यूरो ने 15 जानकारी कार्यक्रम आयोजित किए तथा विभिन्न संगठनों में इस विषय पर प्रस्तुतीकरण किया। ग्राहकों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए इस अवधि के दौरान प्रबंध पद्धति योजना हेतु 3 समीक्षा बैठकें आयोजित कीं।

Promotion of Management Systems Certification Scheme

For the promotion of various Management Systems Certification (MSC) schemes, 15 appreciation programmes were conducted and presentations were also made in various organizations. In order to obtain feedback from the clients, 3 review meetings of Management Systems were also conducted during the period.

प्रबंध पद्धति प्रमाणन हेतु मानक मुहर

भा मा ब्यूरो द्वारा प्रचालित की जा रही विभिन्न प्रमाणन योजनाओं हेतु मानक मुहर को राजपत्र में प्रकाशन के माध्यम से निर्दिष्ट किया गया।

Standard Marks for Management Systems Certification

Through a Gazette Notification, Standard Marks have been prescribed for different Management Systems Certification Schemes being operated by BIS.

भा मा ब्यूरो ऑडिटर

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विभिन्न प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाओं (क्यूएमएस/ईएमएस/ओएचएस/एचसीसीपी/एफएसएमएस) के अंतर्गत 41 ऑडिट करने वाले कार्मिकों (भा मा ब्यूरो ऑडिटर, उप–ठेकेदार और विशेषज्ञ) को पंजीकृत किया गया। कुल मिलाकर भा मा ब्यूरो के पास भा मा ब्यूरो के 250 ऑडीटर उपलब्ध है।

BIS Auditors

During the period, 41 auditing personnel (BIS auditors, sub-contractors and experts) have been registered as auditors under various Management Systems Certification Schemes (QMS/EMS/OHS/HACCP/FSMS). Overall, there are 250 BIS auditors available with BIS.

प्रलेखन

आसानी से और तेजी से ऑडिट करने और उसकी रिपोर्ट लिखना आसान बनाने हेतु प्रबंध पद्धति प्रमाणन के अनेकों प्रलेखों को संशोधित करके सरल बनाया गया। इनमें से कुछ महत्वपूर्ण प्रलेख निम्नलिखित हैं :

i) सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन का ऑडिट करने हेतु फॉरमेट
ii) सभी योजनाओं के लाइसेंस प्रलेखों को संशोधित द्विभाषी (हिंदी–अंग्रेजी) बनाना
iii) आडिट किट
iv) संविदा समीक्षा और आवेदन के औचित्य निर्धारण हेतु चैकलिस्ट
v) ऑडिट रिपोर्ट, प्रारंभिक (प्रमाणन)/नवीकरण
vi) अन–अनुरूपता रिपोर्ट (एनसीआर)
vii) सभी योजनाओं के लिए ऑडिट योजना मैट्रिक्स
viii) सभी योजनाओं के लिए चैकलिस्ट

Documentation

A large number of documents of Management Systems Certification have been revised and simplified to facilitate smoother and faster auditing and reporting. Some important examples are:

i) Formats for auditing Service Quality Management System
ii) Licence document for all Schemes revised making it bilingual (Hindi & English)
iii) Auditor's Kit
iv) Checklist for contract review and adequacy of application
v) Initial (Certification)/Renewal Audit Report
vi) Non-conformity Report (NCR)
vii) Audit Plan Matrix for all Schemes
viii) Checklist for all Schemes

प्रवर्तन गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो प्रमाणन मुहर (आईएसआई मुहर) की गुणतापूर्ण उत्पादों के प्रति झुकाव रखने वाले उपभोक्ताओं के बीच एक अच्छी छवि है, इसलिए उपभोक्ता और संगठित क्रेता गैर–आईएस उत्पादों की तुलना में आईएस मुहर वाले उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं। आईएसआई मुहर की बढ़ती मांग के साथ आईएसआई मुहर के दुरुपयोग की घटनाएँ भी बढ़ रही है, क्योंकि धोखेबाज विनिर्माता बिना भा मा ब्यूरो

ENFORCEMENT ACTIVITIES

The BIS Standard Mark (ISI Mark) has a good brand image as the consumer is inclined towards quality products. Therefore, the consumer as well as the organized purchaser is giving preference to the ISI marked products over non-ISI products. With the growing demand of ISI marked products, the instance of misuse of ISI Mark is also on the rise as the unscrupulous manufacturers are trying to cheat

से लाइसेंस प्राप्त किए घटिया स्तर के उत्पादों पर आईएसआई मुहर लगा कर उपभोक्ताओं को धोखा दे रहे हैं।

वर्ष के दौरान देशभर में आईएसआई मुहर का दुरूपयोग करने वाली फर्मों पर 125 छापे मारे। इनमें से आईएसआई मुहर के दुरूपयोग के 18 मामलों में भा मा ब्यूरो के पक्ष में निर्णय हुआ। इन छापों के दौरान विभिन्न नकली उत्पाद जिनमें अनेक घरेलू उत्पाद जैसे पैकेजबंद पेयजल, टूथ पाउडर, जीएलएस बल्ब, समर्सिबल पंप, संरचना प्रयोजनों हेतु मृदु इस्पात के पाइप, गैस चूल्हे, ब्लाक बोर्ड और लकड़ी के फ्लश डोर, सीमेंट, पीवीसी पाइप, सिंचाई उपस्करों के लिए एमीटर, बिस्कुट और बिजली के उपस्कर आदि जब्त किए गए। प्रवर्तन मामलों में शीघ्र कार्रवाई के लिए भी प्रयास किए। इसके फलस्वरूप अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालयों में अभियोजन प्रारंभ किए गए।

भा मा ब्यूरो ने मुख्यालय और अपने कार्यालयों से देश भर में प्रिंट तथा इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से ऐसे धोखेबाज विनिर्माताओं के विरुद्ध उपभोक्ताओं में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से व्यापक कवरेज देते हुए प्रवर्तन छापों के विषय में अनेक प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी की हैं, जो आईएसआई मुहर का दुरुपयोग करते हैं। उपभोक्ता संगठनों और तत्कालीन विनिर्माता संघों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया, जिससे उन्हें आईएसआई मुहर के दुरुपयोग के बारे में शिक्षित करने के साथ–साथ उन विनिर्माताओं के बारे में जानकारी दी जाए, जो आईएसआई मुहर का दुरुपयोग करते हैं।

the consumers by producing sub-standard products with ISI Mark without obtaining the licence from BIS.

During this year, BIS has carried out 125 enforcement raids all over the country on firms misusing ISI Mark. 18 misuse cases of ISI Mark have been decided in favour of BIS. During these raids, various spurious products including many household products such as Packaged Drinking Water, Tooth Powder, GLS Lamps, Submersible Pumps, Mild Steel Tubes for structural purposes, LPG Stoves, Block Board and Wooden Flush Doors, Cement, PVC Pipes, Irrigation Equipment Emitters, Biscuits, Electrical Appliances etc, were seized. Efforts are also being made for timely processing of the enforcement cases and consequent launching prosecution against the offenders in the Courts.

Apart from above, BIS has also issued number of press releases about the enforcement raids for giving wide coverage by both the print and electronic media with the intention to create awareness among the consumers about the unscrupulous manufacturers who are are misusing ISI Mark. Meetings are also organized with the consumer organizations and the manufacturers association with an objective not only to educate them about the misuse of ISI Mark but also with an intention to get information about the manufacturers who are misusing the ISI Mark.

प्रयोगशाला सेवाएँ

उत्पादकता

भारतीय मानक ब्यूरो ने देशभर में स्थित आठ प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से भारतीय मानकों के अनुरूप भा मा ब्यूरो द्वारा प्रमाणित उत्पादों के अनुरूपता परीक्षण से संबंधित कार्य किया। 1 अप्रैल 2007 से मार्च 2008 की अवधि के दौरान लगातार घटती परीक्षण करने वाली जनशक्ति के बावजूद व्यापक रेंज में उत्पादों की 25321 परीक्षण रिर्पोटें जारी की। परीक्षण करने वाले परीक्षण कार्मिकों की स्वीकृत संख्या 180 की तुलना में वर्तमान में यह संख्या 117 हो गई है।

आकृति 4 में पिछले पाँच वर्षों में भा मा ब्यूरो द्वारा जारी परीक्षण रिपोंटों के संदर्भ में यह आउटपुट दर्शायी गई है।

LABORATORY SERVICES

Productivity

The network of eight BIS laboratories spread throughout the country, continued to provide testing services and test related activities to undertake conformity testing of BIS certified products against relevant Indian Standards. For the period from 1 April 2007 to 31 March 2008, BIS laboratories have issued 25321 test reports covering wide range of products inspite of constant depletion of testing personnel. The strength of testing personnel involved in the testing is now 117 against the sanctioned strength of 180.

The output in terms of number of test reports issued in BIS Laboratories for the last five years is depicted in Fig. 4.



आकृति 4 भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या

***Fig.* 4 Number of Test Reports Issued by BIS Laboratories**

गुणता आश्वासन गतिविधियाँ

प्रयोगशाला प्रबंध पद्धति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाया गया तथा आईएस/आईएसओ/आईईसी 17025 : 2005 मानक पर आधारित प्रलेखों को कार्यान्वित किया गया। इस क्षेत्र की विशेष उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं :

i) गुणता आश्वासन परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 5 प्रतिशत नमूनों का परीक्षण किया गया।

ii) गैस के चूल्हों, प्रैशर कुकर, सीमेंट, फौर्जित पीतल की छड़, इस्पात की चद्दर, यूपीवीसी के पाइप आदि उत्पादों के विभिन्न पैरामीटरों के दक्षता परीक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

iii) समीक्षाधीन अवधि के दौरान अधिकारियों/तकनीकी कार्मिकों ने निम्नलिखित आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया:

क) ऑडिट करने की तकनीक और आईएस/आईएसओ/आईईसी 17025 की ऑडिटिंग अपेक्षाएँ

ख) अनिश्चितता के मापन का आकलन

ग) अंतर–प्रयोगशाला तुलना/दक्षता परीक्षण प्रशिक्षण

घ) भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं में गैर वित्तीय कार्यकारियों के लिए वित्त संबंधी प्रशिक्षण

ङ) सूक्ष्मजैवीय अपेक्षाओं में तकनीकी प्रक्रिया।

ग्राहकों की शिकायतों का संतोषजनक निवारण किया गया।

उत्पाद परीक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

i) भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं में भा मा ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन लाइसेंसधारियों/आवेदकों के तकनीकी कार्मिकों हेतु उत्पाद परीक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। गत वर्ष दिए गए प्रशिक्षणों में प्रेशर कुकर, एलपीजी चूल्हे, इस्पात के उत्पादों का भौतिक परीक्षण, अग्निशमन यंत्र, पेय जल का सूक्ष्म जैवीय परीक्षण शामिल थे।

ii) उत्तर क्षेत्रीय प्रयोगशाला, मोहाली की यांत्रिक प्रयोगशाला में तैनात परीक्षण कार्मिकों हेतु पम्प परीक्षण के लिए एक आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

iii) दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को खाद्य एवं सूक्ष्यजैवीय परीक्षण में प्रशिक्षण हेतु ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

परीक्षण सुविधाओं का आधुनिकीकरण और अद्यतन बनाना

आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थायी समिति ने भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, आंशिक परीक्षण सुविधाओं को पूरा करने, परीक्षण सुविधाओं के उन्नयन, नई परीक्षण सुविधाएँ विकसित करने तथा अवसंरचना के विकास हेतु लगभग रू. 17.5 करोड़ अनुमोदित किए। इस प्रक्रिया में लगभग 2 करोड़ रु. के उपस्कर भा मा ब्यूरो की

Quality Assurance Activities

For effective implementation of laboratory management system, the laboratories have updated and implemented the documents based on Standard IS/ISO/IEC 17025 : 2005. The highlights of the achievements are as below:

i) 5 percent of samples tested under Quality Assurance testing programme.

ii) Participated in proficiency testing programmes for various parameters of products like LPG stove, Pressure cooker, Cement, Forged brass bar, Steel sheet, UPVC pipes etc.

iii) Officers/technical personnel attended following training programmes organized during the period:

a) Auditing Techniques and auditing requirements of IS/ISO/IEC/17025

b) Estimation of measurement of uncertainty

c) Inter-Laboratory Comparisons/Proficiency testing training

d) Training on finance for non-finance executives in BIS labs

e) Technological processes in microbiological requirement

The complaints received were settled to the satisfaction of the clients.

Training Programmes on Product Testing

i) BIS laboratories also organized training programmes on product testing for technical personnel of BIS product certification licensees/applicants. The products covered during last year were pressure cooker, LPG stove, physical testing of steel products, training programme on fire extinguisher, training programme in microbiological testing on drinking water etc.

ii) An internal training programme on pump testing for testing personnel of Mechanical lab was organized at Northern Regional Laboratory, Mohali.

iii) Summer training in Food and Microbiological testing was provided to students of Delhi University.

Modernization and Upgradation of Test Facilities

In the modernization programme, the Standing Committee had approved approx. 17.5 crores for modernization, completion of partial test facilities, up gradation of test facilities, development of new test facilities and infrastructure for BIS labs. In this process equipment to the tune of around Rs.2 crores have already been

विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा पहले ही खरीदे जा चुके हैं और उनके संस्थापन हेतु अवसंरचना विकसित की जा रही है।

स्केन की गई रिपोर्ट क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों को भेजना

भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं द्वारा नमूनों की सभी परीक्षण रिर्पोटें हार्ड कापी के रूप में भेजने के बजाय स्केनिंग करके भा मा ब्यूरो के सर्वर पर अपलोड की जा रही हैं। इस प्रक्रिया से समय तथा धन की बचत हुई है तथा हार्ड कापी के रूप में रिर्पोटों का संभावित दुरूपयोग रूका है।

भा मा ब्यूरो द्वारा प्रयोगशाला मान्यता योजना

भा मा ब्यूरो की उत्पाद प्रमाणन योजना के प्रचालन में सहायता हेतु भा मा ब्यूरो द्वारा प्रयोगशाला मान्यता योजना का प्रचालन किया जाता है। मान्यता प्राप्त बाहरी प्रयोगशालाओं का उपयोग परीक्षण का कार्यभार अधिक होने या भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं में वे परीक्षण सुविधाएँ उपलब्ध न होने या उपकरणों के खराब होने पर किया जाता है। वर्तमान में विभिन्न उत्पादों के परीक्षण के लिए भा मा ब्यूरो ने 125 प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान की है।

स्वर्णाभूषणों हेतु दक्षिण क्षेत्रीय प्रयोगशाला में संदर्भ एवं एसेयिंग केन्द्र

दक्षिण क्षेत्रीय प्रयोगशाला में आवश्यक उपस्कर उपलब्ध कराकर उसे हॉलमार्क किए गए स्वर्णाभूषणों हेतु संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में विकसित किया गया है।

सतर्कता गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो में सतर्कता गतिविधियों का कार्यक्षेत्र और प्रकृति

भा मा ब्यूरो के सतर्कता विभाग का अध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी है और उसकी सहायता के लिए चार सतर्कता अधिकारी तथा दो क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों में तैनात हैं। उन्हें सतर्कता कार्यकलापों का कार्य सौंपा गया है। यह विभाग अन्य अभिकरणों यथा 'केन्द्रीय सतर्कता आयोग' (सीवीसी), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), 'उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय' और 'कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी)' के साथ निकट समन्वय में काम करता है। सतर्कता विभाग की गतिविधियाँ वार्षिक कार्य योजना के अनुसार चलाई जाती हैं, जिनका निर्धारण प्रतिवर्ष किया जाता है। इस विभाग के मूल कार्य सतर्कता के निवारक, संसूचक और दंडात्मक पहलुओं

purchased by various BIS labs and infrastructure is being developed for their installation.

Scanned Reports for ROs/BOs.

All reports for sample being tested by BIS labs are being uploaded on BIS server after scanning instead of hard copies to BIS Branch offices. This has led to saving of time, money and misuse of hard copy reports.

BIS Lab Recognition Scheme

BIS lab recognition scheme is operated to support operation of product certification scheme of BIS. The services of outside laboratories are availed whenever there is testing load, equipment out of order or test facility not available in BIS laboratories. At present, 125 laboratories have been recognized by BIS for different products.

Referral & Assaying Centre at Southern Regional Office Laboratory for Gold Jewellery

Southern Regional Office Laboratory has been developed as a referral laboratory for Hallmarked jewellery by equipping it with the necessary equipments.

VIGILANCE ACTIVITIES

Scope and Nature of Vigilance Activities in BIS

Vigilance Department of BIS is headed by the Chief Vigilance Officer and assisted by four Vigilance Officers and two Regional Vigilance Officers posted in the Western and Southern Region Offices of BIS. Vigilance Department is entrusted with the responsibility of managing all vigilance related activities. The department functions in close coordination with other agencies such as the Central Vigilance Commission (CVC); the Central Bureau of Investigations (CBI); the Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution; and the Department of Personnel & Training (DoPT). The activities of the Vigilance Department are organized in accordance with an Annual Action Plan, which is formulated every year. The key functions of the department revolve around the preventive, the

के गिर्द घूमते हैं। सतर्कता विभाग द्वारा किए जाने वाले निम्नलिखित कार्य हैं :

क) ब्यूरो के कर्मचारियों की वार्षिक संपत्ति विवरणियों और चल तथा अचल संपत्तियों में अंतिम लेन–देन की संवीक्षा/जाँच करना, जब और जैसे वे दाखिल करें।

ख) पदोन्नति, पासपोर्ट, विदेशों में कार्य करने पर विचार करने और बाहर के पदों के लिए भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों के आवेदन भेजने के लिए सतर्कता की अनुमति देना, जैसा विभाग/कर्मचारी द्वारा अनुरोध किया जाए।

ग) केन्द्रीय सतर्कता आयोग/सीबीआई/मंत्रालय के माध्यम से या तो प्रत्यक्ष रूप से सतर्कता विभाग में प्राप्त स्रोत सूचना और शिकायतों की जाँच करना और गहराई से जाँच–पड़ताल करना। जाँच–पड़ताल के आधार पर मिले परिणाम से यदि आवश्यकता हो तो शिकायत दर्ज करना या केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सलाह के आधार पर दोषी अधिकारी (अधिकारियों) के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई आरंभ करना।

घ) भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों को आचार नियमावली, सीसीएस (सीसीए) नियमावली और लागू होने वाले अन्य विभिन्न संबंधित नियमों/विनियमों तथा मेनुअलों के विभिन्न प्रावधानों के बारे में अवगत करना; और सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता कार्यशालाओं तथा संबंधित विषयों पर कार्यक्रमों के माध्यम से भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों में सतर्कता कार्य के महत्व के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना।

ड़) निवारणात्मक सतर्कता के भाग के रूप में ब्यूरो के विभिन्न कार्यकलापों के सतर्कता ऑडिट आयोजित करना और कमियों को दूर करने के लिए अंतरालों में सुधार लाने एवं स्व–निर्णय के कार्यक्षेत्र को हटाने के लिए व्यवस्थित सुधारों का सुझाव देना; और

च) यदि भ्रष्टाचार की कोई घटनाएँ हैं तो प्रत्यक्ष पुनर्निवेश प्राप्त करने के लिए भा मा ब्यूरो के लाइसेंसधारियों/आवेदकों, उपभोक्ता संगठनों और उद्योग संघों के साथ बैठकें आयोजित करना और व्यवस्थित सुधार तथा अधिक पारदर्शिता आरंभ करने के लिए सुझाव देना।

वर्ष 2007–2008 के दौरान, सतर्कता विभाग ने ब्यूरो की शाखाओं/क्षेत्रीय कार्यालयों के 5 निवारणात्मक सतर्कता ऑडिट किए। इन ऑडिटों के दौरान, विभिन्न पद्धतियों तथा प्रथाओं में अनेक त्रुटिपूर्ण क्षेत्रों को अभिचिन्हांकित किया गया तथा भारतीय मानक ब्यूरो में संबंधित गतिविधि प्रमुखों को सुधार के सुझाव दिए गए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न पदाधिकारियों के विरूद्ध प्रक्रियाविधियों के अनुपालन/अनियमितताओं के मामलों के संबंध में सतर्कता जाँच पड़ताल की गई।

detective, and the punitive aspects of vigilance. The work undertaken by the Vigilance Department is as follows:

a) Scrutinize Annual Property Returns and transactions in movable and immovable properties, as and when filed by the employees of the Bureau;

b) Process vigilance clearances for considering promotions, issuance of passport, foreign assignments and forwarding applications of BIS employees for outside posts as and when requested by the department/employee;

c) Examine source information and complaints received either directly or through the CVC/CBI/Ministry and conduct thorough investigations. On the basis of the outcome of the investigation, a decision is taken to either file the complaint or initiate disciplinary proceedings against the delinquent official on the basis of CVC's advice;

d) In order to apprise BIS employees about various provisions of the CCS (Conduct) Rules, the CCS (CCA) Rules and various other related Rules/ Regulations and Manuals in operation; and to increase awareness about the importance of vigilance activity among the BIS employees, the Vigilance Department conducts workshops and awareness programmes on relevant subjects;

e) Vigilance Department also conducts audits of various activities and functional areas of BIS as part of preventive vigilance and suggest systemic improvements to bridge gaps and remove scope for discretion; and

f) Vigilance Department organizes meetings with BIS licensees/applicants, consumer organizations and manufacturers' associations for gathering direct feed-back relating to instances of corruption, if any, and elicit suggestions for introducing systematic improvements and greater transparency.

During the year 2007-2008, Vigilance Department conducted 5 preventive vigilance audits at various Branch/ Regional Offices of the Bureau. During these audits, a number of grey areas in various systems and practices were identified and suggestions for improvement given to the concerned Activity Heads in BIS. Besides, vigilance investigations were undertaken on instances of irregularities / non-compliance of procedures against various officials.

इन ऑडिटों के दौरान लाइसेंसधारियों के कुल 28 औचक निरीक्षण किए गए। इन निरीक्षणों के परिणामस्वरूप मुहरांकन रोकने हेतु कहा गया। कुछ मामलों में मुहरांकन रोकने की अवधि के दौरान मानक मुहर का दुरूपयोग करना पाया गया, जिसके परिणामस्वरूप संबंधित शाखा कार्यालयों ने लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ की।

भारतीय मानक ब्यूरो में 12 से 16 नवम्बर 2007 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया, जिसके दौरान भारतीय मानक ब्यूरो के कर्मचारियों को भ्रष्टाचार से होने वाले नुकसान के प्रति संवेदनशील बनाने तथा साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो को एक आदर्श, भ्रष्टाचार मुक्त संगठन बनाने के लिए और उनमें जागरूकता पैदा करने के लिए ब्यूरो के सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों द्वारा देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस सप्ताह के दौरान मध्य क्षेत्रीय कार्यालय में प्रमाणन से संबंधित तथा एनसीआर में तैनात अधिकारियों के लिए भा मा ब्यूरो मुख्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। भा मा ब्यूरो मुख्यालय के कर्मचारियों के लिए " भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए पारदर्शिता की आवश्यकता" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी और सतर्कता मैनुअल (भा मा ब्यूरो), केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली और केन्द्रीय सिविल सेवा (सीसीए) नियमावली पर क्विज भी आयोजित की गई। भा मा ब्यूरो में सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह के आयोजन के एक भाग के रूप में अन्य क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में भी अलग से कार्यशालाएँ आयोजित की गई।

वर्ष 2007–08 के दौरान शिकायतों के विषय में सीधा फीडबैक प्राप्त करने तथा भा मा ब्यूरो प्रमाणन पद्धतियों को और अधिक उद्देश्यपूर्ण और पारदर्शी बनाने के लिए सुधार हेतु सुझाव प्राप्त करने के लिए भा मा ब्यूरो ने लाइसेंसधारियों/आवेदकों, उपभोक्ता संगठनों तथा उद्योग संघों के साथ तीन बैठकें आयोजित की गई।

A total of 28 surprise inspections of the licensees were also carried out during these audits and as a result of these inspections, a number of licences were put under stop marking. In some instances, misuse of the Standard Mark by the BIS licensees during the period of stop marking was also noticed and consequently, cancellation proceeding were initiated by the concerned Branch Offices.

Vigilance Awareness Week was observed in BIS during 12th to 16th November 2007 during which various programmes through out the country by all Regional/ Branch Offices of BIS were organized for sensitizing the employees against pitfall of corruption and increase awareness amongst them for turning BIS into a model and corruption-free organization. During the week, a workshop for officers of certification activity under the Central Region and posted in NCR was organized by the Vigilance Department at the BIS Headquarters. An 'essay competition' on the theme of "Need for Transparency to Curb Corruption" and a quiz on "Vigilance Manual (BIS), the CCS (Conduct) Rules and the CCS (CCA) Rules" were also organized for the BIS employees at Headquarter. Separate workshops were also organized at other Regional/Branch offices as part of the observance of Vigilance Awareness Week in BIS.

Three meetings with BIS licensees/applicants, consumer organizations, industry associations, etc, were also organized during 2007-08 to elicit direct feedback regarding grievances, if any, and suggestions for improvement in order to make the BIS systems more objective and transparent.

तकनीकी सूचना सेवाएँ

भा मा ब्यूरो उद्योग, आयातकों, व्यक्तियों तथा सरकारी एजेंसियों को उनकी पूछताछ के उत्तर में तकनीकी सूचना सेवाएँ उपलब्ध कराता है। इस प्रयास में इस अवधि के दौरान 600 से अधिक पूछताछों का उत्तर दिया गया।

डब्ल्यूटीओ/टीबीटी पूछताछ केन्द्र

भा मा ब्यूरो ने वाणिज्य मंत्रालय द्वारा डब्ल्यूटीओ/टीबीटी पूछताछ केन्द्र के रूप में पदनामित अपनी गतिविधियों का सुदृढ़ किया है। डब्ल्यूटीओ/टीबीटी करार के अंतर्गत राष्ट्रीय हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर वाणिज्य मंत्रालय और उद्योग के साथ घनिष्ठ सम्पर्क रखा गया है। विभिन्न देशों द्वारा जारी अधिसूचनाओं के बारे में सूचना डाउनलोड की गई, उन्हें पृथक् किया गया और देश के अन्दर बड़ी संख्या में स्टेकहोल्डरों को ये अधिसूचना वितरित की गई। स्टेकहोल्डरों

TECHNICAL INFORMATION SERVICES

BIS provided Technical Information Services to Industry, importers, exporters, individuals and government agencies in response to their enquiries. In this endeavour, more than 600 enquiries were responded during the period.

WTO/TBT Enquiry Point

BIS strengthened its activities as the WTO / TBT Enquiry Point, as designated by the Ministry of Commerce. Close interaction with Ministry of Commerce and Industry on various issues of national interest under WTO/TBT Agreement was maintained. The information with regard to the Notifications issued by various countries were downloaded, segregated and disseminated to a large

की सहायता के लिए विभिन्न देशों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाओं को भी भा मा ब्यूरो वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। वाणिज्य मंत्रालय के माध्यम से भा मा ब्यूरो की अनिवार्य प्रमाणन योजना के अंतर्गत लाए गए उत्पादों से सम्बद्ध अधिसूचनाएँ डब्ल्यूटीओ को अधिसूचित की गई।

मानक और अनुरूपता मूल्यांकन पद्धति, राष्ट्रीय और अन्य देशों, दोनों से सम्बद्ध समुचित पूछताछों का उत्तर भारत और विदेशों के रूचि रखने वाले सम्बद्ध व्यक्तियों को दिया गया।

सीई मुहरांकन सूचना केन्द्र

यूरोपियन संघ के देशों को उत्पादों का निर्यात सरल बनाने के लिए भा मा ब्यूरो में सूचना केन्द्र स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से सीई मुहरांकन, यूरोपीय संघ के कानून, निर्देशों और क्रियाविधियों पर सूचना भारतीय उद्योगों में वितरित की जाती हैं। सीई मुहरांकन पर वेब–पोर्टल विकसित किया गया है और निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए, संभावित निर्यातकों को सूचना देने के लिए भा मा ब्यूरो के मुख्य होम पेज पर लिंक के साथ इसे होस्ट किया गया है। यह सूचना केन्द्र उद्योग को सीई मुहरांकन पर अपेक्षित सूचना शीघ्र प्राप्त करने में सहायता करता है।

पहचान संख्या प्रायोजित करना

निम्नलिखित सेवाएँ प्रदान की गई :

जारीकर्ता पहचान संख्या (आईआईएन)

आईएसओ/आईईसी 7812–1 पहचान पत्र – जारीकर्ता की पहचान – भाग 1 : संख्यांकन की पद्धति अन्तर्राष्ट्रीय तथा/अथवा अन्तः – उद्योग विनिमय में प्रयुक्त पहचान पत्रों के जारीकर्ताओं की पहचान के लिए संख्यांकन प्रणाली निर्दिष्ट करती है। यह एक संख्या है जो मुख्य उद्योग तथा कार्ड जारी करने वाले की पहचान करती है जो मुख्य लेखा संख्या का पहला भाग है। भा मा ब्यूरो अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) को बैंकों/वित्तीय संगठनों के आवेदनों को प्रायोजित करने के माध्यम से आईएसओ 7812–1 के अनुरूप आईआईएन जारी करना सुविधाजनक बनाता है। इस अवधि में आठ जारीकर्ता पहचान संख्याएँ जारी की गई।

संस्थान पहचान कोड (आईआईसी)

आईएसओ 8583 के अनुसार आईएसओ के प्राधिकरण के अंतर्गत अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) द्वारा कार्ड से उत्पन्न वित्तीय लेन–देन के संदेशों में भाग लेने वाले वित्तीय संस्थानों को प्रदान की जाने वाली अनूठी संख्या आईआईसी है। यह अंतर्राष्ट्रीय मानक एक सामान्य इन्टरफेस निर्दिष्ट करता है जिसके द्वारा प्राप्तकर्ताओं और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच वित्तीय लेनदेन कार्ड से उत्पन्न संदेशों का परस्पर आदान–प्रदान किया जा सकता है। यह संदेश का ढाँचा, फॉर्मेट तथा विषय वस्तु, डाटा के घटक और डाटा घटकों के मूल्य निर्दिष्ट करता है।

पंजीकृत आवेदन प्रदाता आईडेन्टीफायर (आरआईडी)

आरआईडी एक हार्डवेयर इन्डेक्स कोड है जो पहचान कार्डों – एकीकृत परिपथ कार्डों में सम्पर्कों के साथ प्रयुक्त होते हैं। यह आईएसओ/आईईसी

number of stakeholders within the country. The notifications issued by various countries are also being uploaded on the BIS website to assist the stakeholders. The notifications related to the products being brought under mandatory certification of BIS were also notified to WTO through the Ministry of Commerce.

All reasonable queries pertaining to Standards and Conformity Assessment Systems, both national and of other countries, from concerned interests in India as well as overseas were replied.

CE Marking Information Centre

To facilitate Export of products to EU countries, an information centre has been established at BIS. Through this, information on CE Marking, EU legislation, directives and procedure are being disseminated to Indian industries. A web portal on CE marking has been developed and hosted with a link to the BIS main home page to provide information to potential exporter for facilitating export. The information centre helps the industry in getting required information on CE marking quickly.

Sponsorship of Identification Numbers

The following services were provided:

Issuer Identification Number (IIN)

ISO/IEC 7812-1 Identification Cards- Identification of issuers- Part 1: Numbering system specifies a numbering system for the identification of issuers of the identification cards used in international and/or inter-industry interchange. This is a number that identifies the major industry and the card issuer and that forms the first part of the primary account number. BIS facilitates the issue of IIN as per ISO 7812-1 by sponsoring applications of Banks/ Financial Organizations to the American Bankers' Association (ABA). Eight Issuer Identification numbers have been issued during the period.

Institution Identification Codes (IIC)

IIC is a unique number assigned to financial institutions participating in financial transaction card originated messages by American Bankers' Association (ABA) under the authorization of ISO in accordance with ISO 8583. This International Standard specifies a common interface by which financial transaction card originated messages may be interchanged between acquirers and card issuers. It specifies message structure, format and content, data elements and values for data elements.

Registered Application Provider Identifier (RID)

RID is a hardware index code used in identification cards – integrated circuit cards with contacts. It is allotted in

7816–5 आईडेन्टीफिकेशन कार्ड्स – इंटीग्रेटेड सर्किट काड्र्स – पार्ट 5 नम्बरिंग सिस्टम एंड रजिस्ट्रेशन प्रोसीजर फॉर आइडेन्टीफायर्स के अनुसार आईएसओ के प्राधिकार के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी, कोपेन हेगेन, डेनमार्क द्वारा आवंटित किया जाता है।

वर्ल्ड मैन्यूफैक्चरर आईडेन्टिफायर (डब्ल्यूएमआई)

सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स (एसएई), यूएसए के साथ समन्वय करते हुए भा मा ब्यूरो आईएसओ 3780 : 1983 'रोड व्हीकल्स – वर्ल्ड मैन्यूफैक्चरर आइडेन्टिफायर (कोड)' के अनुसार डब्ल्यूएमआई कोड भारत के ऑटोमोबाइल निर्माताओं और निर्यातकों को जारी करने का उत्तरदायित्व पूरा करता है। इस अवधि के दौरान डब्ल्यूएमआई कोड आबंटन के लिए तीन संख्याएँ आबंटित की गयीं।

तकनीकी स्पष्टीकरणों पर डीजीएफटी अधिसूचना संख्या 44 (आरई–2000)

डीजीएफ़टी ने अधिसूचना संख्या 44 (आरई–2000) दिनांक 24 नवम्बर 2000 ने भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने से पूर्व विभिन्न उत्पादों के लिए भा मा ब्यूरो प्रमाणन को अनिवार्य बना दिया है। इसके बाद दिनांक 19 जून, 2001 को एक नीतिगत परिपत्र संख्या 4 (आरई–2001) / 1997–2002 जारी किया गया जिसमें स्पष्टीकरण दिया गया कि कोई भी उत्पाद, जो अधिसूचना 44 के दायरे में शामिल है या नहीं, अभी तक भा मा ब्यूरो मानकों पर लागू, केवल भा मा ब्यूरो द्वारा जारी किया जाएगा, और इस प्रकार का स्पष्टीकरण सभी सम्बन्धितों पर बाध्यकार होगा। इन अधिसूचनाओं में संशोधन जारी होने के बाद इस समय इस अधिसूचना के दायरे में 68 उत्पाद आते हैं। भा मा ब्यूरो ने विभिन्न उत्पादों के लिए इस अवधि में 71 स्पष्टीकरण जारी किए।

पुस्तकालय सेवाएँ

वर्ष के दौरान सूचना सेवा केन्द्र (एमएससी) ने मुख्यालय और मुम्बई, कोलकाता, चण्डीगढ़ तथा चेन्नई स्थित अपने चार क्षेत्रीय कार्यालयों के अपने संग्रह में 1768 पुस्तकें, मानक जैसे प्रलेख, जो विदेशी मानक निकायों द्वारा जारी किए गए थे, के साथ–साथ मानकीकरण के कार्य में रत विभिन्न विद्वत संस्थाओं तथा विदेशी संघों द्वारा जारी किए गए प्रकाशन और मानक लिए गए।

सूचना प्रौद्योगिकी सेवा विभाग द्वारा रखे जाने वाला विश्व मानकों का यांत्रिकीकृत डाटाबेस, जिसे "मानक संदर्भिका" कहा जाता है, को अद्यतन करने के लिए मूलभूत सूचना की पूर्ति करना जारी रखा गया। यहाँ प्राप्त सभी मानकों को डाटाबेस के इनपुट के लिए कूटबद्ध किया गया जिसमें अब 3 लाख तथा 47640 अभिलेख शामिल हैं।

वर्तमान जागरूकता सेवाओं के भाग के रूप में पुस्तकालय सेवा केन्द्र पुस्तकालय में प्राप्त सभी पुस्तकों की मासिक सूची "एडशिन टू द लाइब्रेरी – बुकस एंड पैम्फलेट्स" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित करता है। यह बुलेटिन भा मा ब्यूरो के उपयोगकर्ताओं और पुस्तकालय के सदस्यों के लिए परिचालन हेतु है और इसमें यूनिवर्सल डेसिमल क्लासिफिकेशन (यूडीसी) से चुने गए 120 व्यापक विषय समूहों के अंतर्गत वर्तमान सूचना वर्गीकृत की जाती है।

accordance with ISO/IEC 7816-5 Identification Cards-Integrated Circuit Cards- Part 5 Numbering System and Registration Procedure for Application Identifiers, by the Registration Authority, Copenhagen, Denmark under the authorization of ISO.

World Manufacturer Identifier (WMI)

In coordination with the Society of Automotive Engineers (SAE), USA, BIS fulfills the responsibility of issuing the WMI Codes as per ISO 3780 : 1983 'Road Vehicles – World Manufacturer Identifier (Code)', to the automobile manufacturers and exporters in India. Three numbers were allotted for the allotment of WMI Code during the period.

Technical Clarifications on DGFT Notification No. 44 (RE-2000)

DGFT's Notification No. 44 (RE-2000)/1997-2002 dated 24 November 2000 made BIS certification mandatory for various products before they could enter into Indian market. Subsequently, a policy circular No. 4 (RE-2001)/ 1997-2002 dated 19 June 2001 was issued stating that clarification, whether a product is covered within the ambit of Notification 44 or not, so far applicable to BIS standards, would only be issued by BIS, and such a clarification issued by BIS shall be binding on all concerned. After issuance of amendments to these Notifications, at present, 68 products fall within the ambit of this Notification. BIS issued 71 clarifications during this period on different products.

Library Services

During the year, Library Services Centre (LSC), at the Headquarters and also at its four Regional Offices at Mumbai, Kolkata, Chandigarh & Chennai added to its collection, 1768 books, standards type documents issued by overseas standard bodies as well as publications and standards issued by various learned societies and foreign Associations engaged in the work of standardization.

The Library continued to supply basic information for updating the mechanized database of World Standards called "Manaksandarbhika" maintained by Information Technology Services Department. All the standards received here were codified as input for the database which now comprises above 3 lakhs and 47,640 records.

As part of its current awareness services, LSC publishes a monthly list of all the books received in the library, under the title "Addition to the Library-Books and Pamphlets". This bulletin is for circulation to in-house users and library members and presents information in classified form under 120 broad subjects groups selected from Universal Decimal Classification (UDC).

विभिन्न संवर्गों के अंतर्गत पुस्तकालय के वर्तमान सदस्यों के रूप में 1400 व्यक्ति और संगठन शामिल हैं। इनमें से 190 नए सदस्य इस वर्ष बने हैं। लगभग 19212 प्रकाशन/मानक व्यापार और उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ–साथ ब्यूरो के अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों द्वारा परामर्श हेतु देखे गए अथवा उन्हें जारी किए गए।

4019 आगन्तुकों को संदर्भ सेवाएँ प्रदान की गयीं जो 10 व्यापक विषय संदर्भ पुस्तिकाओं को तैयार करने और उनकी पसन्द की संदर्भ सामग्री को उपलब्ध कराने के माध्यम से की गयी। संदर्भ यूनिट ने संदर्भ सूचियाँ उपलब्ध कराने के माध्यम से मानक निर्धारण विभागों की पूरी तरह सहायता की। इसने भारतीय व्यापार और उद्योग को उनसे प्राप्त 2336 बड़ी और छोटी पूछताछों का उत्तर देकर उनकी सहायता भी की। पुस्तकालय सेवा केन्द्र ने आईएसओ द्वारा निर्दिष्ट इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन फॉर स्टैण्डर्डस (आईसीएस) के अनुसार मसौदा भारतीय मानकों को कोडीफाई करने की सेवा भी प्रदान की। वर्ष के दौरान 231 मसौदे मोडीफाई किए गए।

इस समय भा मा ब्यूरो अधिकारियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अद्यतन विकास से परिचित रखने के लिए 200 (लगभग) आवधिक पत्रिकाएँ प्राप्त हुई। पुस्तकालय के सदस्य भी उनका उपयोग कर रहे हैं।

पुस्तकालय सेवा केन्द्र ने क्षेत्रीय कार्यालय के पुस्तकालयों को भी पत्रिकाओं और अन्य तकनीकी पुस्तकों की आपूर्ति की।

प्रशिक्षण सेवाएँ

प्रशिक्षण संस्थान

भारतीय मानक ब्यूरो ने उद्योग, सरकार और सेवा क्षेत्रों की प्रशिक्षण सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्ष 1995 में राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान (एनआईटीएस) की स्थापना की। यह संस्थान मई 2003 से अपने नौएडा स्थित कैम्पस से कार्य करता है।

उद्योग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, एनआईटीएस ने 44 इन–हाउस कार्यक्रम, 35 ओपन कार्यक्रम और 9 लीड ऑडिटर के पाठ्यक्रम उद्योग के लिए आयोजित किए जिनसे 124.78 लाख का राजस्व अर्जित हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

- **प्रबन्ध पद्धति** : इस विषय पर चार सप्ताह की अवधि का चौथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सितम्बर, 2007 में आयोजित किया गया जिसमें विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की आर्थिक सहायता से आठ विकासशील देशों के 13 सहभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह इंडिया इंटरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। प्रमाण पत्रों का वितरण श्री वाई.एस. भावे, सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25 सितम्बर, 2007 को किया गया।

- **मानकीकरण तथा गुणता आश्वासन** : आठ सप्ताह की अवधि का चालीसवां अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उपर्युक्त विषय पर अक्टूबर–दिसम्बर 2007 के दौरान आयोजित किया गया जिसमें 18 देशों के 27 सहभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह एनआईटीएस

There are 1400 individuals and organizations as current members of the library in various categories. Out of this 190 new members have joined during this year. About 19212 publications/standards were consulted or issued to the representatives of trade and industry as well as officers and staff of the Bureau.

Reference services were provided to 4019 visitors by way of preparing 10 exhaustive subject bibliographies and making available, the reference materials of their choice. The reference unit fully supported the standards formulating departments by providing the bibliographies. It assisted the Indian Trade and Industry by answering 2336 long and short range queries as received from them. LSC also provided its service for codifying draft Indian Standards as per International Classification for Standards (ICS) as propounded by ISO. During the year 231 drafts were codified.

At present library received 200 (approx) periodicals to keep abreast of the latest developments in science and technology by officers BIS. Members of the library are also using them.

LSC supplied journals and other technical books to the Regional Offices libraries also.

TRAINING SERVICES

Training Institute

Bureau of Indian Standards has set up National Institute of Training for Standardization (NITS) in the year 1995 to meet the training needs of industry, Government and Service sector. The institute operates from its campus at NOIDA since May 2003.

Training Programmes for Industry

During the year, NITS organized 44 In-house programmes, 35 Open Programmes and 9 Lead Auditors Courses for the industry generating revenue of around Rs 124.78 lakhs.

International Training Programmes

- **Management Systems:** The 4th International Training Programme of four weeks duration on the above subject was organized in September 2007 which was attended by 13 participants from 8 developing countries with the financial support from Ministry of External Affairs, Government of India. Valedictory Function was organized at India International Centre, New Delhi. Certificates were distributed by by Shri Y.S. Bhave, Secretary, Department of Consumer Affairs, Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Government of India on 25 September 2007.

- **Standardization and Quality Assurance:** The 40th International Training Programme of 8-weeks duration on the above subject was organized during October - December 2007, which was attended by

में आयोजित किया गया जिसमें आईएसओ के महासचिव ने 4 दिसम्बर, 2007 को सहभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। श्रीमती अलका सिरोही, एएस, उपभोक्ता मामले विभाग तथा महानिदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस समारोह की शोभा बढ़ाई। 5 दिसम्बर, 2007 को सांस्कृतिक संध्या और विदाई के अवसर पर रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

- **सूचना, सुरक्षा प्रबन्ध पद्धति (आईएसएमएस) पर क्षेत्रीय कार्यशाला** : आईएसओ 27001 के अनुसार एनआईटीएस में 10–14 मार्च, 2008 के दौरान आईएसओ के निकाय सदस्यों की सहायता से आईएसएमएस पर क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। भा मा ब्यूरो के सहभागियों के अलावा इसमें सार्क देशों के 6 सहभागी भी शामिल थे।

पहली बार आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

निम्नलिखित नए विषयों पर पहली बार भा मा ब्यूरो के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित और आयोजित किए गए:

क) प्रौद्योगिकीय प्रक्रिया – सूक्ष्म जीव विज्ञान

ख) सूचना अधिकार अधिनियम

ग) आईएसओ/आईईसी गाइड 65

हिन्दी सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

भा मा ब्यूरो मुख्यालय के अधिकारियों तथा स्टाफ के लिए 11 जुलाई, 2007 को एनआईटीएस, नौएडा में एमएस वर्ड में हिन्दी सॉफ्टवेयर के उपयोग पर कार्यशाला आयोजित की गई।

उपभोक्ता कल्याण निधि के अंतर्गत कार्यक्रम

वर्ष के दौरान एनआईटीएस में राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों के लिए उपभोक्ता संरक्षण पर दो कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 24 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। अब तक एनआईटीएस ने 22 कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिनमें 423 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

इस वर्ष "उपभोक्ता क्लब के अध्यापकों के लिए उपभोक्ता प्रशिक्षण" विषय पर एक नया कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। ऐसे 5 कार्यक्रम आयोजित किए गए और 94 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया।

अन्य कार्यक्रम

एनआईटीएस भा मा ब्यूरो के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए भी कार्यक्रम आयोजित करता है। वर्ष के दौरान 14 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें अभी हाल ही में प्रोन्नत सहायक निदेशकों के लिए दो सप्ताह का इन्डक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल था। इसके अलावा प्रयोगशाला प्रबन्ध एवं आंतरिक ऑडिट, मापन अनिश्चितता इत्यादि पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न विषयों पर भा मा ब्यूरो के 450 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

27 participants from 18 countries. Valedictory Function was organized at NITS wherein ISO Secretary General distributed the certificates to the participants on 4th December 2007. The function was graced by Smt. Alka Sirohi, AS, Department of Consumer Affairs and DG, BIS. A cultural evening and farewell dinner was organized on 5th December 2007.

- **Regional Workshop on Information Security Management Systems (ISMS):** A Regional Workshop on ISMS as per ISO 27001 was organized at NITS with faculty support from ISO during 10-14 March 2008. Along with participants from BIS, there were six participants from SAARC countries.

Training Programmes Organized for the First Time

Training programmes on following new subjects were developed and organized for the first time for BIS officials:

a) Technological Process - Microbiology

b) Right to Information Act

c) ISO/IEC Guide 65

Training Programme on Hindi Software

A Workshop on use of Hindi Software in MS Word was organized for officers and staff of BIS HQs on 11 July 2007 at NITS, Noida.

Programmes under Consumer Welfare Fund

During the year, NITS has conducted 2 programmes on Consumer Protection for State and District Level Officers in which 24 officials have been trained. So far NITS has conducted 22 programmes training 423 officials.

This year a new programme on "Consumer Protection for Teachers of Consumer Club" has started. 5 such programmes have been conducted and 94 teachers have been trained.

Other Programmes

Training programmes are also organized for BIS officials. During the year 14 programmes, which included 2 weeks Induction Training Programme for Assistant Directors promoted recently besides Laboratory Management and Internal Audit, Measurement Uncertainty etc. More than 450 BIS employees have been provided the training on different subjects.

उपभोक्ता संबंधित गतिविधियाँ

उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

भारतीय मानकों का कार्यान्वयन अत्यन्त महत्वपूर्ण है और भारतीय मानक ब्यूरो का प्रमुख उद्देश्य है। मानक संवर्धन तथा उपभोक्ता मामले विभाग मानकीकरण की अवधारणा, प्रमाणन तथा गुणता का उपभोक्ताओं में प्रचार करके इस दिशा में योगदान दे रहा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए मानक संवर्धन तथा उपभोक्ता मामले विभाग विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखा कार्यालयों के माध्यम से नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कई बार ये जागरूकता कार्यक्रम उपभोक्ता संगठनों के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं। वर्ष के दौरान 125 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जन शिकायत

भा मा ब्यूरो प्रमाणित उत्पादों के बारे में उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जाती है और सुनवाई के लिए प्रतिमाह उनकी मॉनिटरी की जाती है। वर्ष के दौरान 50 शिकायतें पंजीकृत की गईं और 63 शिकायतों की सुनवाई व निपटान किया गया। यह प्रयास किया जा रहा है कि नियत समय अवधि में भा मा ब्यूरो जन शिकायत निपटान व्यवस्था के भाग के रूप में शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुसार शिकायतों के निपटान के प्रयास किए जाएँ।

क्षेत्रीय भाषाओं में लेख/राइटअप

उपभोक्ताओं के फायदे के लिए भा मा ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में मुख्य रूप से क्षेत्रीय भाषाओं के स्थानीय ख्याति प्राप्त लेखकों द्वारा लिखे लेख/राइट अप स्थानीय समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं उपभोक्ता संगठनों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं/बुलेटिनों/न्यूज लैटरों में प्रकाशित किए गए।

उपभोक्ताओं के लाभ के लिए प्रकाशित विवरणिकाएँ

भा मा ब्यूरो ने उपभोक्ता हितों से सम्बद्ध विषयों पर कई विवरणिकाएँ प्रकाशित की हैं। इनमें से कुछ सम्बद्ध क्षेत्रीय कार्यालय/शाखा कार्यालय द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रकाशित की गई है।

सिटीजन चार्टर

वर्तमान सिटीजन चार्टर को आईएस 15700 गुणता प्रबन्ध पद्धति सार्वजनिक सेवा संगठनों द्वारा सेवा की गुणता की अपेक्षाएँ के अनुरूप बनाने के लिए पुनरीक्षित किया गया है। पुनरीक्षित सिटीजन चार्टर को कार्यकारी समूह द्वारा अन्तिम रूप दिया गया है जिसमें शीर्ष प्रबन्धन, मध्यम स्तरीय प्रबन्धन, स्टाफ एसोसिएशन/संघ, उपभोक्ता तथा अन्य स्टेकहोल्डरों के प्रतिनिधि शामिल हैं। दल के सदस्यों का चयन पारदर्शी पद्धति से किया गया है और इसके विवरण सभी को उपलब्ध है।

पुनरीक्षित चार्टर के प्रकाशन के साथ भा मा ब्यूरो अपनी सेवा और सेवा डिलीवरी की प्रक्रिया में निरन्तर सुधार के लक्ष्य के साथ पारदर्शी, उत्तरदायित्व पूर्ण और दक्ष सेवा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसे भा मा ब्यूरो की वेबसाइट पर होस्ट किया गया है।

CONSUMER RELATED ACTIVITIES

Consumer Awareness Programmes

Implementation of Indian Standards is of great significance and has been a prime objective of the Bureau of Indian Standards. SP&CAD is contributing in this direction by promoting the concept of standardization, certification and quality amongst the consumers. For accomplishing this motive SP&CAD is organizing regular Awareness Programmes through various ROs/BOs. These Awareness Programmes are sometimes conducted in association with Consumer Organizations. During the year, 125 programmes have been conducted.

Public Grievances

Complaints regarding BIS certified products received from consumers are being reviewed and monitored every month for redress. 50 complaints were registered and 63 complaints were redressed during the year. Efforts are made to redress the grievances to the satisfaction of the complainant received as part of BIS Public Grievance Redress mechanism within the stipulated time frame.

Articles / Write Up in Regional Languages

Articles / Write ups about BIS activities for the benefit of Consumers by local prominent writers preferably in regional languages have been published in local Newspapers and Magazines / Journals / Bulletins / News Letters published by Consumer Organizations.

Brochures Published for the Benefit of Consumers

BIS has published a number of brochures on the subjects of consumers' interest. Some of them have been published in regional languages also by concerned RO/BO.

Citizen Charter

The existing Citizen Charter has been revised to bring in line with IS 15700 – Quality Management Systems – Requirements for Service Quality by Public Service Organizations. The revised Citizen Charter has been finalized by the Working Group consisting of representatives from top management, middle management, staff association / unions, customers and other stakeholders. Selection of the team members has been done in a transparent manner, the details of which are accessible to all.

With the publication of this revised Charter, BIS is endeavouring to provide transparent, accountable and efficient service and aim to continually improve the service and service delivery process. This has been hosted on the BIS website.

अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन और अंतर्राष्ट्रीय वैद्युत तकनीकी आयोग की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के माध्यम से ब्यूरो ने अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण के क्षेत्र में अपनी गतिविधियाँ जारी रखी। ब्यूरो ने अन्य देशों के साथ क्षेत्रीय और द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्र में भी अपनी गतिविधियाँ जारी रखी। इनमें से कुछ गतिविधियों के विवरण पर नीचे प्रकाश डाला जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो ने मानकीकरण और अनुरूपता के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र के स्तर पर सक्रिय सहभागिता जारी रखी। भा मा ब्यूरो ने आईएसओ और आईईसी की विभिन्न बैठकों में भाग लेना और क्षेत्रीय और द्विपक्षीय, दोनों स्तरों पर सहयोग करना जारी रखा।

अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन

भा मा ब्यूरो ने आईएसओ समितियों / उप समितियों में भाग लिया जिनमें भारत 'पी' अर्थात् पार्टिसिपेटिंग मैम्बर है और जहाँ भारत के पास सचिवालय है, वहाँ सौंपे हुए दायित्वों को निभाना जारी रखा।

आईएसओ / टैक्निकल कमेटी (टीसी) / सब कमेटी (एससी) के कार्य में सहभागिता के सन्दर्भ में भा मा ब्यूरो ने डाटाबेस के प्रबन्धन के लिए आईएसओ ग्लोबल डायरेक्टरी का सफलतापूर्वक उपयोग किया है।

जेनेवा, स्विटजरलैण्ड में आईएसओ जनरल एसेम्बली मीटिंग – श्री वाई. एस. भावे, सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य, सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के नेतृत्व में विकासशील देशों के लिए आईएसओ कमेटी (डेवको) की 41वीं बैठक में भाग लिया और 17 से 21 सितम्बर, 2007 को जेनेवा, स्विटजरलैण्ड में आईएसओ जनरल एसेम्बली की 30वीं बैठक में भाग लिया। भा मा ब्यूरो में आईएसओ काउंसिल के चुनावों में भाग लिया ओर 2008–2009 की अवधि के लिए आईएसओ काउंसिल में चुना गया।

आईएसओ के सैक्रेटरी जनरल श्री एलेन ब्रिडेन ने 4–7 दिसम्बर, 2007 के दौरान भा मा ब्यूरो का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने नौएडा स्थिति मानकीकरण में राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान (एनआईटीएस) में विकासशील देशों के अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षणार्थियों को मानकीकरण पर सम्बोधित किया। दिल्ली में अपने ठहरने

INTERNATIONAL ACTIVITIES

The Bureau continued its activities in the field of International Standardization by way of active participation in the various activities of the International Organization for Standardization and International Electro Technical Commission. The Bureau also continued its activities in the field of regional and bilateral cooperation with other countries. The details of some of the activities are highlighted below:

International Activities

BIS continued its active participation at the International level in the field of Standardization and Conformity. BIS participated in various meetings of ISO and IEC and continued cooperation at both regional and bilateral level.

International Organization for Standardization

BIS participated in ISO Committees/ Subcommittees where India is a 'P' that is participating member and continued with the designated responsibilities, wherever India holds the secretariat.

BIS has been successfully utilizing the ISO Global Directory for managing the database with regard to participation in ISO/Technical Committee(TC)/Sub Committee (SC) work.

